वर्ष- 13 अंक - 218
लखनऊ, शनिवार 11 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नवनिर्मित थाने में अनियमितताओं का बोलबाला 10
विदेश में पढ़ने वाले को भारतीय भाषा से क्या मतलब : ब्रजेश 03

# उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी

## प्रदेश में कुल 13.39 करोड़ मतदाता, 84 लाख मतदाताओं की हुई वृद्धि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। इसमें 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें प्रदेश में पुरुष मतदाता 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 और महिला मतदाता 6 करोड़, नौ लाख, 9525 है। एसआईआर में विभिन्न कारणों से 8 लाख 15 हजार 996 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। इनमें नोटिस देने के बावजूद सही जवाब न मिलने के कारण काटे गये 3 लाख 50 हजार 436 मतदाताओं के भी नाम शामिल हैं।



**एसआईआर में विभिन्न कारणों से 8 लाख 15 हजार 996 मतदाताओं के नाम काटे गये**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। जारी मतदाता सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। इसमें 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें प्रदेश में पुरुष मतदाता 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 और महिला मतदाता 6 करोड़, नौ लाख, 9525 है। तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। इसमें मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वे मतदाता अभी भी फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया ने बताया कि एसआईआर में भाजपा,समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बसपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश व जिला स्तर पर बैठकें हुई हैं और उनमें आयी शिकायतें व ज्ञापनों की सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया, इतना ही नहीं इन दलों ने अपने अपने कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल एजेंट के रूप में नियुक्त किया था, इन्होंने बूथ स्तर पर एसआईआर से जुड़े कार्यों को लेकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### लखनऊ समेत पांच जिलों में मतदाताओं की हुई सर्वाधिक वृद्धि

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आज जारी की गयी अंतिम मतदाता सूची में प्रदेश के पांच जिलों में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। इनमें प्रयागराज टॉप पर है। प्रयागराज में 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाता बढ़े हैं। इसके अलावा प्रदेश के जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदाता वृद्धि दर्ज की गयी है। उनमें साहिबाद में 82 हजार,जौनपुर में 56 हजार 158 ,लखनऊ पश्चिम में 54 हजार 822,फिरोजाबाद में 47 हजार 557 मतदाता बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। इसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर सभी प्रकार के दावे व आपत्तियां आंमत्रित की गयी थी, इनमें 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फॉर्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा था। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।

## श्रीराम जन्मभूमि परकोटा के सभी मंदिरों में 13 अप्रैल से होंगे सामान्य दर्शन



**आनलाइन बुकिंग शुरू**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में आगामी 13 अप्रैल सोमवार से परकोटा के सभी मंदिर, शेषावतार मंदिर, सप्त मंदिर, कुबेर टीला का दर्शन शुरू हो जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए सामान्य दर्शन पास की आज से ऑनलाइन बुकिंग कर दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मंदिर व्यवस्था में लगे गोपाल राव ने शुक्रवार को बताया कि सुगम दर्शन, विशिष्ट दर्शन, सामान्य दर्शन पास धारक (तथा संभव हो तो वील चेयर) श्रद्धालुओं को अवसर मिलेगा। अभी प्रारंभ में प्रति दो घंटे के स्लाट में अधिकतम 1500 श्रद्धालुजन इस दर्शन कर सकते हैं। सामान्य दर्शन पास का आनलाइन बुकिंग आज से शुरू हो गई है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद करे ईरान : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क लेना बंद करने को कहा। राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे ऐसा कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत बंद कर देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आवाजाही की अनुमति देकर बहुत ही खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अपमानजनक कहेंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, यह हमारे समझौते के अनुरूप नहीं है। उन्होंने शुल्क का विवरण नहीं दिया। वॉल स्ट्रीट जर्नल पर जमकर हमला बोलते हुए ट्रंप ने इसे दुनिया के सबसे खराब और सबसे गलत संपादकीय बोर्डों में से एकष् बताया, क्योंकि



जर्नल ने कहा था कि ट्रंप ने ईरान में समय से पहले जीत की घोषणा कर दी है। उन्होंने आगे कहा, दरअसल, यह एक जीत है, और इसमें समय से पहले की कोई बात नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उन्हीं की वजह से ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगाष। उन्होंने कहा, बहुत जल्द आप देखेंगे कि तेल का प्रवाह शुरू हो जाएगा, चाहे ईरान की मदद से हो या उसके बिना, और मेरे लिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रंप ने कहा कि वॉल स्ट्रीट जर्नल हमेशा की तरह अपनी कही बात को वापस लेने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि वे आलोचना करने में तो हमेशा तत्पर रहते हैं, लेकिन अपनी गलती मानने से कभी कतराते नहीं, जो कि ज्यादातर समय होता है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,500/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,410/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

**रेगिस्तान में दिखी 'ब्रह्मास्त्र' की ताकत, अपाचे ने किया अपनी घातक क्षमता का प्रदर्शन**

**जोधपुर।** भारतीय सेना ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में अपने अत्याधुनिक अटैक हेलीकॉप्टरों के साथ युद्धाभ्यास का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 'ब्रह्मास्त्र युद्धाभ्यास' के तहत आयोजित किया गया, जहां आसमान से बरसती फायरपावर ने सेना की तकनीकी श्रेष्ठता और मारक क्षमता को जीवंत रूप से सामने रखा। इसमें अमेरिका की सबसे एडवांस्ड हेलफायर मिसाइलों के धमाके भी हुए। दावा है कि इन्हीं मिसाइलों का पिछले साल ईरान पर हमले में इस्तेमाल किया गया था। हेलफायर के अलावा राजस्थान के आसमान से अपाचे हेलिकॉप्टर ने भी अचूक निशान लगाए। कमांड सेंटर से दुश्मनों के ड्रोन्स को भी ब्लास्ट किया गया।

**महिला आरक्षण से जुड़े विषय पर देशव्यापी अभियान चलाएगी भाजपा**

**नई दिल्ली।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) से जुड़े विषयों पर भाजपा देशव्यापी अभियान शुरू करेगी। इस संबंध में शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय विस्तार भवन में कई बैठकें की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक उच्च स्तरीय संगठनात्मक बैठक की, जिसमें महिला आरक्षण से संबंधित राष्ट्रव्यापी अभियानों की रूप-रेखा और आगामी सांगठनिक रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। इसमें भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, देशभर के प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान महिला आरक्षण के मुद्दे पर देशभर में भाजपा के कार्यक्रमों के आयोजन की रूप-रेखा तैयार करने के लिए नेताओं को निर्देश भी दिए गए ताकि अधिनियम के बारे में सभी लोगों को जानकारी मिले।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा**

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के बाद वह महाभियोग की कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। नौ अप्रैल को राष्ट्रपति को भेजे गए त्यागपत्र में उन्होंने कहा, राष्ट्रपति महोदया, मैं आपके सम्मानित कार्यालय पर उन कारणों का बोझ नहीं डालना चाहता जिनके चलते मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है, लेकिन अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं।

# स्वस्थ समाज से ही बनेगा सशक्त भारत : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ नागरिक और स्वस्थ समाज बनकर हम विकसित भारत की परिकल्पना साकार कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि बीमारू नागरिक, समाज और देश, सशक्त नहीं हो सकता। दिल की बीमारी गंभीर है। हार्ट जब ब्लॉक होता है तो दूसरे लोक की यात्रा शुरू हो जाती है। इसलिए दिल के साथ पूरे शरीर को स्वस्थ रखना है। इसमें डॉक्टरों की भूमिका काफी अहम है। सरकार तो अपने स्तर पर काम कर ही रही है। लेकिन एक आम नागरिक के बारे में सोचकर अपनी भूमिका के निर्वहन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का हम आह्वान करते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ



**हर व्यक्ति को अच्छी और सस्ती दवाएं मिलें व इलाज सस्ता व आसान बनें यह हमारी कोशिश**

इंडिया द्वारा आयोजित एनआईसी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क और फार्मा पार्क का काम तेजी के साथ चल रहा है। हमारी कोशिश ये है कि हर व्यक्ति को अच्छी और सस्ती दवाएं मिलें। इलाज सस्ता और आसान बने। लेकिन इसी के साथ सीएम ने आम नागरिकों से अपने लाइफस्टाइल में बदलाव की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिनचर्या के लिए बड़े जागरुकता अभियान चलाए बिना दिल की बीमारी को महामारी में बदलने से नहीं रोका जा सकता। आखिर कितना उपचार करेंगे। प्राइवेट अस्पतालों तो ये संभव है। लेकिन सरकारी अस्पतालों की भीड़ देखिए।

केजीएमयू की ओपीडी में रोजाना 12 से 14 हजार मरीज आते हैं। इसी तरह एम्स दिल्ली में लगभग 16 हजार। इतनी भारी भीड़ को आखिर डॉक्टर कितना वक्त दे पाते होंगे। इसलिए जरूरी है कि हम स्वस्थ दिनचर्या को फॉलो करें। व्यायाम करें। मोबाइल स्क्रीन टाइम कम करें। ये सबसे बड़ी बीमारी के रूप में सामने आ रहा है। आज लोग औसतम 4 से 6 घंटा मोबाइल को देते हैं। देर रात तक जागना और फिर सुबह में देर से उठना। ये सब शरीर को बीमारी की तरफ ले जाता है।

### सीएम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों पर जताई चिंता

सीएम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों पर भी चिंता जताने के साथ सख्ती का संदेश दिया है। एक जनपद का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने वहां एक प्रतिष्ठान पर छापा डलवाया। वो प्रतिष्ठान रोजाना सैकड़ों कुंतल खोया और पनीर उपलब्ध कराने की क्षमता रखता था। तब, जब उसके पास कोई डेयरी नहीं थी। आखिर जांच में बड़ी मिलावट पकड़ी गई। हालात ये हैं कि आप जो खाद्य पदार्थ इस्तेमाल कर रहे हैं-उसमें कितनी मिलावट है, आप भी नहीं जानते होंगे। तो हम सबका सामूहिक प्रयास ये होना चाहिए कि हम समाज के बारे में सोचें। अच्छा और स्वस्थ समाज बनाएं। बीमारियों से बचें। डॉक्टर इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अपने स्तर पर लोगों को दिनचर्या बदलने के लिए प्रेरित करें।

# वृंदावन में लुधियान के श्रद्धालुओं की नाव यमुना में पलटी, 10 श्रद्धालुओं की मौत

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**

लुधियाना पंजाब से वृंदावन आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को बचा लिया है। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस हादसे पर उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है।

बताया गया कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से वृंदावन आया था। शुक्रवार लगभग तीन बजे यह लोग नाव में बैठकर यमुना नदी में सैर कर रहे थे। तभी केसी घाट पर इन्हीं श्रद्धालुओं की एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव



अभियान चलाया। पुलिस और गोताखोरों ने नदी में डूबे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया।

नाव पनटने की सूचना मिलते ही दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे की खबर पर डीएम, एसएसपी और डीआईजी ने मौके पर जायजा लिया और गंभीर लोगों को अस्पताल पहुंचाया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

मथुरा डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने वृंदावन नाव हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि कते हुए बताया कि पांटून पुल से टकराने के कारण नाव के पलटने की सूचना है। इस मामले में नाव में सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी ली जा रही है। इसके लिए नाव में सवार लोगों से बातचीत की जा रही है। 25 से 27 लोगों के नाव में सवार होने की बात कही जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत कार्य जारी है। एनडीआरएफ और सेना को भी बुलाया गया है। अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। सभी का मुफ्त में इलाज कराया जायेगा। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह नाव पर ओवरलोड बताया। उन्होंने कहा कि नाव पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। अब तक 10 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में नया नियम लागू बीआईपी के साथ नहीं जाएंगे प्राइवेट गार्ड

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**

वृन्दावन स्थित ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले विशिष्टजन (वीआईपी) अब अपने साथ निजी सुरक्षाकर्मियों को मंदिर के भीतर नहीं ले जा सकेंगे। यह निर्णय उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में लिया गया। उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति जल्द ही इस संबंध में दिशा-निर्देश लागू करेगी।

विगत दिनों मध्य प्रदेश के एक विशिष्टजन के साथ आए निजी सुरक्षाकर्मी द्वारा जूते पहनकर मंदिर में



प्रवेश करने और वहां तैनात सुरक्षार्मियों की ओर से बाहर जाने की सलाह दिए जाने के बाद भी आसानी से उसका पालन न करने पर हंगामा हुआ था। विशिष्टजन के साथ आए सुरक्षाकर्मी की हरकत का मंदिर के सेवायतों और भक्तों ने कड़ा विरोध किया था।

## नीतीश कुमार, हरिवंश ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने संसद भवन में उनको शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सदन के नेता और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।




69 वर्षीय हरिवंश का पिछला कार्यकाल 09 अप्रैल को पूरा होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज उनको मनोनीत किया। उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल पूरा होने के बाद एक सीट रिक्त हो गयी थी।

राज्यसभा में कुल 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करते हैं। इन सदस्यों को कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चुना जाता है।

## पहले चरण में अब तक 5.72 लाख से ज्यादा परिवारों ने की स्व-गणना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के महापंजीयक (आरजीआई) ने शुक्रवार को कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण के दौरान अब तक 5.72 लाख से अधिक परिवारों ने स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाया है। महापंजीयक ने कहा कि यह जनगणना की डिजिटल पहल में बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। इसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑनलाइन अपनी जानकारी प्रदान करने का विकल्प चुनकर इन परिवारों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक तेज, स्मार्ट और अधिक सुविधाजनक तरीका अपनाया है। स्व-गणना की सुविधा उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिकों के लिए उपलब्ध है जहां 16 अप्रैल से भौतिक मकान सूचीकरण और मकान की गणना (एचएलओ) शुरू होगी। राष्ट्रीय राजधानी के नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों सहित आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक अप्रैल को जनगणना 2027 की शुरुआत हुई, जिसमें 15 दिनों की स्व-गणना अवधि रखी गई है जो इस विशाल अभ्यास के इतिहास में पहली बार हो रहा है। स्व-गणना को लेकर विशेष रूप से विकसित पोर्टल खोला गया है, जहां नागरिक सूचीबद्ध प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।

## तेलंगाना माओवादी सशस्त्र गतिविधियों से मुक्त घोषित, 42 कैडरों ने एक साथ डीजीपी के सामने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, हैदराबाद।**

तेलंगाना को माओवादी सशस्त्र गतिविधियों से पूरी तरह मुक्त घोषित हो गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी. शिवाधर रेड्डी ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आज सीपीआई (माओवादी) से जुड़े शीर्ष कमांडर और 42 हथियारबंद नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

शीर्ष माओवादी नेता सोडी मल्ला उर्फ केशल उर्फ निखिल ने अपने दस्ते के साथ पुलिस के सामने हथियार डाल दिए। इस दस्ते में शामिल 42 कैडरों के आत्मसमर्पण के साथ ही पुलिस ने राज्य में माओवादी संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह खत्म होने की घोषणा कर दी।

शुक्रवार को पुलिस महानिदेशकबी. शिवाधर रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना स्टेट



कमेटी (टीएससी) को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया गया है और राज्य में नक्सलवाद का सशस्त्र स्वरूप पूरी तरह समाप्त हो गया है। डीजीपी ने बताया कि मुप्पला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, जो 2007 से सक्रिय गतिविधियों से दूर है, को छोड़कर तेलंगाना से जुड़े प्रमुख माओवादी चेहरों का लगभग अंत हो चुका है। उन्होंने तेलंगाना सरकार और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से शेष पांच कैडरों- मुप्पला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति (सीसीएम), पासनुरी नरहरी उर्फ संतोष (सीसीएम), जाडे रत्ना बाई उर्फ सुजाता (एससीएम), वार्था शेखर उर्फ मंगथु (एससीएम)और रंगाबोइना भाग्य उर्फ रूपी (एसीएम) से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। पुलिस ने इसे राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि इससे तेलंगाना में शांति, सुरक्षा और विकास को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब तेलंगाना से जुड़े केवल पांच सक्रिय भूमिगत माओवादी कैडर देश के अन्य राज्यों, विशेषकर छत्तीसगढ़ में सक्रिय हैं।

**कार्रवाई** | **आईएसआई-बीकेआई मॉड्यूल का भंडाफोड़**

# जासूसी और आतंकी साजिश नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय आतंकी, हथियार तस्करी और जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मॉड्यूल का सीधा संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से बताया जा रहा है।

दो अलग-अलग ऑपरेशन में कुल 11 आरोपितों को दिल्ली और पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया। जांच में पता चला है कि आरोपित पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारों पर काम कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा थीं और समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि स्पेशल सेल की उत्तरी रेंज और दक्षिण-पश्चिम रेंज की टीमों ने यह संयुक्त कार्रवाई की। पहले ऑपरेशन में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें तीन पंजाब और तीन दिल्ली के रहने वाले हैं। दूसरे ऑपरेशन में पांच आरोपितों



को पंजाब से दबोचा गया। इन कार्रवाइयों में कई पुलिस टीमों ने तकनीकी निगरानी और खुफिया इनपुट के आधार पर एक साथ छापेमारी की। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपितों ने देश के कई संवेदनशील सैन्य और सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास नौ सोलर पावर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे। ये कैमरे कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला, मोगा, अंबाला, कठुआ, बीकानेर और अलवर जैसे अहम स्थानों पर स्थापित थे। इन कैमरों की लाइव फीड सिम कार्ड के जरिए मोबाइल ऐप से पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजी जा रही थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

स्पेशल सेल ने आरोपितों के कब्जे से तीन विदेशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और 24 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा नौ सीसीटीवी कैमरे, नौ सिम कार्ड, 24 मोबाइल फोन, दो चारपहिया वाहन और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। ये वाहन हथियारों की ढुलाई और संवेदनशील स्थानों की रेकी में इस्तेमाल किए जा रहे थे।

अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

# गोंडा में 22.15 लाख मतदाता दर्ज

- निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन, एक सप्ताह तक मुफ्त निरीक्षण की सुविधा
- दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद मतदाता सूची अपडेट, वेबसाइट पर भी उपलब्ध
- सातों विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट जारी, प्रशासन ने सत्यापन की अपील की

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार



जनपद गोंडा की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पूर्ण कर शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। यह प्रक्रिया 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए संपन्न की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जनपद की सभी सात विधानसभा सीटों–295 मेहनौन, 296 गोण्डा, 297 कटरा बाजार, 298 करनैलगंज, 299 तरबगंज, 300 मनकापुर (अजा) एवं 301 गौरा–में 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया है।

अंतिम प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 22,15,630 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 12,13,713 पुरुष, 10,01,868 महिला एवं 49 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया। प्रशासन ने बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली संबंधित तहसील कार्यालयों, जिला निर्वाचन कार्यालय तथा अन्य पदाभिहित स्थलों पर एक सप्ताह तक आम नागरिकों के निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची को जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है, जहां नागरिक ऑनलाइन भी इसे देख सकते हैं। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों का सत्यापन कर लें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# घर-घर जाकर नरेगा मजदूरों का फेस कैप्चर करके हो जाती है मस्टर रोल की हाजिरी

- विकासखंड मुजेहना में आई भ्रष्टाचार की आंधी, मुख्य विकास अधिकारी से लेकर खंड विकास अधिकारी तक फोन उठाने से कर रहे परहेज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन भले ही जीरो टॉलरेंस की नीति का दम भरते हों,लेकिन केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र मुजेहना ब्लॉक के ग्राम पंचायत धर्मेई, परसिया पंडित, छजवा, दुर्जनपुर, ढुड़ाव,और पूरे सिधारी गाँव में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।यहाँ डिजिट ल इंडिया का एक ऐसा काला कारनामा सामने आया है,जहाँ मजदूर साइड पर पसीना बहा ने के बजाय मोबाइल की स्क्रीन में कैद होकर अपनी हाजिरी दर्ज करा रहे हैं।यही नहीं ब्लॉक में बै ठे जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार की जानकारी हो ने के बाद भी कुंभकर्णी के नींद में सोए हुए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार, धर्मेई, परसिया पंडित, छजवा, दुर्जनपुर, ढुड़ाव, और पूरे सिधारी में सचिव और रोजगार सेवक की जुगलबंदी ने भ्रष्टाचार का नया टेक्निकल मॉडल तैयार किया है। मजदूरों को कार्यस्थल पर मौजूद रहकर फेस-कैप्चर (Face Capture) के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी होती है,लेकिन यहाँ खेल ही निराला है।काम महीनो पहले से बंद हो गया है और उसे साइड का पेमेंट भी हो गया फिर उसी साइड का मस्टर रोल में मजदूरों का नाम दर्ज किया जा रहा है और उनकी हाजिरी लगाई जा रही है, परसिया पंडित में 70 मजदूरों की हाजिरी कथित तौर पर घर बैठे ही हाजिरी लगाई जा रही है। जिओ–टैग (Geo-tag) फोटो में भी इस जालसाजी के निशान साफ देखे जा सकते हैं।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आए पत्रकार की झुलस कर मौत

- लापरवाही में बिजली विभाग के अधिकारियों पर लिखा गया मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के शहर से सटे एक छोटे से गांव में लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। सालों से खतरे की घंटी बनकर झूल रहा हाईटेंशन तार आखिरकार मौत बनकर टूट पड़ा।35 वर्षीय पत्रकार रंजीत तिवारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गोंडा के नगर कोतवाली क्षेत्र के पोर्टरगंज पथवलिया गांव में शुक्रवार की सुबह एक ऐसा हादसा हुआ,जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। 35 वर्षीय रंजीत तिवारी,जो पेशे से पत्रकार थे। अपने ही घर के सामने एक लंबे समय से मंडरा रहे खतरे का शिकार हो गए।रंजीत के घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन कई सालों से परेशानी का कारण बनी हुई थी।परिवार का कह ना है कि यह सिर्फ एक तार नहीं, बल्कि हर दिन सिर पर लटकती मौत थी।रंजीत ने करीब एक दशक तक बिजली विभाग के चक्कर लगाए।आवेदन दिए,अधिकारियों से मिले,लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ तारीख पर तारीख ही मिला।

**पड़ोसियों को आगाह करते समय अचानक टूट कर गिरा तार मौके पर ही दर्दनाक मौतः-** शुक्रवार की सुबह हालात और बिगड़ गए थे। तार घर की छत के बेहद करीब आ चुका था।रंजीत ने पड़ोसियों को भी आगाह किया कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था



मृतक की फाइल फोटो

कि यह चेतावनी कुछ ही पलों में हकीकत बन जाएगी।अचानक तेज आवाज के साथ हाईटें शन तार टूटकर सीधे रंजीत पर गिर गया।करंट इतना जबरदस्त था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई,यह मंजर देखकर आसपास के लोग सन्न रह गए वही घटना की सूचना मिलते ही जिला जज दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।मृतक के भाई अमरजीत की तहरीर पर पुलिस ने अवर अभियंता, अधिशासी अभियंता और मुख्य अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम गठित कर मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## खबरें एक नजर में

### पुष्पा गैस एजेंसी की मनमानी, उपभोक्ता के बजाय दूसरे को कर दी डिलेवरी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** भारत गैस ग्रामीण वितरक पुष्पा गैस एजेंसी इन दिनों कारोबारियों को घरेलू सिलेंडर उपलब्ध करा कर मोटी रकम के चक्कर में उपभोक्ताओं को 45 दिन इंतजार करने को कहा जा रहा है।जबकि सरकार द्वारा बुकिंग से मात्र 25 दिन ही इंतजार करना है।उपभोक्ता अर्चना पाण्डे ने निवासी बाजपेई पुरवा खरगूपुर ने बताया कि किताब संख्या 69693207 की बुकिंग 28/02/2026 में किया था। पूरा महा बीत जाने पर भी सिलेंडर नहीं दिया गया।जबकि उपभोक्ता के मोबाइल नंबर पर डिलेवरी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई तो वह हैरान हो गई कि गैस प्राप्त भी नहीं हुआ। फिर डिलेवरी कैसे,जिस पर एजेंसी पहुंचने पर गोलमाल घुमाया गया।जिस पर उपभोक्ता द्वारा भारत गैस पेट्रोलियम को ऑनलाइन शिकायत संख्या 11075392 दर्ज कराई गई।एजेंसी को शिकायत प्राप्त होने पर तिवारी बाजार पुष्पगैस एजेंसी संचालक नरेंदर तिवारी ने अपने दूरभाष नंबर से उपभोक्ता को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम्हारे शिकायत करने से मेरा कुछ बिगड़ने वाला नहीं हैं।तुम्हारी शिकायत का जवाब मैं बनवा रहा हूं।और अब तुम्हें गैस भी नहीं दूंगा।जहां भी शिकायत करना है कर लेना।शिव प्रकाश क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के दूरभाष पर जानकारी हेतु सम्पर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।प्रशासन द्वारा गैस किल्लत को देखते हुए संबंधित अधिकारयों का नंबर जारी किया गया है।की उपभोक्ता अपनी समस्याएं दूरभाष पर दर्ज कराकर समाधान पा सकें लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है।इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी गैस को लेकर कितना संवेदनशील है।उपभोक्ता अर्चना पाण्डे ने गैस सिलेंडर न मिलने पर जांच की मांग की है।

### महिला पर बंदर का हमला सिर में आई गंभीर चोट जिला अस्पताल में चल रहा इलाज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर इलाके में एक महिला पर घर में घुसे बंदर ने हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना झाला ग्राम में हुई, जहां रीता देवी नामक महिला के घर में एक बंदर घुस आया था। बंदर घर में रखा अनाज खा रहा था। जब रीता देवी ने उसे भगाने का प्रयास किया, तो बंदर ने उन पर हमला कर दिया। रीता देवी की चीख सुनकर परिवार के सदस्य दौड़े, जिसके बाद बंदर वहां से भाग गया। हमले में उनके सिर में गंभीर घाव हो गया। परिवारजन उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा रीता देवी का इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है।

### ग्राम प्रधान से मारपीट, मुकदमा दर्ज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया गांव में ग्राम प्रधान के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रायगंज निवासी ग्राम प्रधान शैलेंद्र वर्मा ने रामपुर धोबिया निवासी हैदर अली के खिलाफ खैरीघाट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रधान शैलेंद्र वर्मा के अनुसार, वह किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी हैदर अली ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि हैदर अली ने गाली–गलौज करते हुए शैलेंद्र वर्मा के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद किसी तरह शैलेंद्र वर्मा मौके से बचकर अपने घर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी खैरीघाट आनंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खैरा-बौंडी मार्ग पर बड़ा गड्ढा, ग्रामीणों ने दुर्घटना रोकने को लगाई बल्ली



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरा बौंडी मार्ग पर ग्राम परसपुर के पास सड़क के बीच में एक बड़ा गड्ढा बन गया है। संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए ग्रामीणों ने गड्ढे के बीचों–बीच एक बल्ली लगा दी है। यह ग्रामीणों द्वारा किया गया एक अस्थायी चेतावनी का इंतजाम है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह गड्ढा बरसात के कारण बना है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में इस गड्ढे के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह से बात की गई। उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह स्थान नौशहरा क्षेत्र में आता है। हालांकि, परसपुर ग्रामवासी ज्ञानेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह और रामू सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह जगह परसपुर गांव में ही आती है।

### तेज रफ्तार कार ने ली मासूम की जान



**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** थानाश्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम गुमड़ी के राजेन्द्रगंज स्थित उतरौला–गोण्डा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से आठ वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम गुमड़ी निवासी विजय कुमार राजभर पुत्र हरिराम उर्फ सुकई ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं। शुक्रवार करीब एक बजे वह अपने आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोण्डा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक चार पहिया वाहन ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अभिषेक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में उसका दाहिना पैर भी बुरी तरह टूट गया था। घटना की खबर मिलते ही घर में चीख–पुकार मच गई। बेटे की मौत की सूचना सुनते ही मां अपना आपा खो बैठी और बार–बार बेहोश हो जा रही थी। मां अपने लाल को आखिरी बार ठीक से देख भी नहीं पाई। घर के बाहर बेटे का शव पड़ा था और मां बेहोशी की हालत में थी। परिवार की हालत और भी दर्दनाक है। परिजनों के अनुसार विजय कुमार के दो पुत्र और एक पुत्री थे, जिनमें से एक पुत्र की एक वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। अब इकलौते बेटे अभिषेक की सड़क हादसे में मौत ने गरीब परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। दस वर्षीय बहन पूजा का भी रो–रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग उसे संभालने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन भाई की याद आते ही वह फूट–फूटकर रो पड़ती थी। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंच गए। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग इस दर्दनाक हादसे को लेकर स्तब्ध थे। थाना प्रभारी श्रीदत्तगंज अविरल शुक्ला ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा सके।

# ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के 15वें शोरूम का गोंडा में भव्य उद्घाटन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

प्रीमियम ज्वेलरी ब्रांड ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने अपने विस्तार को नई गति देते हुए गोंडा में अपने 15वें शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। शहर के प्रमुख स्थान पर स्थित इस नए शोरूम में गोल्ड, डायमंड, पोल्की, ह्यद्मद्य1द्गह्- ज्वेलरी के आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें ग्राहकों से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण सिंह एवं डा. राजश्री सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर्स- अतुल सराफ, अनूप सराफ, वैभव सराफ, सौमित्र सराफ एवं शांतनु सराफ सहित परिवार के सदस्य, शहर के गणमान्य नागरिक तथा गोंडा शोरूम के



फ्रैंचाइज़ी पार्टनर्स रवि मोदी, तुषार अग्रवाल, विपुल मोदी एवं शलभ मोदी परिवार के साथ उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट की घोषणा की गई। इसी अवसर पर ब्रांड ने अपने नए सब-ब्रांड ज्वेल स्टोरी को भी प्रस्तुत किया। यह कलेक्शन विशेष रूप से यंग और वर्किंग ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें 9ञ्चञ्ज, 14KT एवं 18KT नैचुरल डायमंड ज्वेलरी शामिल है। हल्के, प्रैक्टिकल और स्टाइलिश डिज़ाइन्स इसे डेली वियर, ऑफिस वियर और गिफ्टिंग के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इस मौके पर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कहा, ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स का गोंडा में आगमन शहर के विकास और व्यापारिक संभावनाओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। मैं पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। वहीं डा. राजश्री सिंह ने कहा, यह नया शोरूम गोंडा के ग्राहकों को एक बेहतर और विश्वसनीय ज्वेलरी अनुभव प्रदान करेगा। मैं सभी को यहां आने और इस शानदार कलेक्शन को देखने के लिए आमंत्रित करती हूँ।

कंपनी के डायरेक्टर्स अतुल सराफ एवं अनूप सराफ ने कहा, गोंडा में हमारा यह नया शोरूम हमारी विस्तार रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उत्कृष्ट डिज़ाइन, श्रेष्ठ गुणवत्ता और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना है। वहीं फ्रैंचाइज़ी पार्टनर्स रवि मोदी, तुषार अग्रवाल एवं विपुल मोदी ने संयुक्त रूप से कहा, गोंडा के ग्राहकों से मिले स्नेह और सकारात्मक प्रतिक्रिया से हम बेहद उत्साहित हैं। हमारे लिए हर नया शहर और हर नया ग्राहक एक नई शुरुआत का प्रतीक है।÷

# सरयू की लूट का काला साम्राज्य, रात में जेसीबी का तांडव, दिन में अफसरों की चुप्पी

**मिहींपुरवा, बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिहींपुरवा तहसील की ग्राम पंचायत जुगीनिया में इन दिनों कानून नहीं, बल्कि खनन माफियाओं का राज चल रहा है। सरयू नदी की कटी शाखा को रात के अंधेरे में ऐसे नोचा जा रहा है मानो कोई रोकने–टोकने वाला ही न हो। जेसीबी मशीनें पूरी रात गरजती हैं, और प्रशासन गहरी नींद में सोता रहता है—या यूं कहें कि सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर रहा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि लेखपाल गौरव चौधरी और उप जिलाधिकारी रामदयाल को बार–बार शिकायत दी गई, लेकिन हर शिकायत का हश्र वही—कूड़ेदान! सवाल उठता है कि आखिर किस दबाव या 'लेन–देन' के चलते अधिकारी खामोश बैठे हैं? हकीकत यह है कि बहराइच में सफेद बालू खनन की कोई वैध अनुमति नहीं है, फिर भी रात के अंधेरे में खुलेआम सरयू का सीना छलनी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया पुलिस–प्रशासन से सीधी 'सेटिंग' करके इस काले धंधे को अंजाम दे रहे हैं। इतना ही



नहीं, जब भी कोई शिकायत होती है, तो कार्रवाई से पहले ही माफियाओं को सूचना लीक कर दी जाती है—कुछ देर के लिए मशीनें बंद, और फिर वही खेल शुरू! सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इस अंधाधुंध खनन से आने वाले बरसात में भीषण तबाही तय मानी जा रही है। अड़गोड़वा, भाकु, गायघाट, कंजड़वा और गौरडिया जैसे गांव कटान और बाढ़ की सीधी जद में आ सकते हैं। नेपाल से पानी छोड़े जाने और लगातार बारिश की स्थिति में ये गांव जलमग्न हो सकते हैं, लेकिन जिम्मेदारों को शायद इस संभावित त्रासदी से कोई सरोकार नहीं। ग्रामीणों में उबाल है। उनका कहना है कि अगर अब भी प्रशासन ने आंखें नहीं खोलीं, तो वे सीधे लखनऊ कूच कर मुख्यमंत्री के दरबार में न्याय की गुहार लगाएंगे।

# कंधों पर मशीन, गांव-गांव पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद को क्षय रोग मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। 24 मार्च 2026 से शुरू हुए 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पोर्टेबल मशीनें लेकर गांव-गांव पहुंच रही हैं।

विभिन्न ब्लॉकों के उच्च जोखिम वाले समूहों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान और निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में चल रहे इस महाभियान का मुख्य फोकस 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों, तंबाकू व शराब का सेवन करने वालों, मधुमेह के मरीजों तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित रह चुके

- 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान ने पकड़ी रफ्तार
- जिले में उच्च जोखिम समूहों की हो रही व्यापक स्क्रीनिंग
- 17 कैंपों में हुए 1374 एक्स-रे, फखरपुर के बतुराहा में उमड़े ग्रामीण





### अब तक 17 शिविरों में 1374 एक्स-रे

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में लगे 17 विशेष शिविरों में पोर्टेबल एक्स–रे मशीनों से कुल 1374 एक्स–रे किए गए हैं। संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान के लिए बलगम के नमूने जांच हेतु भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में फखरपुर ब्लॉक के बतुराहा गांव में आयोजित निक्षय शिविर में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे- दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, लगातार बुखार, रात में पसीना आना, सीने में दर्द और वजन कम होने के प्रति जागरूक किया।

लोगों पर है। शिविरों में एक्स-रे, बलगम जांच, हीमोग्लोबिन और बीएमआई मापन जैसी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही हैं।

**हेल्पलाइन व डिजिटल जागरूकताः-** टीबी स्वास्थ्य परिदर्शक एके पाण्डेय ने बताया कि टीबी से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800116666 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'तत्काल अभियान' के जरिए भी इस पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने आमजन से अपील की है कि लक्षण दिखने पर तुरंत अपनी जांच कराएं। टीबी की जांच व इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। इलाजरत मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह पोषण के लिए भी दिए जाते हैं।

# अन्तिम मतदाता सूची में जनपद के मतदाताओं की संख्या हुई 22 लाख 21 हज़ार 435

- एसआईआर के पश्चात मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 2221435 मतदातों को मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया है, जिसमें कुल 1212609 पुरूष मतदाता एवं 1008786 महिला मतदाता तथा 40 अन्य श्रेणी के मतदाता हैं।

डीएम ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2648344 थी। जिसमें कुल 1395890 पुरूष मतदाता एवं 1252404 महिला मतदाता तथा 50 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। जबकि आलेख्य प्रकाशन की तिथि 06 जनवरी 2026 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2107016 थी। जिसमें कुल 1152126 पुरूष मतदाता, 954857 महिला मतदाता एवं 33 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 प्रारम्भ होने की तिथि 27 अक्टूबर 2025 को जहां जनपद का जेण्डर रेशियो 897 था एवं ईपी रेशियो 56.03 था वहीं वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद का जेण्डर रेशियो 832 है एवं ईपी रेशियो 47.01 है। डीएम ने बताया कि गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन के समय कुल गणना प्रपत्रों 2648344 के सापेक्ष शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित किये गये। जिसमें से कुल 2107016 गणना प्रपत्र मतदाताओं से भरकर वापस प्राप्त हुए एवं 541328 गणना प्रपत्र अप्राप्त रहें। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में 82234 मृतक, 140033 अनुपस्थित, 222747 शिफ्टेड, 87910 पूर्व से नामांकित एवं 8404 अन्य श्रेणी के पाये गये। जनपद में ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से न होने एवं तार्किक विसंगति के कारण कुल 541214 (150602 नो मैपिंग एवं 390612 तार्किक विसंगति) मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। जिनका निस्तारण शत-प्रतिशत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के माध्यम से एवं बी.एल.ओ. के माध्यम से करा दिया गया है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रारम्भ होने से अब तक जनपद में कुल 133245 फार्म-06, 6526 फार्म-07 एवं 37858 फार्म-08 प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त एन.आर.आई. नागरिकों के कुल 13 फार्म-6ए प्राप्त हुए हैं। जिनका निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया है। जनपद बहराइच में अवस्थित कुल 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच, 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज अन्तर्गत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा कुल 8151 बी.एल.ए. नियुक्त किये गये हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2711, समाजवादी पार्टी द्वारा 2671, बहुजन समाज पार्टी द्वारा 2711 एवं अपना दल द्वारा 58 बी.एल.ए. नियुक्त किये गये हैं। जनपद की कुल अनुमानित जनसंख्या 4725886 है, जिसमें कुल 2499142 पुरूष एवं कुल 2226744 महिला हैं। जनपद में मतदेय स्थलों एवं मतदान केन्द्रों की बात की जाए तो कुल मतदेय स्थलों की संख्या 2981 एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 1388 है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार भी मौजूद रहे।

### आयुष विक्रम सिंह बने बहराइच के नए एसपी सिटी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल किए हैं। बहराइच को नया अपर पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी सिटी) मिल गया है। मेरठ में तैनात आयुष विक्रम सिंह को बहराइच का नया एसपी सिटी नियुक्त किया गया है। वर्तमान एसपी सिटी अशोक कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया है। उन्हें उप सेनानायक, एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। यह फेरबदल आज जारी की गई सूची के अनुसार हुआ है।नव नियुक्त एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह इससे पहले मेरठ में एसपी सिटी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मेरठ में हुए चर्चित सौरभ हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा किया था, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। अशोक कुमार सिंह का बहराइच में कार्यकाल मात्र पांच माह का रहा।

# गांव चलो-वार्ड चलो अभियान तहत भाजपा का व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम जारी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस तथा प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र उतरौला के अंतर्गत उतरौला नगर मंडल में गांव चलो/वार्ड चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आमजन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य किया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने



बलरामपुर जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता के नेतृत्व में घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों से संपर्क स्थापित किया तथा उन्हें पत्रक वितरित कर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक निर्णयों की जानकारी दी। इस अवसर पर आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उतरौला के लोकप्रिय विधायक राम प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बीते वर्षों में प्रदेश को विकास के नए आयाम दिए हैं और आमजन के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहें।

इस दौरान नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता, महामंत्री राजकुमार कौशल, रोहित राज गुप्ता, रमेश जयसवाल, नगर उपाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सभासद दुर्गेश बाल्मीकि, विष्णु गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अमर चंद गुप्ता, कपिल, वेद बाबू, युवा नेता दीपक चौधरी, एडवोकेट दीपक गुप्ता, एडवोकेट निरंकार, हरीशचंद यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता ने बताया कि गांव चलो/वार्ड चलो अभियान का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को सीधे जनता तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा में जुटे हुए हैं।

### गांव-गांव पहुंच रही योजनाएं, 'गांव चलो अभियान' से तेज हुआ जनसंपर्क



गांव चलो अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा तुलसीपुर के मंडल तुलसीपुर अंतर्गत शक्ति केंद्र विशुनपुर खैरहनिया बूथ संख्या 381 पर जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह ने ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए लोगों को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पार्टी की ओर से प्रकाशित बुकलेट का भी वितरण किया गया। श्री सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान का उद्देश्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और पार्टी की विचारधारा को घर–घर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक अनिल कुमार यादव, बूथ अध्यक्ष धर्मेन्द्र पासवान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत स्वदेशी तकनीक से संचार क्रांति की ओर अग्रसर : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- विकसित भारत के निर्माण में बीएसएनएल की होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- चुनौतियों का डटकर सामना कर दूरसंचार क्षेत्र में स्थापित होंगे नए आयाम



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश के हर नागरिक तक संचार सुविधाएं सुलभ हों। प्रधानमंत्री द्वारा 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी तकनीक आधारित 4जी सेवाओं का शुभारंभ 27 सितम्बर 20 23 को उड़ीसा से किया गया, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

आज भारत स्वदेशी तकनीक आधारित संचार क्रांति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और बीएसएनएल के प्रति लोगों का विश्वास एवं रूझान लगातार बढ़ रहा है। श्री मौर्य लखनऊ स्थित भूतनाथ टेलीफोन एक्सचेंज के सभागार में बीएसएनएल अधिकारी संघ की सेंट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में बीएसएनएल स्वदेशी तकनीकरू अवसर और चुनौतियाँ विषयक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल के साथ उनकी पुरानी यादें जुड़ी हैं और सांसद रहते हुए वे दूरसंचार की एक समिति से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु क्रांतिकारी कदम उठाए गए। बीएसएनएल के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है और किसी दृष्टि से पीछे नहीं है। आवश्यकता है कि समर्पण और बेहतर रणनीति के साथ कार्य कर इसे देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी बनाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बीएसएनएल देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा। भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगा रहा है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में बीएसएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में आज भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं पर विश्वास करते हैं। हमें हर कार्य राष्ट्रहित में करना चाहिए और दूरसंचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने होंगे। स्वदेशी तकनीक को अपनाकर भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### डेटा व साइबर सुरक्षा होगी सुदृढ़

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड देश की प्रमुख सरकारी दूरसंचार कंपनी है, जो स्वदेशी तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। इससे न केवल विदेशी निर्भरता कम होगी, बल्कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय उद्योगों एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा तथा डेटा और साइबर सुरक्षा सुदृढ़ होगी। स्वदेशी तकनीक को वैश्विक मानकों पर खरा उतारना,अनुसंधान एवं विकास में निरंतर निवेश करना, नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है। चुनौतियों का समाधान प्रभावी रणनीति, सतत प्रयासों से संभव है।कार्यक्रम में राज्यसभा सांसदबृजलाल उपस्थित रहे। संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन द्वारा उप मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

# विदेश में पढ़ने वाले को भारतीय भाषा से क्या मतलब : ब्रजेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के बीच भाषा को लेकर वार-पलटवार देखने को मिला है। सपा प्रमुख ने अवधी बोलने पर तंज कसा, तो उपमुख्यमंत्री पाठक ने पलटवार करते हुए कहा है कि अखिलेश यादव को भारतीय संस्कृति से और स्थानीय भाषाओं से दिक्कत है।

ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सपा प्रमुख के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अखिलेश यादव के पेट में दर्द है। उन्हें भारतीय संस्कृति से, अवध, भोजपुरी और अन्य स्थानीय भाषाओं से दिक्कत है। वो तो विदेश में पढ़े हैं, उनको भारतीय भाषाओं, उत्तर प्रदेश की भाषाओं से क्या मतलब है। दोनों नेताओं के बीच घमासान उस समय शुरू हुआ, जब अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रजेश पाठक का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में ब्रजेश पाठक पत्रकारों के सवालों का जवाब अवधी भाषा में दे रहे थे।

अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा, भाषा बोलो या बोली, छुपती नहीं चोरी। इससे पहले, ब्रजेश पाठक ने कहा, सपा और कांग्रेस के लोग नहीं चाहते हैं कि हमारी बहनें संसद में बैठें। वे हमेशा माता-बहनों के लिए खाई खोदने में लगी रहती हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहनों के खातिर हमेशा काम करते रहे हैं। एक विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन करके तत्काल लागू करने की व्यवस्था प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। इधर, शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के संकल्प पत्र पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में एकतरफ चुनाव जीत रही है। तृणमूल कांग्रेस की कलई खुल गई है। गुंडई, अराजकता और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। बंगाल की आंतरिक सुरक्षा भी पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बंगाल की आम जनता टीएमसी से ऊबकर भाजपा के साथ आ चुकी है। भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में सरकार बनाएगी।

## खबरें एक नजर में

### नकली सोना देकर पांच लाख की ठगी शिक्षक दंपति समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के माल थाना क्षेत्र में लोगों को सस्ते में सोना दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने में शिक्षक दंपति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकली सोने के बिस्किट, जेवरात, 8 मोबाइल, 16 सिम और घटना में इस्तेमाल अर्टिगा कार बरामद हुई है। 5 अप्रैल को कुशमौरा निवासी सुभाष मौर्य की स्कूटी से बैग पार कर करीब 5 लाख रुपए लेकर आरोपी फरार हो गए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। शुक्रवार तड़के काकराबाद अंडरपास पर घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पहले लोगों से दोस्ती कर भरोसा जीतते थे। इसके बाद सस्ते में सोना दिलाने का लालच देते थे। असली सोना दिखाकर सौदा तय करते और बाद में नकली सोने के बिस्किट व गहने थमा कर पैसे लेकर भाग जाते थे। पुलिस ने मो. अफसर (37) को गिरफ्तार किया है। अफसर बदायूं में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। वही पत्नी दानिशा फातिमा (36) लखनऊ के ढाकुरगंज स्थित कालीचरन इंटर कॉलेज में टीचर है। तीसरा आरोपी मो. अजमल (28) पीओपी कारीगर है। तीनों आपस में रिश्तेदार हैं और वजीरगंज इलाके में रह रहे थे।

### होटल ड्राइवर ने कस्टमर से की 75 लाख की लूट, मास्टरमाइंड समेत पांच गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखण्ड इलाके में 5 दिन पहले हुई 75 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पूरी घटना का मास्टरमाइंड होटल का ड्राइवर ही निकला। पुलिस ने 5 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 लाख रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो बरामद की है। 5 अप्रैल को गुजरात निवासी निकुल सिंह जडेजा से स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने कैश से भरा बैग लूट लिया था। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से रूट मैप तैयार किया और 10 अप्रैल को कठौता झील के पास से आरोपियों को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि होटल ड्राइवर राहुल यादव कई सालों से अलग-अलग जिलों से कैश कलेक्ट करता था। बड़ी रकम देखकर उसके मन में लालच आया। उसने अपने चचेरे भाई आकाश यादव को प्लान बताया। आकाश ने अपने साथी सलमान के जरिए गिरोह के अन्य सदस्यों राजकुमार, सुमित और विशाल को शामिल किया। जैसे ही कैश से भरा बैग होटल से निकला, राहुल ने सूचना अपने साथियों को दे दी। स्कार्पियो सवार बदमाशों ने मौका देखकर पीड़ित को धक्का दिया और बैग छीनकर फरार हो गए। घटना को अंजाम देने में अतुल कुमार रावत, विशाल सिंह, राहुल यादव (ड्राइवर), आकाश यादव और अमित शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफपहले से लूट, मारपीट और धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मामले में गंभीर धाराएं बढ़ाते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कांग्रेस ने असम सीएम का फूंका पुतला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला फूंककर अपना गुस्सा जाहिर किया और भाजपा के खिलाफजमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से दो पुतले लेकर निकले। इनमें से एक पुतला पुलिस के छीनते ही कार्यकर्ताओं ने दूसरे पुतले को वहीं पर जला दिया। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि हिमंता बिस्वा सरमा तत्काल माफी मांगें। उन्होंने देश की छवि खराब की है। उनकी पार्टी खुद को संस्कारी कह रही है और उन्हीं की भाषा अमर्यादित है। प्रदर्शन कर रहे मौके पर कांग्रेस शहर कमेटी के अध्यक्ष शहजाद आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष के नेताओं में असम के सीएम की गिनती होती है। उनकी भाषा बेहद खराब और निंदनीय है। जब एक राज्य का मुख्यमंत्री इस तरह की भाषा इस्तेमाल कर रहा है तो ऐसे में पार्टी के दूसरे नेताओं और कार्यकर्ताओं से क्या उम्मीद की जा सकती है। हमारी मांग है कि तत्काल हिमंता बिस्वा सरमा माफी मांगें। कांग्रेस शहर कमेटी के अध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा कि यह भाषा बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। खुद को देश की सबसे सांस्कृतिक और सभ्य पार्टी कहने वाले दल। इन्होंने बेहद गलत और निंदनीय बयान दिया है। इसके लिए सिर्फकांग्रेस पार्टी से नहीं बल्कि पूरे देश से माफी मांगे। जो पार्टी अपने आप को सबसे ज्यादा सभ्य और संस्कारी कहती है, उसी की भाषा सबसे अधिक खराब है। अमित त्यागी ने कहा कि वह बताएं कि एक राज्य का मुख्यमंत्री इस तरह की भाषा इस्तेमाल कर रहा है इसे कहां से संस्कारी कहेंगे। यह जिस तरीके की भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं क्या जीवन भर सत्ता में रहेंगे। हम लोग भी सत्ता में रहे मगर कभी ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। इन्होंने कहा कि हमारे प्रवक्ता पवन खेड़ा ने उनकी पत्नी के डॉक्यूमेंट पर सवाल खड़े किए थे उसका जवाब देना चाहिए न कि अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए।

# जनता सर्वोपरि, उपभोक्ता हित में त्वरित समाधान करना होगा : शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज लखनऊ में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल तथा प्रदेश के डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की तैयारियों का मूल्यांकन किया।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देना है। सिस्टम में जनता सर्वोपरि है, अधिकारी उपभोक्ता हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें और शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण करें। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति नहीं रहनी चाहिए।श

व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभों, उपयोगिता एवं संचालन प्रणाली को भली-भांति समझ सकें। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा बैलेंस समाप्त होने से पूर्व उन्हें समय से सूचना उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी उपभोक्ता का बैलेंस रात्रि के समय समाप्त होता है, तो उसका विद्युत कनेक्शन रात में नहीं काटा जाएगा। अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मंत्री ने अलग काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके और उन्हें भटकना न पड़े। शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं उत्तरदायी बनाया जाए।बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। ट्रांसफार्मर, फीडर एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को समय रहते सुदृढ़ किया जाए ताकि गर्मी के दौरान बढ़ती मांग के बावजूद निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

फील्ड स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग, जवाबदेही तय करने और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिया। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार सहित डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री दयालु ने की प्रदेशवासियों से अपील

# केमिकल व साइड इफेक्ट-फ्री इलाज से जुड़ें आमजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु ने प्रदेशवासियों से केमिकल और साइड इफेक्ट-फ्री उपचार पद्धतियों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में सुरक्षित, प्रभावी और प्राकृतिक इलाज की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में होम्योपैथी एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रही है। शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस (10 अप्रैल) के अवसर पर अपने संदेश में मंत्री ने होम्योपैथी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक उपचार पद्धति नहीं, बल्कि शरीर की आंतरिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी का मूल सिद्धांत सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटर है, जिसका अर्थ है-जैसा रोग, वैसी ही दवा। यह सिद्धांत रोग को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कार्य करता है और शरीर को संतुलित रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होता है। आयुष मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में लोग साइड इफेक्ट-फ्री और केमिकल-फ्री उपचार की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में होम्योपैथी एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाते हुए स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# 15 मई से योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य

- किसान रजिस्ट्री के लिए सरकार की सख्त रणनीति
- मिशन मोड में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल करने की तैयारी
- हर ग्राम पंचायत में कैंप, कम कवरेज वाले गांवों पर विशेष फोकस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार 30 अप्रैल तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी और बढ़ गई है, ताकि समय सीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।यह पहल न केवल योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन में मदद करेगी, बल्कि किसानों के लिए एकीकृत डेटाबेस तैयार कर भविष्य की कृषि नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# सूचना विभाग की सराहनीय पहल : सूचना निदेशक ने प्रिंट मीडिया के पत्रकारों व संपादकों से किया सीधा संवाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को सूचना निदेशक द्वारा एक अत्यंत सराहनीय एवं सकारात्मक पहल कर प्रिंट मीडिया के संपादकों और पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के साथ समन्वय स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके समाधान के लिए प्रभावी संवाद कायम करना रहा।

जिसमें प्रदेश के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने सहभागिता की और अपने विचार रखे। निदेशक ने सभी पत्रकारों से आत्मीयता के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा उत्पन्न होती है, तो वे सीधे उन्हें अवगत करा सकते हैं। इस अवसर पर निदेशक ने पारदर्शिता,सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा विभाग एवं मीडिया के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर बल दिया। बैठक के दौरान पत्रकारों से खुलकर चर्चा हुई, जिससे आपसी विश्वास और समझ को और अधिक मजबूती मिली। यह पहल निश्चित रूप से सूचना विभाग एवं प्रिंट मीडिया के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ठंडी हवाएं हुईं गायब, अब झुलसाने वाली गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में मौसम ने अपनी करवट बदल ली है। पिछले कुछ दिनों से जारी आंधी और बेमौसम बारिश का दौर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अब भीषण गर्मी की शुरुआत होने वाली है। अगले एक हफ्ते के भीतर तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को तपन का अहसास होगा।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 7 दिनों में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अधिकतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक उछल सकता है। आने वाले दिनों में कई शहरों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने की संभावना है, जिससे दोपहर के समय घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। लखनऊ के अमौसी स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक 11 और 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश (पूर्वी और पश्चिमी यूपी) में मौसम साफरहेगा। कड़ी धूप खिलेगी। वहीं धूप के साथ-साथ 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुष्क हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल 3 दिनों के लिए पूरे प्रदेश को ग्रीन जोन में रखा है, जिसका मतलब है कि अभी बारिश या बिजली गिरने (वज्रपात) का कोई खतरा नहीं है। गोरखपुर से लेकर आगरा तक धूप के तेवर तीखे रहेंगे। मुख्य रूप से इन जिलों में गर्मी का ज्यादा असर दिखेगा उनमें वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, मेरठ, आगरा, मथुरा, झांसी, बरेली, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, गाजीपुर, और बुंदेलखंड के इलाके (बांदा, महोबा, ललितपुर)। इन सभी जिलों में आज से तापमान में लगातार बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

### छात्र पंचायत का प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट स्कूलों में हर साल बढ़ाई जाने वाली फीस के खिलाफ लखनऊ में शुक्रवार को छात्र पंचायत से जुड़े छात्रों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सरकार को सबको समान शिक्षा के लिए कानून लागू करना चाहिए। केवल लखनऊ के स्कूलों में फीस की मनमानी पर रोक लगाकर कुछ नहीं होगा। यह बाकी के 74 जिलों में भी लागू होना चाहिए। अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो अगले महीने आंदोलन उग्र होगा। प्रदर्शन हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के पास राष्ट्रीय छात्र पंचायत के बैनर तले किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा निजी शिक्षण संस्थान आज अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। हर साल किताबों, ड्रेस और बढ़ी हुई फीस के नाम पर लूट मची है।

**सराहनीय** | 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक मामलों का खुलासा, अपराध नियंत्रण में तेजी

# यूपी सरकार का यक्ष एप स्मार्ट पुलिसिंग को दे रहा धार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी पुलिस का यक्ष एप अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने में अहम भूमिका निभा रहा है। यक्ष एप ने महज 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर अपराध नियंत्रण पर स्मार्ट पुलिसिंग को नया आयाम दिया है।

एप के जरिये अपहरण, हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों का खुलासा किया है। यक्ष ऐप की मदद से पुलिस न केवल तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है, बल्कि घटनाओं के खुलासे का समय भी काफी कम हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग को नई दिशा देने के लिए ÷पुलिस मंथन÷ कार्यक्रम में यक्ष एप को लांच किया था।डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यक्ष एप को लांच किया गया था।

यक्ष एप में प्रदेश के अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन आधारित मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं। पहले जहां विवेचकों को विलेज क्राइम नोट बुक जैसे पारंपरिक रजिस्टर पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में अपराधियों की पूरी हिस्ट्री सामने आ जाती है।




हरदोई में दर्ज अपहरण के एक मामले में यक्ष ऐप ने चौंकाने वाला सच सामने लाया। जांच में पता चला कि कथित अपहृत व्यक्ति पिछले ढाई साल से जेल में बंद था। इसी तरह जौनपुर में 11 मार्च 2026 को जन सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कुछ ही घंटों में कर लिया गया। पुलिस ने यक्ष एप के माध्यम से 42-43 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे संदिग्धों की पहचान और लोकेशन ट्रैक हुई। मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और 1.30 लाख नकद बरामद किया गया। लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में एक घंटे के अंतराल पर हुई दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया गया।

यक्ष एप के जरिए आरोपियों की पहचान, मोबाइल लोकेशन और गतिविधियों का विश्लेषण कर पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। रायबरेली में यक्ष एप की मदद से 8 सदस्यीय अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश हुआ।

बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी को पकड़ने में भी यक्ष ने अहम भूमिका निभाई। आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा एप ने किया।

# नगर निगम संपूर्ण समाधान दिवस में 191 शिकायतें प्राप्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 191 शिकायतें आईं। इनमें सबसे ज्यादा 84 शिकायतें हाउस टैक्स की रही। जलकल से संबंधित 8 शिकायतें आईं। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शिकायतों को सुना। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश दिया।

सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के हरिओम नगर से जुड़े लोग सड़क और जलभराव की शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा सड़क न बनने की वजह से जलभराव रहता है। इसको लेकर पड़ोसियों में झगड़ा होता है। इससे डिप्रेशन में आकर एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया। इन लोगों के साथ स्थानीय पार्षद नरेश रावत भी पहुंचे। उन्होंने सड़क और नालियों के निर्माण से संबंधित विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का पत्र मेयर को सौंपा। मेयर ने उसे पार्षद को लौटा दिया। पार्षद ने कहा कि मेयर और नगर आयुक्त के सहयोग से उनके क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहा है। हरिओम नगर की गुड़िया ने बताया कि न नाली है और न सड़क है। इसके चलते आए दिन लोगों से झगड़ा होता है। इससे परेशान हो उनके पति ने फांसी लगा ली थी।

कोमल श्रीवास्तव ने बताया कि गुड़िया ने नया मकान बनाया है। पानी निकलने की जगह नहीं है। पानी निकलने में दिक्कत है। हम लोग बच्चों को गोद में लेकर आने-जाने को मजबूर हैं। गली में एम्बुलेंस नहीं आ पाती है। अभय द्विवेदी ने बताया कि सरोजनी नगर द्वितीय का रहने वाला हूं। बारिश में एम्बुलेंस भी नहीं आती है। शव को भी चारपाई पर लेकर जाना पड़ता है। पार्षद से भी शिकायत की है, लेकिन कोई सुन नहीं रहा है। हम परेशान हैं। सरोजनी नगर द्वितीय से पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि अभी मेयर और नगर आयुक्त ने हरिओम नगर में 45 लाख रुपए सड़क निर्माण के लिए दिया था। 500 मीटर लंबी सड़क बनी है। पिछले 35 साल से सड़क पर निर्माण कार्य नहीं हुआ था। जोन-5 आनंद नगर लखनऊ के चंद्रिका सिंह ने आरोप लगाया कि हमने अपनी बेटी के नाम पर अपना घर कर दिया है, लेकिन नगर निगम के लोग इसे चढ़ा नहीं रहे हैं। हमसे पैसा मांगा गया तो शिकायत की। इसके बाद से हमे सिर्फदौड़ाया जा रहा है। राजेश यादव ने बताया कि एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड के रहने वाले हैं। घर के पास में पानी भरा रहता है। पार्क के पास में नाली को रोक दिया गया है। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। रुद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि एक व्यक्ति ने नाली पर कब्जा कर लिया है। वह खुद एचआईजी कॉलोनी में रहता है। हम लोगों की समस्या को सुन नहीं रहा है। कोई मदद नहीं करने वाला है।

## खबरें एक नजर में

### कलेक्ट्रेट परिसर बना नो पार्किंग जोन, डीएम का एक्शन, प्राइवेट बाहरी वाहनों की नो एन्ट्री



**शाहजहांपुर।** जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में रोजाना अनाधिकृत रुप खड़े होने वाले वाहनों के चलते आने वाले फरियादियों को दिक्कतों व आवाजाही में हो रही दिक्कतों को देखते हुए, अब कलेक्ट्रेट परिसर को नो पार्किंग जोन बनाया गया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट में इधर उधर खड़े होने वाले बाहरी वाहनों को न खड़े किए जाने पर रोक लगाई है। कलेक्ट्रेट में एन्ट्री करते ही पुलिस विभाग द्वारा बेरीकेडिंग कर दी गई है, अब सिर्फ़ अधिकारियों व फरियादियों के वाहनों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए गेट पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। इससे कलेक्ट्रेट में वाहनों की पार्किंग नहीं हो सकेगी।

### हत्या के मामले में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार, महिला भी शामिल



**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित दो पुरुष व एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। तीनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 3 फरवरी 2026 को बहादुरपुरा निवासी गुड्डू सिंह यादव ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि मोहल्ले के ही जमकू, ठाकुर, पार्वती और अभिषेक ने उसके भाई के साथ मारपीट की थी। इस घटना में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में थाना सदर बाजार पर मु.अ.सं. 56/2026 धारा 115(2)/103(1)/110 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना सदर बाजार पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मामले से जुड़े आरोपी अपने घर का सामान लेने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने लोधीपुल स्थित जे.सी. बाबा पेट्रोल पंप के पास बहादुरपुरा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में ठाकुर प्रसाद (38 वर्ष), जमकू उर्फ जमलेश उर्फ विमलेश (27 वर्ष) और पार्वती उर्फ सदावती (40 वर्ष) निवासी बहादुरपुरा थाना सदर बाजार शामिल हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस ने इनके पास से नकदी, कागजात, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं, मामले से जुड़े अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### स्कूल चलो अभियान के तहत खुटार में निकली जागरूकता रैली



**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित तथा खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर सब पढ़ें, सब बढ़ें और हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। मुख्य अतिथि नमित दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और हर बच्चे को शिक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और उन्हें विद्यालय भेजने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई तथा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। रैली को लेकर नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### एबीवीपी ने निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर किया प्रदर्शन, डीएम को ज्ञापन सौंपकर 3 दिन के अंदर कार्रवाई की मांग



**शाहजहांपुर।** निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नारेबाजी करते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा तीन दिन के अंदर कार्रवाई की जाए, वरना आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का कहना है कि जनपद के कई निजी स्कूल, खासकर सीबीएसई बोर्ड से जुड़े विद्यालय, अभिभावकों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं। हर साल सिलेबस बदलकर महंगी किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है और तय दुकानों से ही सामग्री लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इतना ही नहीं, प्रवेश परीक्षा के नाम पर भी खुली वसूली का आरोप है। सीमित सीटों के बावजूद सैकड़ों फॉर्म बेचे जा रहे हैं और अभिभावकों से 500 से 1000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वहीं, कुछ स्कूलों पर बिना मान्यता के कक्षाएं चलाने और हर साल मनमानी फीस बढ़ाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 3 दिन के अंदर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि अगर समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। हालांकि प्रशासन ने चार स्कूलों को नोटिस भेज दिए है।

डीएम का एक्शन

# चार प्राइवेट स्कूल को नोटिस जारी, 3 दिन में जवाब-तलब

**निजी स्कूलों की मनमानी व किताबों की कालाबाजारी की शिकायतों पर संज्ञान**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी व किताबों की कालाबाजारी की शिकायतों पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एक बार फिर कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने इसके लिए डीआईओएस हरिवंश कुमार को दिशा निर्देश देते हुए चार स्कूलों को अभिभावकों के उत्पीड़न पर नोटिस जारी करवाते हुए, जबाब मांगा है। डीएम द्वारा की गई कार्यवाही को जनपदवासियों ने सराहा है।डीएम ने बताया कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उस पर कड़ा एक्शन लिया गया है। अभिभावकों व बच्चों का हित सर्वोपरि है। जो भी दिक्कतें आ रही है, उनको दूर किया जाएगा।

बता दें कि बीती 23 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति-जिलाधिकारी की बैठक में दिएनिर्णयानुसार सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालयों कक्षा 1 से 8 तक शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित पुस्तकों की सूची 60 दिन पूर्व अपने विद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगे और इसकी एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराते हुए एनआईसी की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे, पुस्तकों की सूची अपलोड होने के पश्चात अभिभावकों की मांग पर उनकी सुविधा के दृष्टिगत जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा विद्यालयों की पुस्तकों के कवर पृष्ठों को विद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए गए एवं एनआईसी पर भी अपलोड कराए गए। उपरोक्त निर्देशों के क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच की गई, जिसमें तक्षशिला पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर, एसएसएमबी स्कूल शाहजहांपुर, गुरुकुल वर्ल्ड पब्लिक स्कूल जलालाबाद एवं मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल को अध्यक्ष जिला शुल्क नियामक समिति एवं जिलाधिकारी द्वारा आर्थिक दंड का नोटिस जारी किया गया है, उपरोक्त स्कूलों से 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है जवाब न देने की स्थिति में समिति के द्वारा अर्थदंड निर्धारित किया जाएगा, तक्षशिला पब्लिक स्कूल द्वारा ऐसी पुस्तकों का चयन किया गया है, जो मार्केट में उपलब्ध नहीं है और कुछ विशेष दुकान पर उपलब्ध है. एसएसएमबी स्कूल द्वारा उपलब्ध कराई गई लिस्ट में पुस्तके परिवर्तित की गई है। गुरुकुल वर्ल्ड पब्लिक स्कूल जलालाबाद द्वारा एक बेसमेंट में स्थित एक दुकान से पुस्तकों की बिक्री कराई जा रही थी और मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यालय के अंदर से ही पुस्तकों की बिक्री की जा रही थी।

## जल जीवन मिशन के तहत लगाई गई पानी की टोटियां बनी शोपीस

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के भावलखेड़ा गांव सिकलापुर में जल जीवन मिशन के तहत लगाई गई पानी की टोटियां शोपीस बनकर रह गई हैं। टोटियों में पानी न आने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाराज ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है।

ग्रामीण संजय कुमार, सुभाष कुमार, बीरावती, निर्मला देवी, सीमा देवी, राधा, कमला देवी, जसोदा देवी, गुरमीत, जावित्री, राजपाल, महेंद्र और रामाधार सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने 16 मार्च को पहली बार शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद एक अप्रैल को दोबारा शिकायत दर्ज कराई गई, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जब से चेंबर लगाए गए हैं, तब से पानी की समस्या और बढ़ गई है। आरोप है कि एक सप्ताह पहले खनन के दौरान मिट्टी ढोने वाले डंपरों के निकलने से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं कराया गया। इस संबंध में जल जीवन मिशन के जेई रंजन कुमार ने बताया कि डंपरों के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे जल्द ही ठीक कराया जाएगा। मरम्मत कार्य पूरा होते ही पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी।

### अवैध कब्जा करने पर हुई मारपीट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही कुछ विपक्षी लोगों ने मेरी जगह पर जबरन कब्जा कर लिया है। शुक्रवार को जब उन लोगों को कब्जा करने से मना किया तो उन लोगों ने ईट पत्थर व लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमे बचाने के लिए आई अनामिका को भी उन लोगों ने मारापीटा। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## शिक्षा समाज के विकास की नींव है: विधायक

**भूड़खेड़ा में शिक्षा चौपाल का किया गया आयोजन**

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



न्याय पंचायत अनावा के अंतर्गत गांव भूरखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा तथा विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नन्हे विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। साथ ही लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सम्मानित कर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है और सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पंकज पांडे, अरुण भदौरिया, बृजेश मिश्रा, राजेश अवस्थी, शरद चौहान, रूपेंद्र, जीत सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सज्जन कुमार, वीरेन्द्र यादव,अश्वनी अवस्थी, प्रदीप सिंह चौहान बहादुरपुर, क्षेत्रीय प्रधानो सहित बीडीसी सदस्य एवं अभिभावकगण एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला का आरोपी गया जेल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर बैजू निवासी सब्बन अली पुत्र अली शेर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव नारायणपुर बैजू निवासी रजाक अली पुत्र हबुल्ला, रियाज पुत्र रजाक अली , किसवर पुत्र अख्तर अली, अख्तर पुत्र हबुल्लह ने एक राय होकर उनकी माता उजरातन तथा मौसी सुआला के साथ मारपीट कर गाली गलौज करते हुए ईट पत्थरों से चोट पहुंचाई। जिससे उनकी माता उजरातन मौके पर बेहोश हो गई। जिसके बाद उक्त सभी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उक्त चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं शुक्रवार को अभियुक्त रजाक पुत्र हबीबुल्लह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## रेलवे के निजीकरण को बंद करने की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उरमू के महामंत्री बीसी शर्मा के आह्वान पर मंडल मंत्री धर्मवीर सिंह के निर्देश पर उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के 5 दिवसीय रोष कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शाहजहांपुर शाखा द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा सचिव अंकित शर्मा द्वारा की गई। साथ में राकेश तिवारी, नत्थू सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव, सूरज पाल, विकास कुमार, सुरेश, जयसिंह, मेघाराम मीणा, राहुल कुमार, सौरभ मिश्रा, विकास कुमार, अमित कुमार, विक्रम कुमार, अंकित कुमार, रंजीत कुमार, अभिमन्यु , बृजेश कुमार, भानु यादव, योगेश पाल, संदीप तिवारी, शुभम कुमार आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उठाए गए प्रमुख मुद्दों में पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग को प्रमुखता से रखा गया। रेलवे के निजीकरण को तुरंत बंद किया जाए, प्रशासन की तानाशाही नीति का विरोध किया गया। कोरोना काल में फ्रीज की गई महंगाई भत्ता की किश्तों का तुरंत भुगतान किया जाए। 8वां वेतन आयोग शीघ्र लागू किया जाए, रनिंग कर्मचारियों का माइलेज 14 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी किया जाए। अन्य कर्मचारी हित से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। साथियों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की और संगठन को मजबूत करने पर ज़ोर दिया।




### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सड़क पार कर रहे रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिस कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की शाम गढ़ी मोहल्ला निवासी अमितेश यादव उर्फ छोटेलाल मानसिक संतुलन ठीक नही होने के कारण वह पूरे दिन टहलता रहता था। वह शाम को सड़क पर टहल रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसे रौंद दिया। जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त की ओर परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुँचे परिजनों का रो रोकर बुरा है। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सेतु निगम अधिकारियों ने वजीरपुर घाट पर किया गया सर्वे

**वजीरपुर घाट पर अब बनेगा पक्का पुल, रामवीर सिंह सोमवंशी और प्रभाशंकर गुप्ता का संघर्ष लाया रंग**

**अल्हागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग और जनता के सुगम आवागमन के सपने को अब पंख लग गए हैं। वजीरपुर घाट पर पैंटून पुल की सुविधा के बाद, अब वहां पक्के पुल के निर्माण हेतु आधिकारिक सर्वे कार्य शुरू हो गया है। यह उपलब्धि क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर मानी जा रही है। इस सफलता का मुख्य श्रेय समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी के कुशल मार्गदर्शन और जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता के अनवरत संघर्षों को जाता है। गौरतलब है कि रामवीर सिंह सोमवंशी व प्रभाशंकर गुप्ता ने इस पुल के निर्माण के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है, जिसमें हाल ही में किया गया उनका 27 दिवसीय अनशन सबसे प्रमुख रहा। उनके इस कड़े संकल्प और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण ही शासन-प्रशासन को इस मांग पर मुहर लगानी पड़ी। वजीरपुर घाट पर पक्का पुल न होने से क्षेत्रीय जनता को बारिश और बाढ़ के दिनों में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। रामवीर सिंह सोमवंशी व प्रभाशंकर गुप्ता ने इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर लगातार पत्राचार और जमीनी स्तर पर आंदोलन किया। आज सर्वे कार्य की शुरुआत ने यह साबित कर दिया कि यदि नेतृत्व मजबूत और इरादे नेक हों, तो हर मांग पूरी करवाई जा सकती है। पक्के पुल के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार और खेती-किसानी को भी नई गति मिलेगी। इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और लोग इसे रामवीर सिंह सोमवंशी व प्रभाशंकर गुप्ता की एक और बड़ी जीत के रूप में देख रहे हैं।

## विधायक ने न्याय पंचायत शाहगंज की शिक्षा चौपाल का किया शुभारंभ




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए, शिक्षा में जनमानस की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तथा तीन से नौ वर्ष के बच्चों में समझ के साथ पढ़ने लिखने और गणितीय कौशल विकसित करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगंज नोडल शिक्षक संकुल हरि शंकर के नेतृत्व में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ददरौल विधानसभा के विधायक अरविंद सिंह के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षा चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विधायक के द्वारा की गई कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजाराम ब्लॉक प्रमुख भावलखेड़ा, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि निवर्तमान अध्यक्ष राज्य सफाई आयोग, विनय मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा की उपस्थित चार चांद लगा रही थी एवम् मंच का कुशल संचालन नोडल शिक्षक संकुल हरिशंकर के द्वारा किया गया। शिक्षा चौपाल में न्याय पंचायत के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र जिनका चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (नवोदय विद्यालय/राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा) में हुआ है उनको प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। निपुण घोषित विद्यालयों के विद्यालय प्रमुखों को उत्कृष्ट कार्य के प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और साथ साथ न्याय पंचायत में अवस्थित समस्त विद्यालयों के वे सभी छात्र जिन्होंने हाल में आयोजित परिषदीय परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। ध्इस अवसर पर बच्चों शाहगंज के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिनकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। नोडल शिक्षक संकुल हरि शंकर द्वारा शिक्षा चौपाल कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से अवगत कराया गया।

## शिक्षकों की सेवाएं-सम्मान सुरक्षित रखना संगठन का उद्देश्य: ऋषिकांत

**ब्लॉक तिलहर में हुआ 11 सदस्यीय ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने तिलहर ब्लॉक की कार्यकारिणी का निर्वाचन व गठन कराते हुए शिक्षकों से कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य शिक्षकों की सेवा शर्ते व सम्मान कों सुरक्षित रखना है। इसीलिए शिक्षकों पर ज़ब भी कोई गलत कानून या आदेश शासन द्वारा थोपे जायेगे, उसका डटकर विरोध किया जायेगा सरकार की मंशा बेसिक शिक्षा विभाग के निजीकरण करने की है। संगठन ऐसा कभी नहीं होने देगा, इसके लिए सभी कों मनभेद व मतभेद भुलाकर एकजुट रहकर संघर्ष करना होगा तभी सरकार से हम अपनी बात मजबूती से पंहुचा पाएंगे, और संघर्ष करके सफल भी हो पाएंगे, हम शिक्षक संगठनों का कार्य विभाग कों हर समय कोसते रहना हरगिज नहीं होता बल्कि शिक्षकों की समस्याओं के लिए उचित पटल पर वार्ता करके समाधान कराना होना चाहिए। तभी संगठन की प्रमाणिकता सिद्ध होगी। शिक्षकों को निवर्तमान जिला पदाधिकारियों में भुवनेश गुप्ता, सचिन कुमार मिश्रा और धीरज कुमार रस्तोगी ने भी सम्बोधित करते हुए सभी से 13 अप्रैल सोमवार कों टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ चल रहे आंदोलन के क्रम में खिरनीबाग पहुंचने की अपील की, 13 अप्रैल को संयुक्त शिक्षक महासंघ द्वारा टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ विरोध सभा व मशाल जुलूस निकालने का कार्यक्रम होना है। विकास क्षेत्र तिलहर की ब्लॉक कार्यकारिणी गठन की कार्यवाही बीआरसी सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में रत्नाकर दीक्षित, दशरथ नंदन अवस्थी ने निर्वाचन कार्यवाही करायी, चुनाव सहायक विक्रांत मिश्रा द्वारा चली निर्वाचन प्रक्रिया में 7 पदों पर एकल नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जाँच अधिकारी द्वारा सही पाये जाने पर निर्वाचन अधिकारी व जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने आवेदकों कों निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र दिए। 7 दिसम्बर 2025 को जिला मुख्यालय पर हुए सामूहिक ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, ब्लॉक मंत्री मनोज मलिक व ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक गंगवार कों पहले ही निर्विरोध घोषित किया जा चुका है। निर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणी पदाधिकारियों में उदय प्रताप सिंह को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजेश सिंह को ब्लॉक ऑडिटर, मोहम्मद फैज़ान खां, प्रीति भारती को ब्लॉक उपाध्यक्ष, यूनुस खां, संगीता शर्मा को ब्लॉक संगठन मंत्री, महिला उपाध्यक्ष में रूचि सिंह को निर्वाचित घोषित किया गय। ब्लॉक कार्यकारिणी में संयुक्त मंत्री व प्रचार मंत्री का पद रिक्त रह गया है। ब्लॉक कार्यकारिणी निर्वाचन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, ब्लॉक मंत्री मनोज मलिक द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को सौंपी अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची

- 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक चले 166 दिनों के व्यापक पुनरीक्षण अभियान संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विधानसभा मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के उपरांत अंतिम प्रकाशन के संबंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी दलों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक चले 166 दिनों के व्यापक पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी रही। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची सौंपी। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन, मतदेय स्थलों का पुनर्गठन, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति, वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग, एएसडी एवं विसंगतिपूर्ण मतदाताओं का चिन्हांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य आयोग के निर्देशानुसार संपादित किए गए। 6 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया, जिसके उपरांत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर नियमानुसार उनका निस्तारण किया गया। साथ ही, नो-मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से पूरी की गई। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला एवं तहसील स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ निरंतर संवाद और बैठकें आयोजित की गईं तथा सभी अभिलेख एवं सूचनाएं समय-समय पर उपलब्ध कराई गईं। पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। 10 अप्रैल 2026 को जनपद की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों131 कटरा, 132 जलालाबाद, 133 तिलहर, 134 पुवायां, 135 शाहजहांपुर तथा 136 ददरौल की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या 19,00,961 है, जिसमें 10,54,727 पुरुष, 8,46,155 महिला तथा 79 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। विधानसभा कटरा में कुल 2,94,311, जलालाबाद में 3,20,370, तिलहर में 3,16,091, पुवायां में 3,18,343, शाहजहांपुर में 3,29,966 तथा ददरौल में 3,21,880 मतदाता दर्ज किए गए हैं। जनपद का जेंडर रेशियो 802, ईपी रेशियो 50, 18-19 आयु वर्ग के मतदाता 19,025 तथा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 19,843 है। डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और भविष्य में भी निर्वाचन संबंधी कार्यों में इसी प्रकार सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची डीईओ पोर्ट पर उपलब्ध करा दी गई है, जिससे आमजन आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दल मौजूद रहे।

## चोरों ने दो कारों के शीशे तोड़कर चोरी करने का किया प्रयास

**रौजा, शाहजहांपुर।** थाना रौजा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर कालोनी की बंधा वाली गली में गुरूवार की अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। सड़क किनारे खड़ी दो कारों को निशाना बनाते हुए चोरों ने उनके शीशे तोड़ दिये और चोरी करने का प्रयास किया। बताते हैं कि गुरुवार की देर रात कालोनी निवासी शिवम् गुप्ता एवं दीपक सिंह की कारें स्विफ्ट डिजायर व आईटेन हैं। जो घर के बाहर खड़ी थी। चोरों ने गाड़ियों के शीशों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, हालांकि वाहनों में कोई कीमती सामान न होने के कारण चोरी की घटना सफल नहीं हो सकी। इसके बावजूद इस घटना ने क्षेत्रवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस संबंध में शिवम् गुप्ता की ओर से थाने में तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।



## बीमार पिता से मारपीट का आरोप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव हरनाई में पारिवारिक विवाद का गंभीर मामला सामने आया है, जहां बीमार पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप बेटे, बहू और पोती पर लगा है। पीड़िता रामबेटी पत्नी श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पति लंबे समय से बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है। इलाज के खर्च के लिए उन्होंने अपनी जमीन ठेके पर दे दी थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर उनके बेटे प्रदीप, बहू लक्ष्मी और पोती मोनी ने श्रीपाल के साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जमीन ठेके पर देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला कल्याण विभाग का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम, सीडीओ एवं डीपीओ गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर पर अनंता प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान, मिशन शक्ति 5.0 फेस 2 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा महिलाओं एवं वीरांगनाओ एवं देश की प्रेरणादायी महिलाओं के बारे में जानकारी दी गई महिलाओं में आत्मविश्वास देश भक्ति और नारी शक्ति के प्रति गर्व की भावना को सशक्त करना रहा। मंजू पत्नी स्व: अनिल कुमार यह तीन बच्चों का पालन पोषण करती हैं। इनका काम छोले भटूरे का ठेला उनके पति की मृत्यु 15 अगस्त 2025 को हुई थी, पति की मृत्यु के बाद यह अपना और अपने बच्चों का गुजारा छोले भटूरे का ठेला लगाकर करती, देवी समूह इनका नाम रवि लता यह सिलाई का काम करती उनका काम है महिलाओं बालिकाओं, को सिलाई सीखने का काम करती हैं , मंजू देवी गौतम बुद्ध स्वयं सहायता समूह यह झाड़ू का काम करती इनका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत करना है। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित के द्वारा शासन से संचालित विभागीय योजनाओं में कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप, वन स्टाप सेंटर विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कौशल विकास व खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। द्वारा टोल फ्री नंबर के बारे में 181, 1098, 1090, 112, 108, 1076 आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, केंद्र प्रबंध के नमिता यादव, संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी इरफान अहमद प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी ,काउंसलर प्रतिभा मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता सुप्रिया अवस्थी, स्टाफ उपस्थित रहा।

# असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने निकले कांग्रेसियों से पुलिस की नोकझोंक

- नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी पर दिखा आक्रोश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



असम विधानसभा चुनाव के दौरान असम के मुख्यमंत्री द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर लगातार अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर आज जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्रित होकर असम के मुख्यमंत्री का पुतला लेकर बाहर निकले लेकिन कार्यालय के बाहर सदर इंस्पेक्टर भारी पुलिस बल के साथ जुलूस को अपने घेरे में ले लिए। लेकिन जोश से भरे कांग्रेसियों को रोकने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी जोरदार नारेबाजी करते हुए सभी नगर निगम तक पहुंच गए इस बीच पुतले के टुकड़े टुकड़े हो गए। पुलिस की इस बीच कार्यकर्ताओं को हल्की चोट भी लगी और कुछ पदाधिकारियों के जूते चप्पल टूट गये।वही पीसीसी सदस्य बिंदेश्वरी राज को कुछ पुरुष सिपाहियों ने घेर लिया ।यह देख कांग्रेस पदाधिकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई कि एक महिला कार्यकर्ता को पुरुष सिपाहियों ने क्यों छुआ क्या महिला पुलिस नहीं है आपके पास। काफी देर चली मशक्कत के बाद पुतले के कुछ अंश पुलिस अपने साथ ले गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में अब अपना विरोध भी नहीं दर्ज करवा सकते ऐसी क्या मजबूरी थी जोकि इतनी संख्या में पुलिस को कार्यालय घेरने पड़ा ऐसी तानाशाही पहले कभी नहीं देखी कि विपक्ष की आवाज़ को दबाया जा रहा है। लेकिन हम रुकने वाले नहीं है। हर मोर्चे पर लड़ाई जारी रहेगी। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि खड़गे के खिलाफ इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल मुख्यमंत्री द्वारा किया गया यह सीधे सीधे दलितों का अपमान है। चुनाव हमेशा से होते आए है लेकिन व्यक्तिगत रूप से किसी के खिलाफ ऐसी भाषा नहीं बोली गई। जिसकी हम कांग्रेसजन घोर निंदा करते है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, तनवीर सफदर, अनस इक़बाल, पवन सिंह, रामजी अवस्थी, नूरे सहर बी, रानी पांडे, पार्षद तालिब खान, शान मोहम्मद,वकार आलम, प्रवीण त्रिपाठी, सईद अंसारी, रफी उल हसन, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, अफजाल खान, अदीब अहमद, फरमान खान, अयान खान, अखलेश पाल, अनस, सुधांशु मिश्रा, नितिन तिवारी, साजिद खान, मुस्तकीम, इरफान, अनिल श्रीवास्तव, सलीम इदरीसी, शाहनवाज खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लापरवाही, शिथिलता अथवा अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं: एसपी

- एसपी ने रोजा व सेहरामऊ दक्षिण थानों का किया औचक निरीक्षण
- स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक सौरभ ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से थाना रोजा एवं थाना सेहरामऊ दक्षिणी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम थाना परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था, बैरक, शौचालय, पेयजल व्यवस्था आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिये निर्देशित किया गया। एसपी ने कार्यालय अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, जी.डी., बीट बुक, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची, गुंडा एक्ट,गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही, वारण्ट,समन की तामील, लंबित विवेचनाओं एवं अभियोगों की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं अपराध नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।एसपी ने महिला हेल्प डेस्क का विशेष रूप से निरीक्षण कर वहाँ पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित किया गया तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता, प्राथमिकता एवं गोपनीयता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए ऑनलाइन अभिलेखों के अद्यतन, डाटा फीडिंग की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा की गई तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाना एवं शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए मालों के सुरक्षित एवं विधिवत रख-रखाव, शस्त्रों की साफ-सफाई एवं उनकी समय-समय पर चेकिंग सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। बंदीगृह का निरीक्षण करते हुए बंदियों की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त, बैंक, संवेदनशील स्थानों की चेकिंग, एवं बीट पुलिसिंग की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई। बीट प्रभारीगण को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सूचना तंत्र को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा उपस्थित पुलिस बल को अनुशासन, समयपालन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने, आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने तथा पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उनहोंने समस्त संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे एवं आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक सशक्त हो।

## पॉस्को एक्ट के अगल-अलग मामलों में पांच वांछित गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पॉक्सो एक्ट की अलग अलग घटनाओं के पांच आरोपियों को पुलिस ने विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र की एक ग्रामीण महिला ने मेहमानी में नानी के यहां शाहजहांपुर गई नाबालिग बेटी को बीती 11 मार्च को गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी शैलेन्द्र पुत्र भैयालाल , संजीत पुत्र लालाराम आदि द्वारा भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बेटी के मामा द्वारा पीछा करने पर उक्त युवकों द्वारा उन्हें धक्का देकर उसकी बेटी को बुलेट मोटर साइकिल पर बैठा कर ले जाने का भी जिक्र किया था। जब वह शैलेन्द्र के घर बेटी को लेने गई तो शैलेन्द्र उसके भैयालाल व लालबहादुर ने उनके साथ मारपीट की। बाद में वह बेटी को अपने साथ ले गई। उक्त मामले में पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से शैलेन्द्र , संजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी क्रम में एक अन्य मामले में पॉस्को एक्ट के वांछित आरोपी गांव रानी खिरिया निवासी अर्पित पुत्र मिंटू को बाईपास चौराहे से गिरफ्तार किया गया। पॉक्सो एक्ट एक्ट आरोपी गांव नगला रता थाना बिलसंडा निवासी राकेश अवस्थी पुत्र राजेंद्र अवस्थी को अजीज गंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।


**सूचना**

मैं रचना पत्नी रजनीश कुमार ग्राम-बहादुरपुर गुना आशा देवबंद,जनपद-सहारनपुर की हूं। मेरी पावर ऑफ अटॉर्नी बही सं.-4, जिल्द -171,पृष्ठ सं.-245/260, दस्तावेज सं.-51, दिनांक-6/4/2019 पंजीकृत है, जिसका क्षेत्रफल 67.34 वर्ग मीटर है और खसरा सं.-190/2 ट, प्लॉट सं. सी-28 पर स्थित है, जो नूरपुर बरून हदूद, परगना व तह.-देवबंद, ज़ि.-सहारनपुर-247554 (उप्र)में स्थित है। जो बुशरा और मरहबा फातिमा पुत्रीगण स्व. मुस्तकीम ने श्रीमती समजीदा पत्नी स्व. मुस्तकीम नि. मौहल्ला सदल, रेलवे रोड, तहसील देवबंद(सहारनपुर) के पक्ष में एक मुख्तारनामा निष्पादित किया था। जोकि कहीं खो गया है। उपरोक्त दस्तावेज यदि किसी को मिले तो 7 दिन के भीतर सम्पर्क करें। द्वारा पंकज सिंह एडवोकेट चैम्बर नं. 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर।



**संबंध विच्छेद**

मैंने अपनी पुत्री कुं. दिव्यांशी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों की स्वंय जिम्मेदार होगी। महेश कुमार पुत्र रामचंद्र नि.ग्रा. कनेग हाल नि. ग्रा. मिश्रीपुर थाना आरसीएम, शाहजहांपुर।


## पांच डम्पर थाना रामचन्द्र मिशन में सीज

**शाहजहांपुर।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बरेली द्वारा जनपद के विभिन्न मागों पर निरीक्षण किया गया। जिसमें डीएम द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों एवं मुख्यालय स्तर पर हो रही शिकायतों के सम्बन्ध में रोजा पावर प्लान्ट से निकल रही फ्लाई ऐश को ले जा रहे, डम्परो पर तिरपाल ढके न होने के कारण कड़ी नाराजगी जतायी गयी, क्योंकि इससे मार्गो पर आम जनमानस को काफी असुविधा का सामना करना पड रहा था।इस क्रम में 5 डम्परों को थाना राम चन्द्र मिशन में सीज किया गया तथा इस सम्बन्ध में रोजा पावर प्लान्ट के अधिकारियों से मिलकर भविष्य में डंपरों को बिना दके तिरपाल के बिना परिवहन पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिये गये।

# शिक्षा ही सशक्त समाज की असली नींव: विधायक हरिप्रकाश

- जलालाबाद के मालूपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन, मेधावी पुरस्कृत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अकाखेड़ा न्याय पंचायत के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालूपुर में 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल साक्षर होने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त और जागरूक समाज की आधारशिला है। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में अभिभावकों से भावुक अपील करते हुए कहा, आज के दौर में शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर बनने का सबसे सशक्त साधन है। अभिभावकों को चाहिए कि वे खेती-किसानी और अन्य कार्यों के बीच बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित विद्यालय भेजें। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे निःशुल्क यूनिफॉर्म, पुस्तकें और छात्रवृत्ति का लाभ उठाने का भी आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि और भाजपा मंडल अध्यक्ष (ग्रामीण) विनोद अग्निहोत्री ने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ना भी आवश्यक है, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके अलावा, विद्यालय में जागरूकता गतिविधियाँ और प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एआरपी अरविंद कुमार, नरेंद्र कुशवाह, मनोज कटियार और संकुल शिक्षक कुंवर पाल ने शिक्षा की गुणवत्ता और बालिका शिक्षा पर विचार साझा किए। ग्राम प्रधान कुलदीप दीक्षित ने सभी ग्रामवासियों को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। ध्अंत में प्रधानाध्यापक नरेन्द्र पाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विपिन अग्निहोत्री ने किया। इस दौरान अजय कुमार, अजब सिंह, कुमार गौरव, पल्लवी यादव, संतोष राणा, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, त्रिलोक सिंह, आशीष कुमार और मो. फारूक सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मारपीट मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** गांव कल्याणपुर बंथरा निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र मुन्नू सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही महिपाल सिंह पुत्र विशाल सिंह, विपिन सिंह व वीरेन्द्र सिंह पुत्र महिपाल सिंह, विपिन पुत्र वीरेन्द्र सिंह , पप्पू सिंह पुत्र महिपाल सिंह तथा परिवार की महिलाओं ने चार अप्रैल को सुबह आठ बजे घर में घुस आये और गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उक्त लोग उग्र हो गये और लाठी डण्डों से प्रहार करने लगे । आरोप है कि वीरेन्द्र सिंह अपनी लाइसेन्सी बन्दूक लेकर आये और उसके बन्दूक की वट मारी तथा पप्पू ने उसके भाई नन्हें की गर्दन दबा दी, और उसकी मां वहन के साथ भी मारपीट की। आरोप है कि उक्त सभी ने उसे व बच्चों को गोली मार देने की धमकी भी दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**कार्यालय नगर पंचायत कांट, जनपद - शाहजहांपुर**

पत्रांक–371 / न०पं०कॉट / 2026–27 दिनॉकः 10 अप्रैल, 2026

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉट, जनपद–शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025–2026 में मुख्यमन्त्री वैश्विक नगरोदय योजना की धनराशि से कराये जाने वाले 02 सिविल निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदा रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से शर्तों के आधार पर दिनांक 13–04–2026 को अपरांह 12:00 बजे से दिनांक 04–05–2026 को सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा दिनांक अपरांह 05–05–2026 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, कार्य का विवरण व अन्य शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कांट
शाहजहाँपुर।

अध्यक्ष
नगर पंचायत कांट
शाहजहाँपुर।


# अवैध प्लाटिंग व बाउंड्रीवाल पर प्राधिकरण की टीम ने चलवाया बुलडोजर

- तीस हजार वर्गमीटर भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग-बाउंड्रीवाल को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत भूउपयोग के विपरीत तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किए जा रहे अवैध प्लाटिंग व बाउंड्रीवाल को प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त कराया। बताते चलें कि लगभग एक वर्ष पूर्व शाहजहांपुर में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन हुआ और तब से शहर के आसपास की जमीनें बेशकीमती हो गई और लोगों की जमीनों को बड़े बड़े कालोनाइजरों द्वारा खरीदकर प्लाटिंग का कार्य किया जाने लगा। विगत चार महीने से लगातार इस तरह के अवैध प्लाटिग निर्माण को प्राधिकरण की जेसीबी ध्वस्त करा रही है और अब तक प्राधिकरण द्वारा लगभग एक लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि पर किये गये अवैध प्लाटिंग, बाउण्ड्रीवाल निर्माण को जमीनदोज किया जा चुका है। इसी क्रम में आज दिनांक 10 अप्रैल को प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम जेई रमेश वर्मा, प्रदीप त्रिवेदी एवं शाहबाजनगर पुलिस चौकी प्रभारी तथा नगर निगम की ईटीएफ टीम के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम शाहबाजनगर में बिना विधिक तरीके से लेआउट पास कराए और मानचित्र स्वीकृत कराये बिना चार स्थानों पर लगभग तीस हजार वर्गमीटर भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग-बाउंड्रीवाल को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया गया। प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि जनमानस से बार-बार यह आग्रह किया जा रहा है कि कृपया प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत कोई भी भूमि क्रय करने से पूर्व यह अवश्य देख लें कि उस भूमि का लेआउट पास है या नहीं तथा जिस स्थल पर उनके द्वारा जमीन ली जा रही है। वह जमीन वास्तव में महायोजना-2031 में आवासीय परियोजना के लिए आरक्षित है अथवा नहीं। यह भी देखने में आ रहा है कि अपनी महत्वपूर्ण कमाई को बिना प्राधिकरण के संपर्क में आए बाजार में घूम रहे ऐसे अवैध प्लाटिंग होल्डरों के चंगुल में सीधी साधी जनता फंस जाती है और बाद में पता चलता है कि उन्होंने अपने जीवन की जो गाढ़ी कमाई का धन जमीन खरीदने में लगाया है, वह जमीन आवासीय प्रयोजन के लिए नहीं है। उनका नुकसान होता है। सचिव प्राधिकरण द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी दशा में कोई भी नया निर्माण प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना न करें। यदि किसी के द्वारा चोरी छिपे कोई निर्माण कराया जा रहा है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। ऐसी दशा में, बिना नक्शा पास कराए प्राधिकरण से क्रय किए जाने वाली भूमि के बारे में वस्तुस्थिति पता कराये बगैर कोई भी व्यक्ति कॉलोनाइजरों से भूमि न खरीदे। यह भी स्पष्ट करना है कि महायोजना विकास क्षेत्र-2031 के अंतर्गत किसी भी प्रकार का ले-आउट-मानचित्र स्वीकृत करने का अधिकार शाहजहाँपुर विकास प्राधिकरण में निहित है। किसी अन्य विभाग को शाहजहाँपुर महायोजना-2031 क्षेत्र के अंतर्गत मानचित्र स्वीकृत करने का अधिकार नहीं है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाँ, जनपद-शाहजहाँपुर**

पत्रांक- 22/ओडीएफ++/ न0पा0परि0-50/वर्ष 2025-26 दिनांक- 09/04/26

**खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ++) घोषित किये जाने की सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायों के 01 से 25 तक समस्त वाडों को पूर्व में ही खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ+) किया जा चुका है। जिसके उपरान्त नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से यह निकाय 01 से 25 तक वार्डों को (ओडीएफ++) से सम्बन्धित समस्त मानकों को पूरा कर चुकी है, और निकाय के 01 से 25 तक समस्त वार्डों को (ओडीएफ++) घोषित किया जाना है।

अतः इस निकाय के 01 से 25 तक समस्त वाडों को (ओडीएफ++) घोषित किये जाने सम्बन्धी सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में कराया जा रहा है। यदि कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाके क्षेत्रान्तर्गत किसी भी व्यक्ति को कोई सुझाव/आपत्ति है, तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के कार्यदिवस में अपने सुझाव / आपत्ति प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि उपरान्त प्राप्त किसी भी सुझाव/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**पुवायाँ शाहजहाँपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**पुवायाँ शाहजहाँपुर।**

## घातक किशोर अपराध

बदलते वक्त के साथ समाज में बढ़ते आक्रामक व्यवहार के चलते अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन किशोरों की अपराधों में संलिप्तता बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। हाल के दिनों में देश में किशोर अपराधों से जुड़ी अनेक ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिन्होंने देश को गहरी चिंता में डाला है। जो बाल अपराधों के सामाजिक कारणों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत पर बल देता है। नि:संदेह, यह विचारणीय प्रश्न है कि छोटे-छोटे विवादों के बीच किशोर हिंसक क्यों हो रहे हैं। जिसकी परिणति अकसर क्रूर हत्या के रूप में सामने आती है। पिछले दिनों दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में सिर्फ चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की निर्मम हत्या डराने वाली है। वहीं किशोरों में कानून का भय न होना गंभीर मसला है। बताया जाता है कि इस युवक की हत्या में तीन नाबालिग संलिप्त थे। इस घटना में तीन किशोर एक युवक पर लगातार चाकू मारते रहे। हिंसक प्रवृत्ति की पराकाष्ठा देखिए कि इनका चौथा साथी बाकायदा मोबाइल पर घटना का वीडियो बनाता रहा। निस्संदेह, यह घटना किसी भी सभ्य समाज में सिहरन पैदा करने वाली है कि किशोर में यह आपराधिक दुस्साहस कहां से आ रहा है। जाहिर बात है कि इन किशोरों में पुलिस-प्रशासन का कोई भय नहीं था, तभी वे सरेआम चाकूबाजी करते रहे। देश की राष्ट्रीय राजधानी जहां के बारे में अकसर कहा जाता है कि पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाने में अग्रणी रहता है, वहां यह घटना सामने आयी। सवाल उठाया जा सकता है कि देश के दूर-दराज के इलाकों में यह स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि किशोरों की आपराधिक घटनाओं में तेजी से बढ़ती भूमिका की असली वजह क्या है? उल्लेखनीय है कि दयालपुर की घटना से पहले भी कई गंभीर अपराधों में किशोरों की संलिप्तता की घटनाएं गाहे-बगाहे सामने आती रही हैं। लेकिन किशोर अपराध से जुड़े कानून उन्हें जल्दी रिहा करा देते हैं। दरअसल, देश में अकसर किशोरों के गंभीर अपराधों में लिप्त होने के चलते उनकी वयस्क होने की उम्र घटाने की मांग होती है। इसकी वजह यह है कि किशोर गंभीर अपराधों में संलिप्तता के बावजूद किशोर अपराध से जुड़े कानूनों के लचीलेपन के चलते जेल से जल्दी रिहा हो जाते हैं। जेल से बाहर आने के बाद फिर दूसरे गंभीर अपराधों में लिप्त हो जाते हैं। यह गंभीर मुद्दा है जिसके समाधान को केंद्र सरकार को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए। दरअसल, इंटरनेट के तेजी से प्रसार और सोशल मीडिया में अपराधों से जुड़ी घातक सामग्री की उपलब्धता किशोरों में भटकाव को बढ़ावा दे रही है। हिंसक फिल्में और अन्य माध्यमों में अपराध के तौर-तरीके से जुड़ी सामग्री किशोर मन पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। देश में संयुक्त परिवारों के बिखराव व बच्चों पर मां-बाप का नियंत्रण कम होने से कई किशोर बुरी संगति के चलते अपराधजगत की फिसलन में उतर जाते हैं। दूसरी ओर स्कूल-कालेजों में शिक्षकों की वह भूमिका नहीं रही, जो सख्ती से किशोरों के व्यवहार को नियंत्रित कर सके। आज उनकी सोच को मोबाइल व सोशल मीडिया पर प्रसारित विकृत सूचनाएं प्रभावित कर रही हैं। समाज के व्यवहार में एक किस्म की आक्रामकता नजर आती है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गिरोह व गैंग भी अपने आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने कि लिए किशोरों का इस्तेमाल करते हैं। सवाल यह भी है कि किशोरों तक घातक हथियार कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, नशे की दलदल में फंसने वाले किशोर भी कालांतर नशा खरीदने के लिये पैसे जुटाने के लिये अपराध की गली में उतर जाते हैं। फिर गंभीर अपराधों को अंजाम देने लगते हैं। निश्चित रूप से बदलते वक्त के साथ पुलिस की भूमिका व कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। साथ ही समाज में भी जागरूकता लानी आवश्यक है ताकि किशोरों को अपराध की राह पर बढ़ने से रोका जा सके। सरकार और समाज के साझे प्रयासों से ही इस संकट से उबरने में मदद मिल सकती है।

# सबरीमाला : संविधान और स्त्री-शक्ति का भारतीय विमर्श

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*



भारतीय समाज में धर्म, परंपरा और संवैधानिक मूल्यों का संबंध अत्यंत गहन और बहुआयामी है। सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है।

इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जो निर्णय सुनाया गया, उस निर्णय के बीच सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं, उनका कहना है कि क्या मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक अस्पृश्यता की श्रेणी में आती है? न्यायमूर्ति नागरत्ना कहती है, इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने तीन दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है।

इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को अस्पृश्यता कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान।

अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया है। इस संबंध में देवी आराधना को देखा जा सकता है, जोकि भारत में सर्वत्र एक रूप में सर्वव्यापी है। यदि हम दुर्गा सप्तशती का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि स्त्री ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। संपूर्ण दुर्गासप्तशती ही स्त्री महात्म, नारी समम्मान, श्रद्धा और उसके प्रति समर्पण से पूर्ण है।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ (दुर्गा सप्तशती, अध्याय 5), इस प्रकार के मंत्रों की पूरी श्रंखला है। विद्या : समस्तास्तव देवि भेदा:, स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु। त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः॥ के माध्यम से कहा गया है कि हे देवी! संसार की समस्त विद्याएं तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। इसी प्रकार, विश्व की समस्त स्त्रियां (सकला जगत्सु - संसार में) तुम्हारा ही रूप हैं। हे अंब (माता)! इस पूरे जगत को तुमने ही आच्छादित (पूरित) किया है। तुम्हारी स्तुति भला कौन कर सकता है? तुम तो स्तुति के योग्य शब्दों से भी परे हो। कुल मिलाकर समस्त जगत में जो कुछ भी है, वह स्त्री-शक्ति से ही व्याप्त है। यही भारतीय दर्शन का मूल तत्व है जो हमें बताता है कि स्त्री ही सृष्टि की आधारभूत ऊर्जा है।

इसी भाव को देवी भागवत पुराण अभिव्यक्त करता है, त्वमेव सृष्टि : त्वमेव पालनं, त्वमेव संहारकारिणी। अर्थात सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार–तीनों स्त्री-शक्ति के अधीन हैं। (स्कंध 1, अध्याय 8)। वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इसी उच्च स्थान का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद (मंडल 10, सूक्त 125) में वाक् सूक्त के माध्यम से स्त्री स्वयं को ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है- अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्ज् ऋग्वेद (10.125.3) के वाक् सूक्त का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्र है, जो ज्ञानशक्ति (देवी वाक) की सर्वोच्चता बताता है। इसका अर्थ हुआ, मैं (वाक/शक्ति) राष्ट्र की स्वामिनी हूँ, समस्त धनों (वसूनाम्) को इकट्ठा करने वाली (संगमनी) हूँ और श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाली (चिकितुषी) हूँ। इस प्रकार से यह सर्वोच्च चेतना या वाणी के रूप में स्वयं को राष्ट्र के ऐश्वर्य और ज्ञान का मूल बताती है।

मनुस्मृति में तो यहां तक कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। (अध्याय 3, श्लोक 56)। जहां स्त्री की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। वस्तुत: कहना होगा कि यह श्लोक भारतीय समाज की मूल संरचना को दर्शाता है। आधुनिक विद्वान पैट्रिक ओलिवेल ((Manu's Code of Law, पृ. 78) भी इसे स्त्री के सम्मान का प्रमाण मानते हैं।

हां, यह जरूर है कि अक्सर रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। परंतु गोस्वामी तुलसीदास की भाषा और संदर्भ को समझे बिना उसका अर्थ निकालना उचित नहीं है। उक्त चौपाई में ताड़ना का अर्थ अवधी में देखभाल या संरक्षण होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल (हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 214) इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। अब प्रश्न यह है कि यदि भारतीय परंपरा स्त्री को इतना उच्च स्थान देती है, तो सबरीमाला जैसी परंपराएँ क्यों? इसका उत्तर सामाजिक और जैविक यथार्थ में निहित है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं को शारीरिक कष्ट, थकान और असुविधा होती है।

इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2022 का संदर्भ देख सकते हैं, जिसके अनुसार लगभग 70 फीसद महिलाएँ इस दौरान किसी न किसी प्रकार की पीड़ा अनुभव करती हैं। प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुईं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि विश्राम हेतु अलग रखना और अस्पृश्य मानना दो अलग अवधारणाएँ हैं।

भारतीय समाज में मूल भावना संरक्षण और स्वास्थ्य की थी, न कि भेदभाव की।

यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है, एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा? वैज्ञानिक भाषा में तो वह पानी ही तो है!

इसी तरह से मल त्याग या शरीर से लगातार थूक के निकलने एवं नाक का बहना है, होने को तो यह एक क्रिया ही है, क्या तब मंदिर में प्रवेश मिलेगा? सभी हिन्दू घरों में यह सामान्य परंपरा है जिसके लिए कोई किसी से कुछ नहीं कह रहा, स्नान के बाद पूजा करने से पूर्व घर के सदस्य चाहे जहां, इधर-उधर नहीं बैठते हैं। कोई बिना नहाए उनसे गले लगना भी चाहे तो उसे पूजा सम्पन्न होने तक इंतजार करना होता है। फिर यह सबरीमाला प्रकरण तो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है।

अतः यहां समझना यही है कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि स्त्री स्वयं शक्ति है। वह जननी है, पालनकर्ता है और सृष्टि की आधारशिला है। स्त्री समस्ता सकला जगत्सु यही भारतीय जीवन-दृष्टि का सार है। इसलिए आवश्यक है कि सबरीमाला जैसे विषयों पर निर्णय लेते समय संविधान की मर्यादा, शास्त्रों की गहराई और समाज की वास्तविकता इन तीनों को ही साथ लेकर चलना आवश्यक है। यही संतुलन भारतीयता की पहचान है और यही इस विमर्श का वास्तविक समाधान भी है।

विचार

# केंद्र की राजनीति में नीतीश, बिहार में भाजपा युग



*अजय कुमार*

करीब दो दशकों तक बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा की राह पकड़ना केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस लंबे दौर का मोड़ है जिसने 2005 के बाद बिहार की राजनीति की दिशा तय की। जिस नेता ने करीब 21 वर्षों तक राज्य की सत्ता को प्रभावित किया, वही अब दिल्ली की राजनीति में नई भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि बिहार की राजनीति लंबे समय से एक ही नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है और अब पहली बार इतने लंबे कार्यकाल के बाद सत्ता में बड़ा संक्रमण दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री कार्यकाल बिहार के इतिहास में सबसे लंबे और प्रभावशाली कार्यकालों में गिना जाता है। नवंबर 2005 में स्थायी सरकार बनने के बाद से अप्रैल 2026 तक, अलग-अलग चरणों को जोड़कर उन्होंने लगभग 18 से 19 वर्षों तक मुख्यमंत्री पद संभाला। इस दौरान वे कुल 10 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जाता है। 2000 में पहली बार वे सात दिन के लिए मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 24 नवंबर 2005 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में स्थिर सरकार का दौर शुरू हुआ। राजनीतिक सफर के शुरुआती चरण पर नजर डालें तो 1985 में पहली बार विधायक बनने के साथ उनकी सक्रिय राजनीति शुरू हुई। उसके चार साल बाद, यानी 1989 में वे पहली बार लोकसभा पहुंचे। 1989 से 2004 तक लगातार चार बार लोकसभा सदस्य चुने जाने का रिकॉर्ड उनके नाम रहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं। 1990 के दशक में कृषि राज्य मंत्री के रूप में काम करने के बाद 1998 से 2004 के बीच रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री जैसे अहम मंत्रालय संभाले। रेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में कई नई रेल परियोजनाएं शुरू हुईं और यात्री सुविधाओं में सुधार के प्रयास किए गए, जिससे उन्हें प्रशासनिक अनुभव मिला। 2005 में जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली, तब राज्य की स्थिति कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थी। उस समय राज्य की सड़क व्यवस्था कमजोर मानी जाती थी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों की कमी थी। 2005 के बाद के वर्षों में हजारों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2005 से 2020 के बीच राज्य में लाखों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य हुआ, जिससे गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हुई।

शिक्षा क्षेत्र में भी उनके कार्यकाल को बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2006 में शुरू की गई साइकिल योजना का प्रभाव सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे खासकर लड़कियों की स्कूल पहुंच बढ़ी। 2005 में जहां माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था, वहीं अगले दस वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भूमिका निभाई।पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनके शासनकाल की सबसे बड़ी प्रशासनिक पहलों में गिना जाता है। बिहार देश के उन शुरुआती राज्यों में शामिल हुआ, जहां पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ी। इसके बाद हजारों महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में सामने आईं। इस फैसले ने ग्रामीण राजनीति का स्वरूप बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बदलाव दर्ज किए गए। 2005 के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई, जिसे



स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ती पहुंच का संकेत माना गया।हालांकि उनकी राजनीति केवल विकास योजनाओं तक सीमित नहीं रही। गठबंधन की राजनीति में बार-बार बदलाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान बन गई। वर्ष 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होकर नई राजनीतिक दिशा अपनाई। 2017 में फिर उसी गठबंधन में वापसी की। 2022 में उन्होंने एक बार फिर दिशा बदली और 2024 में पुनः उसी गठबंधन में शामिल हो गए। लगभग 11 वर्षों के भीतर चार बड़े राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक जीवन की जटिलता को दर्शाते हैं।2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को भी उनके राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ माना जा रहा है। राज्य की 243 सीटों वाली विधानसभा में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद उन्होंने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन चुनाव के चार-पांच महीने के भीतर ही राज्यसभा की ओर बढ़ने का फैसला यह संकेत देता है कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। राज्यसभा में जाने के साथ ही एक और अहम रिकॉर्ड उनके नाम जुड़ गया है। वे उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों सदनों विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यता का अनुभव हासिल किया है। भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम मानी जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि दिल्ली में उनकी भूमिका क्या होगी। लंबे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह माना जा रहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण या गठबंधन प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों के संसदीय अनुभव और लगभग दो दशकों के मुख्यमंत्री कार्यकाल ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जो जटिल राजनीतिक समीकरणों को समझने और संतुलित करने में सक्षम माने जाते हैं।दूसरी ओर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। राज्य में करीब 13 करोड़ की आबादी और 38 जिलों वाले इस बड़े राज्य का नेतृत्व संभालना आसान नहीं माना जाता। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं को जारी रखा जाए और साथ ही नई प्राथमिकताओं को भी लागू किया जाए।

बिहार की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लगभग 20 वर्षों में जो प्रशासनिक ढांचा तैयार हुआ, उसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना नई सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या नई सरकार विकास की उसी गति को बनाए रख पाती है, जो पिछले वर्षों में देखने को मिली थी। नीतीश कुमार का दिल्ली की ओर बढ़ना उनके राजनीतिक जीवन का एक पूर्ण चक्र भी माना जा रहा है। जिस नेता ने सांसद के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी, वही अब मुख्यमंत्री पद से हटकर फिर संसद की ओर लौट रहा है। यह बदलाव केवल पद का परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार और राष्ट्रीय राजनीति दोनों के लिए एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि यह फैसला केवल जिम्मेदारी बदलने तक सीमित था या फिर राष्ट्रीय स्तर पर किसी बड़े राजनीतिक किरदार की भूमिका तय करने की तैयारी।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य

## किसान



**बिंदेश कुमार झा**

नई आशाओं को संजोग के,
खुशियों के बीज बो के,
प्रेम के सुखद जल से,
उन पौधों को तृप्त कर रहा,
ना जाने कितनी विपदाओं को
वह किसान भ्रमित कर रहा।

आज नहीं वह देखेगा
अपने पैर के घाव को,
दो घड़ी नींद ना लेकर
आराम न देगा अपने पांव को,
क्योंकि खेत में लगे वह पौधे
नहीं, हमारे जीवन का यह यश है।

कोटि मानव जो इस देश में है
उसका पेट भरने को विवश है,
क्योंकि वह एक किसान है,
जिसकी जीवन ज्योति महान है।





## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह न हों।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# महिलाओं को तीन हजार महीना वाला मास्टरस्ट्रोक



*संजय सक्सेना*

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है, जिसमें भय बनाम भरोसे के मुद्दे को केंद्र में रखकर प्रदेश की राजनीति में एक बड़े बदलाव का आह्वान किया गया है। पार्टी के इस घोषणा पत्र में सबसे प्रमुख और प्रभावशाली वादा सरकार बनने के मात्र छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लागू करने का है, जिस पर तृणमूल नेत्री और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी अपनी पार्टी का पक्ष रखना पड़ेगा। ममता इसका विरोध करेंगी तो हिन्दू वोटर और समर्थन करेंगी तो मुस्लिम वोटर उनसे दूर जा सकता है। बीजेपी ने इसके साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक महिला को हर महीने तीन हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की है, जो राज्य की मौजूदा राजनीति में एक मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। भाजपा ने अपने इस पत्र के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर कानून का शासन और सर्वांगीण विकास का नया अध्याय शुरू करना चाहती है। घोषणा पत्र में बंगाल की अस्मिता, सुरक्षा और समृद्धि को आधार बनाकर कई ऐसे वादे किए गए हैं, जो समाज के हर वर्ग को छूने का प्रयास करते हैं।

समान नागरिक संहिता का वादा न केवल सामाजिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इसे भाजपा की विचारधारा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के रूप में भी देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पार्टी ने लक्ष्मी भंडार जैसी मौजूदा योजनाओं के जवाब में तीन हजार रुपये की बड़ी राशि का संकल्प लिया है, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा ने बांग्ला भाषा को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य करने और तकनीकी पाठ्यक्रमों को स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराने की बात कही है, जिससे बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। कृषि क्षेत्र के लिए भी इस संकल्प पत्र में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें किसानों को प्रति वर्ष मिलने वाली आर्थिक सहायता में वृद्धि और फसलों के उचित मूल्य की गारंटी शामिल है। इसके अलावा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने हेतु राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और बंद पड़ी जूट मिलों को पुनर्जीवित करने का खाका खींचा गया है। घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए सरकारी नियुक्तियों में पारदर्शिता लाने और भर्ती घोटालों की जांच के लिए विशेष आयोग गठित करने का वादा किया गया है।




स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को सुधारने के लिए राज्य में आयुष्मान भारत योजना को तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कही गई है, जिससे गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की समस्या को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए आधुनिक तकनीक और अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती का संकल्प भी इस घोषणा पत्र का अहम हिस्सा है। पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शक्तिपीठों के विकास और धार्मिक पर्यटन केंद्रों के सौंदर्यीकरण की योजना भी पेश की गई है। भाजपा ने अपने इस चुनावी दस्तावेज में मछुआ समुदाय और अनुसूचित जाति व जनजाति के कल्याण के लिए विशेष वित्तीय पैकेज और आरक्षण के लाभों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। आधारभूत संरचना के विकास के लिए नई सड़कों, पुलों और शहरी सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया गया है, ताकि बंगाल को निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बनाया जा सके।

राज्य की कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस बल के आधुनिकीकरण और राजनीतिक हिंसा को पूरी तरह समाप्त करने का वादा करते हुए भाजपा ने जनता को एक भयमुक्त वातावरण देने का भरोसा दिलाया है। घोषणा पत्र में विशेष रूप से चाय बागान श्रमिकों के वेतन में वृद्धि और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए विशेष आवास योजना का जिक्र किया गया है। पर्यावरण संरक्षण और सुंदरबन जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए भी एक समर्पित कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई है। इस संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका लक्ष्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन है। प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और गांवों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुधारने का भी संकल्प लिया गया है। कुल मिलाकर भाजपा का यह घोषणा पत्र एक ऐसे बंगाल की परिकल्पना करता है, जहां विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ आर्थिक प्रगति के नए आयाम स्थापित हों। यह घोषणा पत्र आगामी चुनावों में पार्टी के लिए एक प्रमुख वैचारिक हथियार साबित होगा, जो मतदाताओं के सामने भविष्य का एक स्पष्ट खाका प्रस्तुत करता है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### हरदोई जनपद को मिला प्रदेश में चौथा एवं मंडल में प्रथम स्थान



**हरदोई।** मुख्यमंत्री के कार्यालय द्वारा सीएम डैशबोर्ड की मार्च 2026 की रैंकिंग शनिवार को जारी कर दी गई जिसमें जनपद को प्रदेश में चौथा स्थान व मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में राजस्व का तीसरा व विकास को सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। विकास में 77–ए श्रेणी 2–बी श्रेणी तथा 3–C श्रेणी प्राप्त हुई, इसी प्रकार राजस्व में A श्रेणी में –4 B श्रेणी में –7 C श्रेणी में –2 तथा D श्रेणी में –1 है। जिलाधिकारी अनुनय झा हरदोई के अथक प्रयास से उक्त उपलब्धि प्राप्त हो सकी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक



**हरदोई।** शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती रीता कौशिक की अनुमति से दिनाँक 09 मई 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई काव्या सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों व विद्युत विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए तथा ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में प्रशासन की की ओर से नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, नगर पालिका विभाग से राजीव शुक्ला, विद्युत विभाग से पीपी सिंह, पुनीत कुमार दुबे, शशांक मौर्या, उस्मान अली, यातायात उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार, जेसन सेन सदस्य स्थाई लोक अदालत व विद्युत विभाग के अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई की शिकायतों का हो न्याय पूर्ण निस्तारण



**हरदोई।** शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनते हुए अधिनस्थों को न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय पर न्याय पाने की आस में आये पीड़ितों से उन्होंने पुलिस कार्यालय तक आने की वजह भी जानी और सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन कर सम्बंधित अधीनस्थ को कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को चेताया है कि थाने आने वाले पीड़ितों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनका न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाए ताकि पीड़ितों को पुलिस कार्यालय तक न्याय के लिए भटकना न पड़े।

### स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में आक्रोश, विरोध में किया हंगामेदार प्रदर्शन



**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के विरोध में गुरुवार को माधौगढ़ नगर की महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफजमकर नारेबाजी की और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल नगर पंचायत माधौगढ़ की महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक बढ़ गए हैं, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। उनका कहना था कि पुराने मीटर में बिल नियंत्रित रहता था, लेकिन अब अनियंत्रित बिल आ रहे हैं और सीधे जेब पर असर पड़ रहा है। वहीं बुजुर्गों ने भी इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तत्काल हटाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्गों की मौजूदगी ने आंदोलन को और गंभीर बना दिया। लोग घंटों तक एसडीएम कार्यालय के बाहर डटे रहे और फ़स्मार्ट मीटर हटाओफ़ के नारे लगाते रहे। इस दौरान प्रशासन के खिलाफभी नाराजगी खुलकर सामने आई। प्रदर्शन कर रहे नगरवासियों ने बताया कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है, ऐसे में बढ़े हुए बिजली बिल उनके लिए दोहरी मार साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के इस दौर में स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस प्रदर्शन के बाद पूरे माधौगढ़ क्षेत्र में हलचल मची हुई है और लोग इस मुद्दे को लेकर लगातार चर्चा कर रहे हैं।

### वाहन चालक के साथ विद्यालय संचालक पर होगी एफआईआर दर्ज

**कालपी (जालौन)।** स्कूली बच्चों से भरे अनधिकृत वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने के मामले में कड़ी कार्यवाही हो सकती है। परिवहन विभाग वाहन चालक तथा विद्यालय संचालक के खिलाफमुकदमा दर्ज करायेगा। मालूम हो कि गुरुवार दोपहर कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के अकबर पुर इटौरा में संचालित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के बच्चों को लेकर करमचन्दपुर गाँव छोड़ने जा रही मारुति ईको गाड़ी सख्या यूपी 92 एयू 5810 लुहरगांव के पास अनियंत्रित होकर सडक के नीचे पलट गई थी जिसमें दुर्घटना के समय 11 बच्चों के साथ एक शिक्षिका भी सवार थी। स्कूल वाहन के दुर्घटना का शिकार होने की सूचना पर पुलिस के साथ एसडीएम मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे और दुर्घटना में घायल हुए आधा दर्जन बच्चों और शिक्षिका को मेडिकल कॉलेज भेजा था जंहा शिक्षिका और एक बच्चे को दाखिल कर बाकी को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया था लेकिन विना वैध परमिट के स्कूली बच्चों के परिवहन के मामले को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गम्भीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले में विद्यालय संचालक के साथ दुर्घटनाकारी वाहन के मालिक और चालक के खिलाफमामला दर्ज कराए जाने के निर्देश एआरटीओ को दिए है। सी ओ अवधेश कुमार सिंह के अनुसार स्कूली बच्चों के लिए वाहन का पंजीकरण आवश्यक है लेकिन दुर्घटना कारी वाहन अवैध रूप से विद्यालय के बच्चों को ढो रहा था अब मामले में परिवहन विभाग जो भी तहरीर देगा उसी के अनुसार मामला दर्ज कर हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

### किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन न होने पाए: रविन्द्र सिंह



**फतेहपुर।** जनपद एवं तहसील स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने खान अधिकारी से जनपद में संचालित खनन क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन न होने पाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवैध खनन एवं अति–भारित (ओवरलोडिंग) वाहनों के विरुद्ध संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। खनन क्षेत्रों में नियमानुसार खनिज चौकियों की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा नगर क्षेत्र के भीतर खनिज का परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तहसील एवं थाना स्तर पर गठित प्रवर्तन दल पूर्ण रूप से सक्रिय रहें तथा मार्गों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जाए। साथ ही खनिज परिवहन में संलग्न सभी वाहनों द्वारा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), उपजिलाधिकारी खागा एवं बिंदकी, तहसीलदार सदर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), खान निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# प्रेम-प्रसंग में बाधक बनने पर दोस्तों ने ही की थी युवक की हत्या

- **पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का किया खुलासा**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



मझिला थाना के ग्राम आंझी निवासी युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 9 अप्रैल को संध्या सिंह पत्नी अशोक सिंह निवासी आंझी थाना मझिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी कि 24 फ़रवरी को आशीष सिंह उर्फ हवलदार पत्र प्रेमपाल सिंह नि. ग्राम आझी, धीरज सिंह पुत्र नवल सिंह नि. ग्राम आझी और भंवर पाल सिंह उर्फ मुले पुत्र विश्वराज सिंह नि. रनियामऊ थाना पिहानी व एक अन्य, उसके पुत्र अभय प्रताप को अपने साथ जनपद फर्रुखाबाद ले गये थे। जहां उक्त लोगों द्वारा उसके पुत्र अभय की हत्या कर दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की। मझिला के प्रभारी सतेंद्र कुमार ने हत्या में नामजद आशीष सिंह उर्फ हवलदार पुत्र प्रेमपाल,धीरज सिंह पुत्र नवल सिंह और भंवर पाल सिंह उर्फ मुले पुत्र विश्वराज सिंह को मृतक के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। एएसपी/सीओ सर्किल आलोक राज नारायण ने बताया कि मृतक व अभियुक्तगण की आपस में मित्रता थी। मृतक अभय की फुफेरी बहन, मृतक के घर पर रहती है। जिसका अभियुक्त धीरज के साथ करीब 01 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके संबंध में मृतक अभय को जानकारी हो गयी थी जिसका मृतक द्वारा विरोध किया जाता था। 24 फ़रवरी को मृतक अभय व अभियुक्तगण घूमने हेतु थाना राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद गये थे जहां दिनांक 25 फ़रवरी की शाम मृतक व तीनो अभियुक्तगण शराब के नशे में थे। तीनो हत्यारोपियों ने अभय को थाना राजेपुर क्षेत्रांतर्गत पुल के नीचे रामगंगा नदी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी।आगे वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर मेस सहित पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन सहित मेस, डायल 112,क्वाटर गार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रत्येक शुक्रवार को होने वाली नियमित परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा सरकार की गाइड लाइन के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करें।जनता जिस विश्वास के साथ पुलिस के पास न्याय की आस लेकर आती।पीड़ितों के विश्वास पर खरे उतरने का प्रयास करें।इस अवसर पर पुलिस कर्मियों दंगा नियंत्रण के हथियारों को खोलने और बंद करने का अभ्यास करवाया गया।पुलिस अधीक्षक ने मेस, पुलिस लाइन परिसर, डायल 112, गार्ड रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद आलोक राज नारायण, प्रतिसार निरीक्षक उपस्थित रहे।

## अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना व अपने सम्बन्धी का नाम देखा जा सकता है: एडीएम

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने सूचित किया है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के दृष्टिगत अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामवलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 10.04.2026 को जनपद स्तर पर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में एवं प्रत्येक पदाभिहित स्थलों पर करा दिया गया है। अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामवली जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में तथा जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह की अवधि के लिए निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। कोई भी मतदाता उक्त स्थलों पर जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना अथवा अपने सम्बन्धी का नाम देख सकता है। उन्होने कहा है कि उक्त के अतिरिक्त जन-सामान्य द्वारा अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, हरदोई वेबसाइट https://hardoi-nic-in/deo&portal एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र लखनऊ की वेबसाइट https://ceouttarpradesh-nic-in/ पर भी किया जा सकता है।

## गन्ने के खेत में पानी लगाते समय किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हरियावां/हरदोई।** हरियावां थाना क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी किसान रामबाबू पाल (करीब 52 वर्ष) की शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक वह तड़के अपने गन्ने के खेत में पानी लगाने गए थे। करीब 11 बजे तक घर वापस न लौटने और फोन रिसीव न करने पर परिजन चिंतित हो उठे। जब परिजन खेत पहुंचे तो देखा कि रामबाबू पानी से लथपथ अवस्था में खेत में गिरे पड़े थे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें उठाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मृतक के दामाद भी मौके पर पहुंचे और शव को घर लाया गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पुत्र दिल्ली में ट्रक चालक है। पुलिस के अनुसार तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इंटर कॉलेज मे शुक्रवार को छात्र छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के दौरान शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक हर्ष पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत का सम्मान ही बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।और कड़ी मेहनत से ही सफलता के द्वार खुलते हैं आज के विद्यार्थी ही हमारे देश का भविष्य हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद राम राजपूत ने सभी सम्मानित हुए विद्यार्थियों को बधाई दी एवं इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अमित तिवारी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए निरंतर आगे बढ़ाने की आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8, 9, 11 में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सुमित, विभा भारती, प्रांशु गौतम, भूमि, शिफा बानो, कार्तिकेय भारती शैरीन, सोनम पांडे, संजय, अमन अनु, अंशिका कठेरिया अंजलि, सुधांशु तिवारी, विवेक, योगेश, आज़मी, अंशिका पाल ,विजेंद्र प्रताप सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

# निर्माणाधीन प्रवेश द्वार की बीम ढहने से आधा दर्जन मजदूर घायल

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- **घटना के बाद घटना स्थल पर मची रही चीख पुकार**
- **एसडीएम बोले हादसे की करायेंगे विस्तृत जांच जो भी दोषी होगा उस पर होगी कार्रवाई**



जालौन-औरैया स्टेट हाईवे पर सनगढ़ के पास निर्माणाधीन प्रवेश द्वार जो कि अचानक शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन गेट की एक बीम अचानक ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूर सुनील पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम बघारिया औरैया रूप सिंह पुत्र छोटे रलीपुर भीखेपुर औरैया, गोविंद पुत्र जगत सिंह निवासी दयालपुर औरैया रवि पुत्र गया प्रसाद करियापुर सलेमपुर औरैया हीरो पुत्र जगदीश सिंह सलेमपुर औरैया की घायल अवस्था बहुत ही गंभीर हुई है। घायलों को उपचार हेतु विश्वनाथ प्रताप पुत्र गया प्रसाद निवासी सलेमपुर औरैया के द्वारा जिला अस्पताल उपचार हेतु ले गए। घटना के बाद मौके पर अफ़रा-तफ़री मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी घायल मजदूरों को तत्काल जिला चिकित्सालय चिचोली औरैया में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच मजदूरों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफ़र कर दिया है। इस दुर्घटना के बाद निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और संबंधित एजेंसियों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। जालौन के एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। और घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे, पुलिस चौकी शंकरपुर प्रभारी रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, कांस्टेबल प्रवीण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, गौरव उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार, तीन मजदूर घायल हुए हैं। प्रवेश द्वार का निर्माण कर रहे ठेकेदारों में अनिल कुमार पुत्र श्रीमन नारायण नया पटेल नगर उरई लाल जी दुहौलिया पुत्र रामस्वरूप नया पटेल नगर उरई, प्रवेश द्वार में लगाई गई शटरिंग मलिक अवधेश कुमार भाऊपुर औरैया के द्वारा निर्माण कार्य में शटरिंग को सेट करने कार्य निर्वाहन कर रहे थे।

## बगैर प्रपत्र ओवरलोड मौरंग भरकर फर्राटा भरते नौ ट्रकों को किया सीज



**कालपी (जालौन)।** खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। गुरुवार देर रात चले अभियान में टीम ने 9 ओवरलोड तथा बिना खनिज प्रपत्रों के ट्रक सीज किए है जिनके ऊपर लाखों का जुर्माना भी लगाया गया है। क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन को शायद शासन ने संज्ञान ले लिया है जिसके चलते अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर ने इस गोरखधंधे पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए है जिसके लिए एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में टीम का गठन किया गया है जिसमें क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के अलावा एआरटीओ व खनिज विभाग के जिम्मेदारो को भी जिम्मेदारी दी गई है इसी के चलते गुरूवार देररात एस डी एम की अगुआई मे आटा थाना क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग शुरू की गई थी इस दौरान टीम ने 9 ओवरलोड मौरम भरे ट्रकों को पकड़ा है जिनको पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। एसडीएम के अनुसार पकड़े गए ट्रकों पर लाखों का जुर्माना भी लगाया गया है। वही प्रशासनिक टीम की कार्यवाही के बाद भी खनिज के अवैध परिवहन पर कोई ज्यादा असर नहीं है टीम के रोड से जाते ही वालू से भरे ओवरलोड ट्रकों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था जो घण्टों तक जारी रहा है जिससे अभियान की सफ्लता पर भी अंगुलिया उठाने लगी है।

## 2027 में पुनः बनेगी भाजपा की सरकारः आदित्य पांडे

**जहानाबाद, फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जहानाबाद क्षेत्र में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक आदित्य पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वर्ष 2027 में पुनः भाजपा सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। अपने संबोधन में आदित्य पांडे ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संविधान में पूर्ण विश्वास रखते हुए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत व निष्ठा पर पार्टी को सदैव गर्व रहा है। उन्होंने ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन की लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा अन्य दलों से अलग और मजबूत है। उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि आज गांव से लेकर शहर तक विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की शहरी विकास योजनाओं से जहां शहरी क्षेत्रों में गरीबों को आवास उपलब्ध हो रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार, सड़कों का चौड़ीकरण एवं हर घर जल योजना के तहत पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। आदित्य पांडे ने कहा कि वर्तमान सरकार देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजने का कार्य कर रही है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण इसका उदाहरण है। कार्यक्रम में डॉ ओमप्रकाश पाल, रामसारे गुप्ता, रामकरण सिंह, नीरज कुमार, मुकुंद गुप्ता, शिवम शुक्ला, अभिषेक पांडे, जय सिंह, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, रामनरेश यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में पड़े 1601 मत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में सुबह 9:30 बजे से मतदान शुरू हुआ और सायं 5 बजे तक मतदान चला। जिसमें 1601 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री ने बताया की 1921 मतदाताओं के सापेक्ष 1601 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया और सकुशल मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तीनों बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। मतदान बूथ में मोबाइल पूरी तरीके से प्रतिबंधित था। इस दौरान सिविल बार हाल में 628 मतों के सापेक्ष 520 मत पड़े तो वही डीबीए हाल में 654 मतों के सापेक्ष 448 मत पड़े। जबकि लाइब्रेरी हाल में 752 मत के सापेक्ष 633 मत पड़े। इस दौरान कुल 1601 मत पड़े। इस अवसर पर फ्तेहपुर के सांसद नरेश उत्तम पटेल, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, केपी सिंह, सुशील मिश्रा, हंसराज सिंह, मणि प्रकाश दुबे, विपिन यादव, अजय अवस्थी, असलम शेर खां, शदब खान, वीरप्रकाश लोधी सहित तमाम मतदाता अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। हम आपको बता दे की आदर्श अधिवक्ता संगठन से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश भदोरिया तो महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा रहे वही आदर्श अधिवक्ता संगठन के दूसरे गुट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह, महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण मिश्रा तो व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बाबू सिंह यादव, महामंत्री पद के प्रत्याशी शाहजहां, सर्व समाज के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगनायक सचान, महामंत्री पद के प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव सहित तमाम अलग-अलग 23 पदों के प्रत्याशियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर अपने पक्ष में माहौल बनाया। अब देखने वाली बात यह होगी कि मतदाताओं ने किसके सिर जीत का ताज सजाया है यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा फ़िलहाल सभी जीत को लेकर गुड़ा भाग लगाने में जुटे हैं। इस दौरान अलग-अलग प्रत्याशियों के समर्थकों ने नारेबाजी भी किया और अपने प्रत्याशी को जीत की अग्रिम बधाई भी दिया हम आपको बता दें कि कल यानी 11 अप्रैल को मतगणना होगी जिसको लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री, सहायक चुनाव अधिकारी हरबंस सचान ने सारी तैयारी कर लिया है इस दौरान एक बड़ी एलइडी लगाई जाएगी जिससे बाहर बैठ समर्थक भी चुनाव का सीधा प्रसारण देख सकेंगे।

# स्मार्ट मीटर को लेकर पनवाड़ी के ठकुरासपुरा में हंगामा

- **मोहल्लेवासियों स्थानीय सुपरवाइजर स्मार्ट मीटर विभाग को दो घंटे बैठाया, अधिक बिल और बिना सूचना बिजली कटने से उपभोक्ताओं में नाराजगी, स्मार्ट मीटर हटाने की उठी मांग**

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



कस्बा पनवाड़ी के ठकुरासपुरा मोहल्ले में स्मार्ट मीटर को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया। बिजली बिल अधिक आने और बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति बंद होने की शिकायतों को लेकर मोहल्लेवासियों ने स्मार्ट मीटर कंपनी के सुपरवाइजर प्रवीण नायक को मौके पर बुलाकर लगभग दो घंटे तक बैठाए रखा और अपनी समस्याएं सामने रखीं। स्थानीय लोगों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली व्यवस्था में परेशानी लगातार बढ़ी है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिल जमा करने के बावजूद दो दिन के भीतर ही बिजली कट जाती है, जिससे घरों में रोजमर्रा का काम प्रभावित हो रहा है। कई परिवारों ने बताया कि उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि भुगतान होने के बाद भी बिजली क्यों बंद हो रही है। मोहल्लेवासियों के अनुसार पहले जहां सामान्य बिल आता था, वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक महीने में 3000 से 4000 रुपये तक का बिल आने लगा है। लोगों का कहना है कि उनके घरों में बिजली की खपत इतनी नहीं है, फिर भी भारी बिल भेजे जा रहे हैं। इस दौरान कई स्मार्ट मीटर धारकों ने अपने-अपने बिजली बिल मीडिया के सामने दिखाए और दावा किया कि बिल की राशि वास्तविक खपत से कहीं अधिक है। ग्रामीणों नेस्थानीय सुपरवाइजर पर भी गंभीर आरोप लगाए और कहा कि शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना था कि कई बार विभागीय कर्मचारियों से संपर्क किया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। हंगामे के दौरान महिलाओं और बुजुर्गों ने भी नाराजगी जताई और कहा कि बार-बार बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटर की जांच कराई जाए और जिन मीटरों में तकनीकी खामी है उन्हें बदला जाए। मौके पर मौजूदस्थानीय स्मार्ट मीटर के सुपरवाइजर ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों तक समस्या पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि मोहल्लेवासियों ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## असम के मुख्यमंत्री का कांग्रेस ने फूंका पुतला



**फ्तेहपुर।** जिला व शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से एक जुलूस निकाल कर सरकार विरोधी नारा लगाते हुए ज्वाला गंज चौराहे पहुंच कर असम के मुख्य मंत्री हेमंता विश्वा शर्मा का पुतला दहन किया। पुतला दहन के पश्चात जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज यह सिद्ध हो चुका है कि भाजपा पार्टी भ्रष्टाचारियों का एक समूह है एवं चरित्र हीनता इनका गहना है। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत विश्वा शर्मा एक अपराधी है जिसे भाजपा बचाने का प्रयास कर रही है परन्तु कांग्रेस उसे नहीं छोड़ेगी बस समय का इंतजार है वही शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने पूरी भाजपा को लुटेरी सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस जनों को अनर्गल फ़साने वाली भाजपा अपने अपराधी साथियों को बचाते बचाते अपना राजनैतिक अस्तित्व खत्म कर चुकी है साथ ही गलत ढंग से बनी सरकारें प्रदेशों को लूट रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हेमंता विश्वा शर्मा जैसा भ्रष्ट आदमी अपनी चोरी पकड़ जाने से अर्ध विक्षिप्त हो चुका है उसको इसकी सजा जरूर मिलेगी आज नहीं तो कल। पुतला दहन में मुख्य रूप से राजीव लोचन निषाद, पप्पू पाल, राजेंद्र लोधी, कलीम उल्ला सिद्दीकी, मनोज घायल, जगत पाल पासवान, अमीरउज्जमा खान, राजीव श्रीवास्तव, इंद्र जीत लोधी, नसीम अंसारी, आमीन खान मौजूद रहे।

# अंतिम नामावली सूची का डीएम ने किया प्रकाशन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से समक्ष कर दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी भी मौजूद रहे। अंतिम मतदाता सूची में कुल 20 लाख 73 हजार 352 मतदाता नामावली में हो गए हैं। 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कुल मतदाता 19 लाख 58 हजार 495 थे। 10 अप्रैल को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में 114857 मतदाताओं की वृद्धि हुई है इस प्रकार कुलदीप मतदाता संख्या 2073352 हो गईं। सूची में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1127144 और महिला मतदाता 946163 है। तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 45 है वही 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता 25699 हैं. मतदाताओं का जेंडर अनुपात 839 हैं। इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सपा , अपना दल सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

रामसनेहीघाट संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार रामसनेहीघाट में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 270 दरियाबाद की अंतिम मूल निर्वाचक नामावली का विधिवत प्रकाशन किया गया। यह प्रकाशन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद तहसील सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के पुनरीक्षण, पारदर्शिता और मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत नए मतदाताओं को जोड़ा गया, मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए गए तथा त्रुटियों का संशोधन कर सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन कर किसी भी त्रुटि की सूचना समय रहते संबंधित कार्यालय में दें।

## ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

**मसौली बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर मे गुरुवार की देर शाम बंद मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान मे लगी आग से हजारों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया ग्रामीणो की कड़ी मशक्कत के बाद को बुझाया। गुरुवार शाम करीब 8 बजे कस्बा त्रिलोकपुर निवासी सरविंद गोस्वामी अपनी मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान को बंद कर घर चले गए थे। इसके कुछ देर बाद अचानक अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई।दुकान से निकलती लपटो को देख ग्रामीण सहम गये। सूचना पर पहुंचे दुकान मालिक सरविंद गोस्वामी ने दुकान खोली तो पूरी दुकान आग का गोला बनी थी। ग्रामीणों ने बाल्टी व अन्य बर्तनो से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया फिर भी आग काबू न पाने पर अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर आग पर नियंत्रण पाया गया और फिर स्थानीय लोगो ने पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझाया। तब तक दुकान मे रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के छात्र-छात्राओं को वितरित की गई नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में समाजसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति व गरीब परिवारों के लिए निशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं स्टेशनरी का वितरण किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने छात्रों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समय पर पाठ्य पुस्तकें व स्टेशनरी छात्रों को मिलने से उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता में वृद्धि हो जाती है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों की पढ़ाई में घर का माहौल महत्वपूर्ण स्थान रखता है इसलिए परिवार में भी पढ़ने पढ़ाने का वातावरण होना चाहिए। स्कूल प्रबंधक ने कहा कि छात्रों को समय पर पाठ सामग्री पुस्तक और यूनिफॉर्म मिले यह उनका हक है, इसके लिए स्कूल परिवार सदैव छात्रों को सुविधाएं देता रहेगा। शुक्रवार को 100 छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, इलादेवी, पलक कनौजिया, अर्चना व सरोज सरस्वती, जियालाल सहित सभी छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

# एमएलसी ने किया स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय करपिया एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया सदस्य विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित विद्यालय ही भविष्य के सशक्त नागरिकों का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा को प्राथमिकता दें। खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने स्कूल चलो अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। अन्य वक्ताओं ने भी बालिका शिक्षा, डिजिटल शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व एमएलसी अंगद सिंह द्वारा आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी ,एलबीडी लैब,विज्ञान प्रयोगशाला,खेलकूद कक्ष ,एआई लैब, नक्षत्रशाला एवं औषधि वाटिका का अवलोकन किया गया तथा स्कूल चलो अभियान रैली मे छात्र-छात्राओं ने जागरूकता नारों एवं आकर्षक झाँकियों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। इस मौक़े पर डायट मेंटर महेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा तथा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष वर्मा, ग्राम प्रधान विनोद कुमार प्रधानाध्यापक (एसआरजी) अवधेश कुमार पांडे, वार्डन विभा मिश्रा, आरती मिश्रा, नीतू सिंह वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव, एआरपी राजेश कुमार यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियाँ तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई नगर विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



- राजस्व वसूली में लापरवाही पर सख्ती, लक्ष्यपूर्ति हेतु ठोस प्रयास करने के निर्देश
- अतिक्रमण पर सख्त अभियान व सतत प्रवर्तन के निर्देश

कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, तालाबों के संरक्षण एवं विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर गहन चर्चा की गई।

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्ति वाले निकायों यथा नगर पंचायत बंकी,देवा,जैदपुर व सतरिख पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु अभी से ठोस प्रयास प्रारंभ किए जाएं। साथ ही सभी नगर निकाय अपनी आय में वृद्धि हेतु नवीन स्रोत विकसित करने के लिए नवाचार अपनाएं। तालाबों के मत्स्य पालन हेतु आवंटन की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा शत-प्रतिशत तालाबों का आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए और उनके संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अतिक्रमण नियंत्रण के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय में सप्ताह में एक दिन अतिक्रमण विरोधी अभियान अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए तथा इसके साथ सतत प्रवर्तन भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न हो। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी खाली प्लॉट या सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा एकत्रित न होने पाए। स्वच्छ सर्वेक्षण में जनपद की रैंकिंग सुधारने हेतु विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में नालों की प्रथम चरण की सफाई मई माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए। इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा आमजन से कार्य की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिशासी अधिकारी सप्ताह में एक दिन किसी एक वार्ड में जनचौपाल का आयोजन करें। जिन नगर निकायों में कल्याण मंडप का निर्माण नहीं हो रहा है, वे तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करें। साथ ही सभी नगर पंचायतों को सीवर लाइन से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के0,डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह,नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ–सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जबरन भूसा बनाने से रोकने पर किसान को किया अधमरा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मोहिनी गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जाता है कि खेत में जबरन भूसा बनाने को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि कुछ दबंग लोग चोरी–छिपे पीड़ित के खेत में भूसा बना रहे थे। जब खेत मालिक को इसकी जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने किसान के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत ग्राम सभा महमूदपुर के मैनापुर में शुक्रवार को दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां पर स्वर्गीय राम आधार यादव के खड़े गेहूं के खेत में बिजली के तार आपस में लिपट जाने से निकली से आग लग गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और लगभग 8 से 10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मृतक राम आधार यादव की पत्नी सुमित्रा ने बताया कि वे लोग खेत में काम कर रहे थे, तभी हवा के झोंकों से बिजली के तार आपस में टकराए और चिंगारी सूखी घास पर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीणों को मदद के लिए बुलाया गया। आग बुझाने के प्रयास में रणवीर इंटर कॉलेज के छात्र और शिक्षक भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी राजस्व विभाग को भी दे दी है। लोगों का कहना है कि राजस्व टीम द्वारा फसल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि सरकारी योजनाओं के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जा सके।

## अलग-अलग आगजनी में फसल जलकर भस्म

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** गेहूं के खेतों में आग लगने की दो अलग–अलग घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में रायगंज और मरकामऊ गांवों में कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। पहली घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे रायगंज में हुई। अचानक गेहूं के खेत से आग की लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते इसने कई बीघा फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे ग्रामीणों को संभलने का मौका नहीं मिला।इसी तरह, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मरकामऊ में रामनरेश पुत्र चंद्रराम के खेत में आग लग गई। इस घटना में लगभग दो बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और फायर टीम को सूचित किया।





## एबीवीपी की समीक्षा बैठक संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को क़स्बा हैदरगढ़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक में संगठन मंत्री आकाश ने नगर इकाई के गठन पर चर्चा की एव छात्रों को संबोधित करते हुए प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य हर्षवर्धन सिंह ने कहा विधार्थी परिषद संगठन हमेशा से छात्रों के हितों के लिए अनवरत कार्य करता आ रहा है छात्रों हितों को लेकर संगठन पूरी तरह से प्रतिब्ध है एव सभी छात्रों से अपील की ज़्यादा से ज़्यादा छात्रों को जोड़ कर संगठन को मजबूत करे इस अवसर पर हनुमान प्रसाद,शिखर सिंह,रामेद्र तिवारी,परमानंद त्रिपाठी,शैलेंद्र सिंह ,माधवेन्द्र शाह,मुकेश सिंह ,अमरेंद्र प्रताप सिंह प्रिंशु सहित छात्र एव पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दर्ज हुए 12.48 लाख से अधिक मतदाता

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि एक जनवरी 26 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जिले में 10 अप्रैल 26 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विधानसभावार बूथवार निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान 27 अक्टूबर 25 को जिले में कुल 14,36,528 मतदाता दर्ज थे। पुनरीक्षण प्रक्रिया में 2,67,241 अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। इसके बाद 83,173 नए मतदाताओं को जोड़ा गया, जबकि 4,340 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए तथा 13,802 प्रविष्टियों का शुद्धिकरण किया गया। अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 12,48,120 मतदाता दर्ज किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या में तिलोई में 3,06,621, जगदीशपुर 3,30,028, गौरीगंज 3,06,077 तथा अमेठी विधानसभा में 3,05,394 मतदाता शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी मतदेय स्थलों, बीएलओ, तहसील एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है।

# अश्लील गानों पर वीडियो बनाने से संत समाज में आक्रोश

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है, जहां सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अमेठी के उल्टा गढ़ा मंदिर परिसर का है, जिसमें कुछ युवक-युवतियां मंदिर परिसर के अंदर अश्लील गानों पर रील बनाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। वीडियो वायरल होने के बाद संत समाज और स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। संतों का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थान की गरिमा को इस तरह ठेस पहुंचाना बेहद निंदनीय है और ऐसे कृत्यों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की गतिविधियां समाज में गलत संदेश देती हैं और इससे आस्था को आघात पहुंचता है। हालांकि अभी तक प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मामले के तूल पकड़ने के बाद जांच और कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## महाभियान के तहत महमूदाबाद और बिसवां विधानसभाओं में सत्र आयोजित

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान जिसमें विधानसभाओं के क्रम में मंडल स्तर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण किया जा रहा है लगातार गतिमान है इसी क्रम में महमूदाबाद व बिसवां विधानसभाओं के सभी मंडलों में प्रथम सत्र का प्रशिक्षण आयोजित किया गया इसके तहत महमूदाबाद देहात में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी की विधायक आशा मौर्य उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 2027 के मिशन के लिए कमर कस चुकी है ऐसे में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है क्योंकि हम अनुशासन प्रथम के धर्म का पालन करने वाले दल हैं इसलिए हमें पार्टी नेतृत्व के द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## विधिक जागरूकता शिविर किये गये आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** . उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व मा. जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर '' आशीष जैन'' के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''विजय भान,'' द्वारा निम्नांकित बैठक/विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किये गये। आज समय–11:30 बजे स्टडी प्वाइंट इण्टर कॉलेज, खैराबाद सीतापुर में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के निर्देशानुसार किया गया। विजय भान, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयं सेवक अशोक प्रजापति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम सीतापुर द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये, भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल द्वारा वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के नारे को उजागर करते हुए वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया, इसके साथ ही आपसी विवाद को कम करने से सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुलह समझौता केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। सचिव ने जानकारी कि प्रत्येक तहसील स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों की तैनाती आम जन–मानस को सुलभ न्याय प्रदान किये जाने हेतु किया गया है। कार्यक्रम में अभ्यागत समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर प्रबन्धक आमिर रिजवी द्वारा सम्मानित किया गया।, प्रधानाचार्य अमीकरण अवस्थी ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। उपप्रधानाचार्य कृष्ण बिहारी श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। पराविधिक स्वयं सेवक भानु प्रकाश मिश्रा, संदीप अग्निहोत्री सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गैस वितरण स्थल बदला, अब संग्रामपुर से मिलेगा सिलेंडर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा अमेठी में इंडेन गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कस्बा अमेठी के देव मैरिज लॉन में वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। लगन सीजन के चलते देव मैरिज लॉन में बुकिंग अधिक होने के कारण गैस वितरण व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। बताया जा रहा है अब प्रकाश गैस एजेंसी के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि गैस सिलेंडर का वितरण अमेठी–संग्रामपुर मार्ग पर संग्रामपुर ब्लॉक से लगभग एक किलोमीटर पहले स्थित मां कालिका मैरिज लॉन में किया जाएगा। पूर्ति निरीक्षक शुभम कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत केवल वही उपभोक्ता वितरण स्थल पर पहुंचें, जिनका डीएसी नंबर 6 अप्रैल के बाद जारी हुआ है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए निर्धारित निर्देशों का पालन करें और समयानुसार ही गैस प्राप्त करें।

# हीट वेब/लू से बचाव कार्य में न हो लापरवाही: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- हीट वेव/लू से बचाव के लिए बैठक संपन्न,डीएम ने दिए निर्देश

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने हीट वेव/लू से बचाव कार्य के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित हीट वेव (लू) की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए हीट वेव से जन-धन हानि को न्यूनतम करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हीट वेव एक्शन प्लान को अद्यतन कर तत्काल प्रभाव से लागू करें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। नगर निकायों, पंचायतों तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वित बैठक आयोजित कर कार्ययोजना तैयार की जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक वार्ड/बेड आदि की व्यवस्था दुरूस्त किए जाए। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, दवाइयाँ, बर्फ, पेयजल तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वृद्धजन, बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगियों के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के लिए पेयजल, बैठने का स्थान, पंखे/कूलर की व्यवस्था भी कराई जाए। एम्बुलेंस सेवाओं को सतर्क रखा जाए तथा चिकित्सा कर्मियों को हीट स्ट्रोक के उपचार हेतु प्रशिक्षित किया जाए। शिक्षा विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से हीट वेव से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा नागरिकों को जागरूक किया भी जाए। विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लू से बचाव संबंधी सलाह प्रदर्शित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, बाजार एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। अस्थायी छायादार स्थल/शेड की व्यवस्था की जाए।

# डीएम ने किया महात्मा गांधी सभागार का लोकार्पण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आज विकास भवन स्थित उच्चीकृत महात्मा गांधी सभागार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभागार के आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण हेतु कराए गए कार्यों का अवलोकन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के सुसज्जित एवं आधुनिक सभागार प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी महोदया ने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ–सफाई, अभिलेखों रख–रखाव तथा जनसुनवाई से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारियों को कार्य करने के लिए अच्छा माहौल उपलब्ध कराया जाए तथा एक बेहतर कार्य संस्कृति का विकास किया जाए जिसके लिए समेकित प्रयास किया और सभी अधिकारियों का अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ। सभी ने रुचि लेकर अपने कार्यालय को साफ सुथरा व बेहतर बनाने का प्रयास किया और बेहतर बनाया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया।

# जब बच्चा पढ़ेगा तभी तो आगे बढ़ेगा: ब्लाक प्रमुख

## स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



महराजगंज रायबरेली निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रथम चरण स्कूल चलो अभियान के तहत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर रैली का शुभारंभ किया गया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पाली गांव का प्राथमिक विद्यालय चलता है जहां के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना आदि प्रस्तुत किया गया। निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया गया सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति के लिए जरूरी है अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को विद्यालय भेजें जब बच्चे पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए और अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजना चाहिए क्योंकि बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति पशु के समान होता है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज से विनोद अवस्थी जूनियर शिक्षक संघ से शिव बालक राष्ट्रीय शौक्षिक संघ महराजगंज के मधुकर सिंह पंकज सिंह सहित अन्य अध्यापक एवं बच्चे मौजूद रहे।

# जटिल रोगों में कारगर है होम्योपैथी: डॉ. रजनीश द्विवेदी

- विश्व होम्योपैथिक दिवस पर मना डॉ. सैमुअल हैनीमैन का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के संजीवनी होम्योपैथिक क्लीनिक पर होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का 271वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ रजनीश द्विवेदी ने कहा लाइलाज रोगों में होम्योपैथी चिकित्सा बेहद कारगर है। उन्होंने कहा आज होम्योपैथी भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में चिकित्सा की दूसरी प्रमुख पद्धति बन गई है। देश में इसकी शुरुआत 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में कोलकाता से होम्योपैथिक फिजीशियन डॉ महेंद्रलाल सरकार ने की थी। डॉ अनुप्रिया ने कहा लोगों का यह सोचना गलत है कि यह बहुत धीमी और देर से असर करती है। सच तो यह है कि रोग जटिल होने के बाद रोगी आते हैं। चार-पांच साल पुराने रोग को ठीक करने के लिए चार-पांच महीने का समय लगता है जबकि तीन-चार दिन पुराना रोग एक-दो दिन में ठीक हो जाता है। डॉ अनिल सिंह चौहान ने कहा होम्योपैथी की मदद से अनावश्यक शल्य क्रिया को टाला जा सकता है। टांसिल, प्रोटेस्ट, गुर्दे की पथरी, हार्निया, ब्रेस्ट ट्यूमर, नाक में मांस बढ़ना आदि बीमारियों का इलाज बिना ऑपरेशन के होम्योपैथी में ही संभव है। डॉ संजीव माथुर ने कहा वर्तमान युग में चर्म रोग चुनौती बन गया है। होम्योपैथी इलाज इसे जड़ मूल से नष्ट कर देता है और रोग दुबारा नहीं होता। कार्यक्रम में डॉ हैनीमैन की फोटो पर माल्यार्पण के बाद मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान डॉ रजनीश द्विवेदी, डॉ अनुप्रिया, शारदा देवी, डॉ अनिल चौहान, डॉ आरपी दुबे, डॉ संजीव माथुर, डॉ महावीर यादव व डॉ संजीव यादव, ध्रुव, धीरज, राधा व प्रबल दुबे आदि मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल, रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ढ़िपारी गांव निवासी रवी पुत्र अरविन्द कुमार ने बताया कि उसके पिता अरविन्द कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल 4 अप्रैल को भठ्ठे से काम करके विशुनगढ रोड से प्रेमपुर की तरफ साइकिल से आ रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनके टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता के गम्भीर चोटे आई। हादसे में उनका पैर फैक्कर हो गया।

जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और फिर अपने पिता को तिर्वा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। उसके पिता का मेडिकल कालेज में अभी भी इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक के हस्तक्षेप से सभासद व जेई का विवाद निपटा

- दोनों पक्षों ने हाथ मिलाकर भुलाए गिले शिकवे
- ईओ और पालिकाध्यक्ष भी रहे मौजूद

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका के जेई और सभासदों के बीच विवाद को भाजपा विधायक और पालिकाध्यक्ष ने मिलकर निपटवा दिया।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे से हाथ मिलाकर अपने गिले-शिकवे दूर किए। साथ ही आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में नगर विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। नगर पालिका के जेई रविराज कौशल और सभासद प्रदीप सिंह चौहान के बीच किसी बात को लेकर दो दिन पहले विवाद हो गया था। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर गुरुवार की शाम सभासदों ने पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने दोनों पक्षों से वार्ता के बाद मामले को खत्म करने का पूरा प्रयास किया था। शुक्रवार की सुबह विधायक व पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय के आवास पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में सभासदों और जेई को एक साथ बिठाकर पूरे मामले का पटाक्षेप कर दिया गया। साथ ही दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलती स्वीकार करते हुए एक दूसरे से हाथ मिलाकर आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में नगर के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने क का संकल्प लिया। इस दौरान सभासद रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, सुशील पांडेय एडवोकेट, हिमांक त्रिपाठी, पंकज दुबे व संजीव चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय खटीक महासभा के प्रदेश सचिव बने नेम कुमार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल भारतीय खटीक महासभा ;रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक कुमार खटीक ;एडवोकेट हाईकोर्ट ने विशुनगढ़ निवासी नेम कुमार खटीक पुत्र सुखवासी को महासभा के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि नेम कुमार खटीक समाज के हितों के लिए संकल्पित रहेंगे और अखिल भारतीय खटीक महासभा की नीतियों को समाज तक मजबूती से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे समाज के संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता मिलेगी। वहीं नियुक्ति की जानकारी होते ही उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी गई। वहीं नवनियुक्त प्रदेश सचिव नेम कुमार खटीक ने कहा कि संगठन ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाकर संगठन को और मजबूती देने का काम करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शशांक कुमार खटीक सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लव जिहाद के खिलाफ चला जन आंदोलन अभियान

- हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति का अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति के जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रसिद्ध गंगेश्वर नाथ बाबा मंदिर और सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर में लव जिहाद के खिलाफ सामाजिक जन जागरण एवं जन आंदोलन अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर परिसर में जागरूकता फ्लेक्स लगाए गए और हिंदू बहन-बेटियों से विशेष संवाद किया गया। मंदिर के महंत प्रेम गिरि महाराज ने उपस्थित हिंदू बहन-बेटियों को संबोधित करते हुए कहा लव जिहाद हिंदू मातृ शक्ति के समक्ष एक बड़ा आतंकी हमला है। वेधर्मी शक्तियां हिंदू नारी की अस्मिता और अस्तित्व पर सीधा प्रहार करना चाहती हैं। यह समस्या आतंकवाद से सीधे जुड़ी हुई है, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा है। सभी हिंदू बहन-बेटियों को एकजुट होकर इस समस्या को देश से जड़ से खत्म करने के लिए संघर्ष करना चाहिए।

जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने हिंदू बहन-बेटियों को दुर्गा और काली का स्वरूप बताते हुए आवाहन किया कि वे अपने संस्कारों को पहचानें और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए लव जिहाद के षड्यंत्र में न फंसें।

उन्होंने 21 अप्रैल को आयोजित होने वाली महापंचायत में सभी हिंदू बहन-बेटियों से सक्रिय भागीदारी की अपील भी की।

इस मौके पर कृष्ण अवतार गुप्ता, सागर गुप्ता, कुबेर दुबे, संगीता, अनामिका, प्रिया सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बाइक दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



बीते सात दिन पहले दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में युवक घायल हो गया था जिसका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां उसने दम तोड़ दिया। समधन के नजदीक सहयोग अस्पताल के पास गुरसहायगंज व फर्रूखाबाद मार्ग पर बीते शनिवार को समधन नगर के मोहल्ला कादर खान नगर निवासी मोहम्मद असलम का 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सैफ शेख अपने बीमार पिता को देखकर बाइक से घर आ रहा था तभी दूसरी तरफ आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमें वहां बुरी तरह घायल हो गया घायल युवक को आनन-फानन में परिजनों ने पहले गुरसहायगंज एक निजी अस्पताल ले गये जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे कानपुर रिफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था शुक्रवार दोपहर उसने दम तोड दिया बताते हैं कि मोहम्मद सैफ शेख आठ भाइयों में सबसे बड़ा था और दिल्ली में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार को जैसे मोहम्मद सैफ शेख की मौत की सूचना परिजनों को मिली वैसे परिवार में मातम का माहौल छा गया।

## युवक पर तेजाब से हमला, शरीर जला और एक आंख हुई खराब

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कस्बा विशुनगढ़ निवासी महेश चंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय कालीचरण ने बताया कि उनका पुत्र रिंकू गुरुवार रात करीब 10 बजे खेत से गेहूं की फसल देखकर लौट रहा था। तभी बृजेश खटीक के घर के सामने कुछ स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर तेजाब डाल दिया। इससे रिंकू का पूरा शरीर जल गया और एक आंख भी पूरी तरह खराब हो गई। परिवार का आरोप है कि आरोपी पहले भी रिंकू को जान से मारने की धमकी दे चुके थे। आए दिन गाली–गलौज और मारपीट की घटनाएं होती रहती थीं। उस दिन भी उन्होंने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी थी, लेकिन परिवार ने गंभीरता नहीं ली। थाना प्रभारी भागमल सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर छानबीन की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें एक नजर में

## पड़ोसियों ने की महिला से गाली-गलौज व मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमे के ताल निवासी शोभा पत्नी धीरेंद्र ने बताया उनके पति बाहर मजदूरी करते हैं, इसलिए वह बच्चों के साथ अकेली घर पर रहती हैं। महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की हैं। शोभा ने आरोप लगाया कि पड़ोस के कुछ दबंग लोग आए दिन उनसे गंदी–गंदी गालियां देते हैं और कई बार मारपीट भी कर चुके हैं। शुक्रवार को फिर उन्होंने गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग करते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

## मारपीट में तीन सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के ऐराहो गांव के रहने वाले विकास पुत्र सन्तोष कुमार शाक्य ने बताया कि 8 अप्रैल को रात करीब 9 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही अजय, आबेश व अवनीश पुत्रगण रामआसरे शाक्य ने उसके दरवाजे पर आकर वेबजह गाली गलौज की। जब गाली देने से मना किया, तो लात घूसों व लाठी डन्डों से मारने पीटने लगे। चीख पुकार सुनकर जब आस पड़ोस के लोग बचाने आए तब वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

## झूठा आरोप लगाकर की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के बेहटा रामपुर गांव निवासी संतोषी पत्नी रामू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 9 अप्रैल को सुबह करीब 7 बजे उसके ही गांव के वीरु पुत्र शिवरतन भगतई करने के झूठे आरोप लगाते हुए उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रहे थे। उसने गाली देने से मना किया तो वीरु अपने भाई सुमित, मां गुड्डी देवी व अपनी पत्नी निशा के साथ एक राय होकर लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे। तभी उसके शोर मचाने पर बचाने आये उसके पति रामू, पुत्री नन्दनी व ससुर राकेश को भी उन लोगों ने मारापीटा। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग आ गए, तब उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में वह और उसके पति, पुत्री नन्दनी सहित ससुर राकेश को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

## कथा पंडाल में गूंजे भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्ति में लीन हुआ वातावरण

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा पंडाल पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, जिससे माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। नगर मे आये श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे हैं। कथा वाचक रामानुज पाण्डेय ने अपने मधुर वचनों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला और जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनते समय श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा भजन–कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा बैठने, पेयजल और प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतिदिन संध्या आरती के बाद सुन्दर झाकियों का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर भगवान की आराधना कर रहे हैं। आयोजन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## पुलिस से की पड़ोसियों द्वारा मारपीट की शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर के दरवाजे पर बैठे युवक के साथ पड़ोसियों ने बेवजह मारपीट कर दी। बचाने आए उसके परिजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नगर के मोहल्ला जेर किला निवासी अयान पुत्र परवेज ने बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी पड़ोस के रहने वाले दबंग लोगों ने बेवजह गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। चीख पुकार सुनकर बाहर आए पीड़ित युवक के माता-पिता तथा भाई के साथ भी उक्त दबंगों ने लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है की मारपीट में उनकी माता का एक सोने का कुंडल गिर गया तथा मोबाइल फोन फूट गया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# रेप केस में सह आरोपी पूजा तोमर कोर्ट में पेश

- वकील ने वापस ली जमानत याचिका

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



चर्चित नाबालिक रेप केस मामले में शुक्रवार को सह आरोपी पूजा तोमर पॉक्सो कोर्ट में पेश तो हुईं,पर उनके वकील द्वारा जमानत याचिका वापस ले लिए जाने से एक बार फिर जमानत पर सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायालय ने अगली तारीख 22 अप्रैल निर्धारित की है।

बताते चलें कि, कन्नौज के एक कॉलेज में नाबालिक रेप केस मामले में पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव के अलावा सह आरोपी के तौर पर पूजा तोमर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच आगे बढ़ी तो मामले में गैंगस्टर एक्ट और पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही भी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने करते हुए नबाब, नीलू और उसके बाद पूजा तोमर को गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा था। फिलहाल जहां नबाब और नीलू गैर जनपद जेलों में बंद हैं वहीं मामले में सह आरोपी पूजा तोमर को पहले मिली जमानत के बाद वह न्यायालय में पेश नहीं हुईं थीं। जिसके बाद संबंधित न्यायालय न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। न्यायालय से जारी कार्यवाही के बाद पुलिस ने पूजा तोमर को साध्वी के वेश में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल किया जाना के बाद शुक्रवार को पूजा तोमर के मामले में सुनवाई होनी थी। सह आरोपी शुक्रवार को जिला जेल से जिला न्यायालय में पेशी पर लाई गईं लेकिन यहां उन्हें एक बार फिर झटका लगा। आरोपी के मामले में जमानत याचिका दाखिल करने वाले वकील ने संबंधित कोर्ट से तोमर के मामले में अपनी दाखिल की हुई जमानत याचिका नॉट प्रेस लिखकर (वापस) ले ली। अधिवक्ता द्वारा याचिका वापस लिए जाने से एक बार फिर महिला आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी, जिस कारण उन्हें एक बार फिर जिला जेल वापस लौटना पड़ा। मामले की सुनवाई कर रहे पॉक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरेंद्र नाथ द्वारा मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यहां आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा 14 अप्रैल (सोमवार) को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार, जीटी रोड, पश्चिमी बाईपास होते हुए गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बड़ेपुर पहुंचेगी। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। समिति का मानना है कि यह शोभायात्रा बाबा साहेब के विचारों, संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश को और मजबूत करेगी। इस दौरान आयोजन समिति के प्रधान संजीव कुमार, उपाध्यक्ष तीरथ खरे, कोषाध्यक्ष कमलाकांत, सतेंद्र सिंह बौद्ध एड., मनोज कुमार, महासचिव तीर्थराज बौद्ध (एड.), डॉक्टर अशोक तामरे, डॉ सुभाष चन्द्रा, गुलाम वारिस, चौद वाबू, सपा जोन प्रभारी राशिद फारूखी, सूरज (एड), बिल्लू भारती (प्रधान), डा. आलोक प्रजापति, बृजेश कुमार, कुलदीप पाल, शेरसिंह (पूर्व अमीन), प्रबल प्रताप (पी.पी.पंचल), विधाता, आत्रृषि जाटव, गिरेन्द्र सिंह, नावेन्द्रनाथ (एड0), सुरजीत बौद्ध, बृजेन्द्र सिंह (फौजी), विनीत कुमा चन्द्रपाल यादव, प्रमोद शाक्य, कालीचरन, रामदास, अनुज रावण (मीडिया प्रभारी), अयप्रकाश, अकित कमल, धर्मेन्द्र चक, डा विनय शाक्य, अविनाश, अजीत कठेरिया, आशीष दिवाकर, गुरु कठेरिया, रामद आदित्य कमार, राजा, दीपचन्द्र, रंजीत सिंह, अमित कुमार, सौरभ भारती, हरिगोबिन्द सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक कल



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 12 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग कन्नौज में होगी। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला महामंत्री डॉक्टर एम के भारती ने बताया कि इस आवश्यक बैठक में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा सक्रिय साथियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सभी साथी समय का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने जनपद के माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी से आवाहन करते हुए कहा कि शिक्षक पदाधिकारी अपने और अपने आसपास के विद्यालयों में जो भी समस्याएं हैं उन्हें कलेक्शन करके लेकर आए ताकि बैठक के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर समस्याओं का समाधान कराया जा सके इसके अतिरिक्त 2 मई 2026 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन होने हैं उस संबंध में भी रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन शिक्षकों का वेतन अवशेष अभी भुगतान नहीं हुआ है वह पत्रावली तैयार करके जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संबंधित पटल सहायक को प्राप्त कर दें। और उसकी प्रति संगठन को अवश्य प्रेषित कर दें। जिससे कि उनके वेतन अवशेष का भुगतान आसानी से कराया जा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तौकीर राजा राजेश यादव मुनेश्वर सिंह अंकित पांडे प्रमोद कुमार सुशील कुमार तिवारी चंद्रपाल सिंह सुशील कुमार राजपूत अजीत कुमार आदर्श गंगवार वीरपाल सिंह शहीद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जर्जर मकान का छज्जा गिरने से दो घायल

- मामला जिले के सदर कोतवाली के अजय पाल मोहल्ले का

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शहर के अजय पाल मोहल्ले में एक जर्जर मकान का छज्जा अचानक ढह गया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली के मोहल्ला अजय पाल में स्थित एक पुराने और जर्जर मकान से घरेलू और गृहस्थी का सामान दूसरे मकान में शिफ्ट करने का कार्य चल रहा था। इस कार्य में आदित्य और श्याम नामक दो लोग समान शिफ्टिंग के कार्य में लगे थे। अभी घरेलू समान को शिफ्ट करने का कार्य चल ही रहा था कि, अचानक जर्जर मकान के छज्जे का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। इस दौरान छज्जे का मलवा नीचे गिरने से कार्य कर रहे उपरोक्त दोनों युवक चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल की आवाज पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया। मामले की सूचना पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। हादसे में घायल हुए दोनों लोगों को उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। यहां से हालत चिंताजनक होने के कारण उपचार हेतु दोनों को हायर हॉस्पिटल रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि हादसे की जांच पड़ताल जारी है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुई कक्षा नौ की प्रवेश परीक्षा

**तिर्वा,कन्नौज।** तिर्वा नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा नौ के विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हो गई। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 13 अप्रैल घोषित किया जाएगा। बताते चलें कि, उपरोक्त विद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं की मौजूदगी के अलावा उनके अभिभावकों की भीड़ भी सुबह कॉलेज पहुंची थी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों का स्वागत और उनके अभिभावकों को भी अनुशासित व्यवस्थाओं के मध्य जगह दी गई। प्रवेश परीक्षा के निर्धारित समय से परीक्षा को संपन्न कराया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ आचार्य अनंतराम, वीरेश जी, सुधींद्र जी, के निर्देशन में आचार्यों ने अनुशासित व्यवस्थाओं के साथ परीक्षा को संपन्न करवाया। परीक्षा पूर्ण होने के बाद अब प्रतिभागियों को अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है।

# विद्यालय संस्कार और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला: असीम अरुण




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 'स्कूल चलो अभियान–नया सत्र, नया सवेरा' के तहत तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला हैं। शिक्षक स्वयं जलकर पीढ़ियों को दिशा देने वाले दीपक हैं। उन्होंने कक्षा 8 व 10 में शत-प्रतिशत पंजीकरण और ड्रॉपआउट शून्य रखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए 18 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2026 को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने वाले परीक्षा केंद्रों को भी सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत दो विद्यालयों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। विधायक अर्चना पाण्डेय व कैलाश सिंह राजपूत ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## गांव-गांव पहुंचा भाजपा का वस्ती चलो अभियान



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी 'गांव/वस्ती चलो अभियान' के तहत जिले के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। ठठिया मंडल के फंतुआपुर, मानीमऊ के सकरी खुर्द और जलालाबाद के जलेसर गांव में आयोजित कार्यक्रमों में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने पेंशन, स्वरोजगार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि अभियान का उद्देश्य घर–घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताना और लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया और लाभार्थियों से भी मुलाकात की गई। इस मौके पर राजन अवस्थी, मौजीलाल वर्मा, रामबाबू कटियार, राजेश राजपूत, विशाल दुबे समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**तिर्वा,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यकम के तहत शुक्रवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया। इस दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

बताते चलें कि, शुक्रवार को विधानसभा चुनाव की नई मतदाता सूची प्रकाशन का अंतिम दिन होने के कारण जहां मतदाताओं की नई सूची को अंतिम रूप दिया गया वहीं तिर्वा एसडीएम राजेश कुमार और तहसीलदार अवनीश कुमार ने बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। इस दौरान एसडीएम ने बूथों पर बीएलओ(बूथ लेवल अधिकारी) को निर्देश दिए कि, वे अपने अपने बूथों पर मौजूद रहकर मतदाताओं को सूची को पढ़वाएं और किसी भी प्रकार की खामी होने पर उसमें त्वरित सुधार करें। बूथों पर मौजूद मतदाताओं से भी अधिकारियों ने अपनी अपनी मतदाता सूची में पढ़ने और जांच करने की बात कही और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित बीएलओ से कहकर खामी को सही करवा लेने की बात भी कही। अधिकारियों ने बीएलओ को भी निर्देशित किया कि वह अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएं, और खामियों पर उसे दुरुस्त करें।अधिकारियों का कहना था कि अंतिम मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को त्वरित रूप से सुधारा जाय, जिससे मतदाताओं को आगामी चुनाव में मतदान करने में किसी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

# ग्राम परिवहन योजना के तहत विभिन्न प्रस्तावित मार्गों पर सहमति

**मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीणों को मिलेगी सुविधायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित समिति के समस्त सदस्य एवं आवेदक उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन विशेष सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के अनुपालन में किया गया। बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए आवेदकों से विस्तृत चर्चा की गई तथा जनपद में ग्राम परिवहन सेवा के संचालन हेतु विभिन्न प्रस्तावित मार्गों पर सहमति बनाई गई। बैठक में जिन प्रमुख मार्गों पर ग्राम परिवहन सेवा संचालन हेतु सहमति बनी। उनमें मुख्य रूप से सिवारा-कम्पिल-कायमगंज-फर्रुखाबाद शामिल है।



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

इकलहरा-कम्पिल-कायमगंज-फर्रुखाबाद शामिल। रौकरी-सिवारा-कम्पिल-कायमगंज-फर्रुखाबाद शामिल। रुदायन-कम्पिल-कायमगंज-फर्रुखाबाद शामिल। नगला जवाहर-कुतलूपुर-गूजरपुर-अमृतपुर-राजेपुर-फर्रुखाबाद शामिल। बिरिया डांडा-शमशाबाद-फर्रुखाबाद शामिल। कड़हर-सलेमपुर-चाचूपुर-पांचालघाट-फर्रुखाबाद शामिल। दहिलिया-संकिसा-नीवकरोरी-मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद शामिल। खिरिया सींगनपुर-संकिसा-नीवकरोरी-मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद शामिल। कुआंखेड़ा-शमशाबाद-फैजबाग-हथियापुर-फर्रुखाबाद शामिल। गदनपुर तूरी- जरारी-रजीपुर-कमालगंज-फर्रुखाबाद शामिल है। डीएम ने निर्देशित किया कि चयनित मार्गों पर ग्राम परिवहन सेवा का संचालन नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सुगम, सुलभ एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों एवं नगरों से जोड़ना है, जिससे आवागमन के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र ही संचालन प्रारंभ कराया जाए।

# बाइक व ई-रिक्शा की भिड़ंत में युवक की मौत

**सरसों पिराने जाते समय घटी घटना**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर बाइक की ई-रिक्शा से टक्कर हो गयी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। घायलों सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया व एक को लोहिया रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार नगला खारिक पोस्ट महोई निवासी इंद्रेश पाल अपने साथी सचिन के साथ रोहिल्ला चौराहे स्थित स्पेलर पर सरसों पिराने जा रहा था। जैसे ही बाइक रोहिला चौराहे के पास पहुंची, सामने से आ रहे ई-रिक्शा से बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 108 एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने इंद्रेश पाल को मृत घोषित कर दिया।



सीएचसी में मौजूद परिजन

सचिन को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। उप निरीक्षक विनोद यादव ने मृतक इंद्रेश पाल के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंद्रेश पाल अपने पिता के साथ खेती का काम करते थे और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। मृतक इंद्रेश पाल की चार वर्षीय एक पुत्री है। मां बिट्टी देवी व पत्नी मालती आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकाली। रैली में हेल्थ एजुकेशन फाउंडेशन के कर्मचारियों तथा शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर में शिक्षिका शालिनी वर्मा ने शिक्षा विभाग के द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली। रैली के दौरान प्राथमिक विद्यालय से पूरे गांव जाफर नगर होते हुए विद्यालय तक पुनः पहुंची। जिसमें हेल्थ एजुकेशन फाऊंडेशन के कर्मचारियों ने भी भाग लेकर गांव में पहुंचकर घर-घर शिक्षा की अलग जगायी। छात्र-छात्राओं तथा बच्चों को शिक्षित करने के लिए स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। इस मौके पर शिक्षिका शालिनी वर्मा, हेल्थ एजुकेशन फाऊंडेशन के नगीना गौतम, अफसा बानो, मजीद खान कर्मचारी मौजूद रहे।




रैली में भाग लेते बच्चे व शिक्षिकायें

# अध्यक्ष अभय त्रिवेदी व मंत्री रिषव सिंह व उपाध्यक्ष बनी सोनी मिश्रा

**सदर तहसील लेखपाल संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव तहसील सदर में सम्पन्न हुआ। पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष अनुज चतुर्वेदी, चुनाव अधिकारी तहसील मंत्री आकाश भदौरिया कायमगंज व तहसील मंत्री पवन यादव अमृतपुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सदर तहसील में 82 लेखपाल तैनात है। जिसमें 78 लेखपालों ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा मत पाकर अभय त्रिवेदी तहसील अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनी मिश्रा निर्वाचित हुई। कनिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव बने। सचिव पद के लिए रिषव सिंह विजयी हुए। उपसचिव सर्वसम्मति से शोभित कुमार बने। कोषाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह निर्विरोध चुने गये। लेखा परीक्षक अजय त्रिपाठी को भी निर्विरोध चुना गया। पूरे दिन तहसील में गहमा-गहमी बनी रही। नामांकन के बाद मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए अभय त्रिवेदी ने 43 मत पाकर जीत हासिल की। रघुवंश कुमार सिंह को मात्र 33 मत प्राप्त हुए। एक मत निरस्त हुआ। वहीं सचिव पद के लिए 42 मत पाकर रिषव सिंह विजयी हुए। 34 मत पाकर त्रिलोकीनाथ तिवारी दूसरे स्थान पर रहे। एक मत निरस्त हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सोनी मिश्रा ने 29 मत प्राप्त कर विजयी हुई। वहीं अमित राठौर को 22 व निखिल पाण्डेय को 22 मत प्राप्त हुए।

चार मत निरस्त हुए। सभी को पर्यवेक्षक अनुज चतुर्वेदी व चुनाव अधिकारी पवन यादव एवं आकाश भदौरिया ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और विजेता घोषित किया। सभी जीते हुए पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। इस मौके पर तहसील सदर व जिला लेखपाल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी

## करंट लगने से महिला हुई अचेत

**परिजनों ने अचेतावस्था में उपचार के लिए सीएचसी में कराया भर्ती**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पंखे का प्लग निकालते समय महिला को करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गयी। परिजनों ने अचेतावस्था में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुधैया निवासी रीना उम्र 40 वर्षीय पत्नी उमेश कुमार घर में सुबह पंखे का प्लग वोट से निकाल रही थी, उसी दौरान अचानक उन्हें बिजली का करन्ट लग गया। जिससे वह अचेत हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

## डीएम ने की विभिन्न पेयजल योजनाओं की समीक्षा



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में दो कार्यदायी संस्थाएं, मै. जी.वी.पी.आर. एवं मै. वी.टी.एल. गजा द्वारा पेयजल योजनाओं का निर्माण एवं संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। मै. जी.वी.पी.आर. द्वारा अब तक 66 उच्च जलाशयों का निर्माण, 181 पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति तथा 61 योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण किया जा चुका है। इसी प्रकार मै0 वी.टी.एल. गजा द्वारा अब तक 148 उच्च जलाशयों का निर्माण, 100 पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति तथा 158 योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। डीएम ने मै. जी.वी.पी.आर. को निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों को शीघ्रता एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे जनपद के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# नवनिर्मित थाने में अनियमितताओं का बोलबाला

**खराब गुणवत्ता के चलते निर्माण के दौरान चटकी दीवारें**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दुनाया रोड पर थाने का 7 करोड़ रुपये से नवनिर्माण कराया जा रहा है। जिसके निर्माण में भारी अनियमितताओं का बोलबाला है। जबकि अधिकारी नवनिर्मित की लगातार मॉनिटरिंग करते रहते है, लेकिन अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

थाना क्षेत्र के दुनाया रोड पर नवीन थाने का नवनिर्माण हो रहा है। जिस पर 7 करोड़ से अधिक रुपए का टेंडर ठेका विभाग के द्वारा जारी किया गया है। जिस पर लगभग छह माह से लगातार कार्य जारी है। ठेकेदार तथा अन्य जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे है। नवनिर्मित थाने में कई तरीके की अनियमिततायें देखने को मिली है। जिस पर निर्माण शुरू होते ही दीवारें चटकी खड़ी हैं। एक बोरी सीमेंट तथा पांच बोरी गिट्टी मोहर्रम मिलकर मसाला बनाया जा रहा है। जिसके चलते अनियमिततायें साफ देखने को मिल रही हैं। नवनिर्मित थाने का पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने निरीक्षण कर चुकी है। उन्होंने ठेकेदारों को अनियमितताये देखकर खरी खोटी सुनाई थी। वहीं कानपुर मंडल के डीआईजी ने भी निरीक्षण किया था और नवनिर्मित थाने की अनियमितताओं को देखकर क्षेत्र अधिकारी तथा थाना प्रभारी निरीक्षक को राजीव कुमार को समय-समय पर नवनिर्मित थाने का निरीक्षण करते रहने तथा अनियमिताएं सुधरवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



नवनिर्मित थाने की चटकी दीवारें

# चूल्हे की चिंगारी से गृहस्थी जलकर राख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर तक पहुँची। जिससे आग लग गयी और पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गयी।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव डुन्डी नगला कुआँ खेड़ा निवासी विनोद कुमार जाटव पुत्र फूलचन्द्र जाटव की पत्नी रीना अपने घर में चूल्हे से खाना बना रही थी।

चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर तक पहुँच गई और छप्पर धूं-धूंकर जलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग आ गये। ग्रामीणों ने किसी तरह समर आदि से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़िता ने बताया कि घर में खड़ी बाइक व कीमती सामान भी जल गया।



जली पड़ी बाइक

# चोरों ने दो सर्राफा सहित तीन दुकानों से जेवरात व नगदी की पार

**ज्वैलर्स की दुकान से 450 ग्राम चांदी, 10 ग्राम सोना, 19,800 रुपए व चांदी के तीन सिक्के ले गये चोर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया। इतनी बड़ी घटना घटित हो जाने पर स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया है। सूचना पर सीओ सिटी अभय वर्मा व थाना अध्यक्ष अजब सिंह एवं हथियापुर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार यादव ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचा साक्ष्य एकत्रित किये।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला जोगराज स्ट्रीट निवासी मनोज कुमार शर्मा की श्री मंगला गौरी ज्वैलर्स की दुकान है। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर करीब 4 लाख रुपए कीमती सोना व तोड़ियां चोरी कर ली। वहीं मोहल्ला पक्कापुल निवासी दिनेश वर्मा की आशा ज्वैलर्स की दुकान से चोर 450 ग्राम चांदी, 10 ग्राम सोना, 19,800 रुपए व चांदी के तीन सिक्के चोरी कर ले गये। वहीं चोरों ने जन सेवा केंद्र एंड गारमेंट्स की दुकान से लाखों रुपए कीमती कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप, लेमिनेशन मशीन, फिंगर मशीन एवं गारमेंट्स कपड़े चुरा ले गए। नवाबगंज के ग्राम सिलाईया निवासी दुकान मालिक अनुराग वर्मा ने बताया कि जब वह हथियापुर पुलिस चौकी गये तो वहां कोई मौजूद नहीं था। पीड़ित के अनुसार जब सीसीटीवी कैमरा देखा गया तो उसमें तीन चोरी बेलचा से शटर उचकाते देखे जा रहे है। सूचना पर सीओ सिटी अभय वर्मा व थाना अध्यक्ष अजब सिंह एवं हथियापुर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार यादव ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचा साक्ष्य एकत्रित किये।

## टंकी निर्माण होने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत चिलौली में टंकी निर्माण होने के बाद भी ग्रामीड़ो को सप्लाई का पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत चिलौली के ग्रामीणों ने तहसील परिसर में पहुँचकर उप जिलाअधिकारी अतुल सिह को प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा है कि ठेकेदार द्वारा अभी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। कुछ गलियों में पाइपलाइन नहीं डाली गई है और कुछ जगह पाइपलाइन टूट गई है। ग्रामीणों का कहना है कई बार जल निगम से शिकायत की गई। ठेकेदार को भी बोला गया है, लेकिन समस्या समाधान नहीं हो रहा है। इसीलिए ग्रामीणों ने तहसील परिषद में ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रधान प्रतिनिधि शिवम यादव, गंगा देवी, पंकज कुमार, सूरज कोहली, विकास, मीरा देवी, नीतू, दीपक, आशा देवी लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कटर में धार रखते समय निकली चिंगारी से जली गेहूं की फसल

**किसान को 80 हजार रुपये का हुआ नुकसान**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

कटर में धार रखते समय निकली चिंगारी से फसल के ढेर में आग लग गई। जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अगू (नगला भूड़) निवासी विजय सिंह का पांच बीघा खेत गांव के निकट स्थित है। शुक्रवार शाम वह स्वजनों के साथ खेत में कटे पड़े गेहूं को कटवाने के लिए एक जगह इकट्ठा कर लिए। गेहूं काटने के लिए थ्रेसर आने पर चालक मशीन में थ्रेसर के दांत की धार लगाने लगा। धार लगाते समय निकली चिंगारी से उसमें गेहूं के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

जबतक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने बताया कि लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हो गया है। पीड़ित ने तहसील प्रशासन को मामले की सूचना दी।



गेहूं के ढेर में लगी आग

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप में लापरवाही, अधिकारी रहे अनुपस्थित



फार्मर रजिस्ट्री करवाते किसान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

पंचायत भवन में शुक्रवार को आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप में प्रशासनिक लापरवाही सामने आई। कैंप के दौरान अपेक्षित कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 9 अप्रैल को कैंप में आठ किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई थी। इनमें आशुतोष, अर्जुन सिंह, दामोदर पाल, गोविंद राम, उमा दीक्षित, नीरज दीक्षित, सुधीर कुमार सिंह और राकेश शामिल थे। 10 अप्रैल को केवल तीन किसानों संध्या पाठक, शकुंतला और विजय बहादुर की ही रजिस्ट्री हो सकी। कैंप में केवल कृषि विभाग के प्रविधिक सहायक संतोष कुमार और पंचायत सहायक अमरकांत ही मौजूद थे। लेखपाल और सचिव की भी ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन वे निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे। कृषि विभाग के अनुसार कुल 170 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जानी है। इनमें से 50 नाम आदेश सूची में हैं, 21 नाम मिसमैच पाए गए हैं। 6 नाम मृतक सूची में दर्ज हैं और 2 किसान भूमिहीन हैं। अब तक कुल 28 किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से सर्राफा व्यापारी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर जाते समय ई-रिक्शा से टक्कर हो जाने से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज की कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम गोरी नवादा निवासी सर्राफा व्यापारी ३० वर्षीय जावेद खां पुत्र एजाज खां किसी काम से बाइक द्वारा फर्रुखाबाद आया था। घर जाते समय कमालगंज के क्षेत्र के पास एक कोल्ड स्टोरेज के पास ई-रिक्शा से टक्कर हो गयी। जिससे जावेद गंभीर रुप से घायल हो गया। एंबुलेंस से घायल जावेद को कमालगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ मानसिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# तेहिं अवसर सुनि सिवधनु भंगा। आयउ भृगुकुल कमल पतंगा॥



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम और शस्त्र और शास्त्र के

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

समन्वयक का नाम है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से आतताइयों का संहार किया था।



धीरज पाण्डेय, मानवाधिकार प्र.अ.

**धीरज पाण्डेय** ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्म का प्रतीक है। वे चिरंजीवी हैं। भगवान परशुराम को प्रकृति से प्रेम था। वह हमेशा नदियों का संचार एवं प्रकृति प्रेमी भी थे। अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाने वाले विश्व के प्रथम ऋषि थे। उन्होंने धरती पर अत्याचार करने वाले प्रवृत्ति के आतताइयों का संहार कर 21 बार पृथ्वी को गलत प्रवृत्ति के लोगों से मुक्त कराया। अत्याचारीं का नाश करने के लिए जाने जाते हैं।



सोमकान्त अग्निहोत्री, प्रबंधक

देवीदयाल उमाशंकर स्कूल के प्रबंधक **सोमकान्त अग्निहोत्री** ने बताया कि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु का छठा अवतार परशुराम जी को माना गया है। उनका जन्म अक्षय तृतीय के प्रदोष काल में हुआ था। ब्राह्मण ऋषि जमदग्नि व रेणुका के पुत्र थे। इन्हें भगवान शंकर के पर नाम का परशु अस्त्र प्राप्त हुआ था। जिससे इनका नाम परशुराम पड़। परशुराम को महादेव से चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त है।



रोहित तिवारी, निदेशक

महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के निदेशक **रोहत तिवारी** ने बताया कि भगवान परशुराम ने त्रेता, द्वापर युग में रामायण व महाभारत अपनी आखों से देखा और भगवान शिव के अन्यय भक्त थे। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर अपना फरसा प्रदान किया था। भगवान परशुराम न्यायप्रिय थे। महाभारत में उनके शिष्यों द्रोणाचार्य, भीष्म व कर्ण ने अभूत पूर्ण कौशल का प्रदर्शन किया। उन्हें अष्टचिरंजीवियों में से एक माना जाता।

# अंतिम वोटर लिस्ट जारी, कुल 11.74 लाख मतदाता, युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाषित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/मन्त्री/प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाषित निर्वाचक नामावलियों के का वितरण किया। बताया गया कि अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त विधानसभा

| मतदाता विधानसभा की संख्या व नाम | पुरूष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 192 कायमगंज | 193194 | 154771 | 2 | 347967 |
| 193 अमृतपुर | 150771 | 116448 | 4 | 267223 |
| 194 फर्रुखाबाद | 150915 | 127849 | 12 | 278776 |
| 195 भोजपुर | 155608 | 125328 | 3 | 280939 |
| योग | 650488 | 524396 | 21 | 1174905 |

निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में निर्वाचक नामावलियों में मतदाता विधमान है।

डीएम ने बताया कि अन्तिम प्रकाशन दिवस को प्रकाशित होने वाले वाली अन्तिम मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी को निर्वाचक नामावली में जनपद का जेण्डर रेषियों 799 था, जिस पर आयोग के निर्देषों के अनुसार पात्र महिला पंजीकरण के उपरान्त 10 अप्रैल को जेण्डर रेषियों अब बढ़कर 806 हो गया है। जेण्डर रेषियों मे 7 अंकों की बढ़ोत्तरी हुयी है।

आलेख्य प्रकाशन में 06 जनवरी को निर्वाचक नामावली में जनपद का ई0पी0 रेषियों 47.20 था जो 10 अप्रैल को बढ़कर 50.09 हो गया इस प्रकार 2.89 प्रतिशन की बढोत्तरी हुयी है। आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी को निर्वाचक नामावली में 18-19 आयुवर्ग के 2939 मतदाता दर्ज थे



वोटर लिस्ट सौंपते जिलाधिकारी मौजूद अन्य

जो जनपद की अनुमानित 18-जनसंख्या के सापेक्ष 0.21 प्रतिशत था जिस पर आयोग के निर्देशों के अनुरूप कालेजों, विद्यालयों मे विषेश कैम्प लगाकर तथा मोटोवेसन करके पात्र 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं के पंजीकरण किया गया। जिस कारण 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या बढ़कर 10 मार्च 2026 को 14056 हो गयी है, इस प्रकार 0.78 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है।

इस प्रकार विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 में मतदाता सूची को त्रुटिरहित समावेशी एवं अद्यतन करने का कार्य किय गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, भाजपा नेता मुकेश गुप्ता, सपा नेता सुभाष चन्द्र शाक्य, बसपा नेता रामरतन गौतम, कांग्रेस नेता शकुन्तला देवी, आप नेता अचल प्रताप सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्ससिस्ट नेता बलवीर सिंह, अपना दल के नेता चित्रांश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सफल समापन के उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।
जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ स्तर पर प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का विधिवत परीक्षण एवं निस्तारण किया गया। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं तथा अपात्र, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों को विलोपित करते हुए मतदाता सूची को अद्यतन किया गया है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची संबंधित मतदान केंद्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ कार्यालयों तथा निर्धारित माध्यमों पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सभी मतदाता अपने नाम, पते एवं अन्य विवरण की पुष्टि अवश्य कर लें। डीएम ने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला है। इस अवसर पर जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध करा दी गई है।

### आलू की घोर मंदी के चलते मण्डी टैक्स समाप्त करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि आलू किसान इस समय घोरतम मंदी के कारण कई समस्याओं से जूझ रहे है। आलू बेल्ट में अधिकतर जन प्रतिनिधि आलू किसानों के सहयोग से ही भाजपा के सांसद, विधायक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आलू किसानों के हित में व्यापक नीति बनाने की मांग की है। देश के समस्त प्रांतों मे आलू पर मंडी टैक्स माफहै, केवल उत्तरप्रदेश मे आलू पर मंडी टैक्स लगता है। फर्रुखाबाद की सातनपुर मंडी में कर्मचारी आलू की बोली लगाकर बिक्री करते है। सामान्य भाव तीन सौ रुपया कुंतल के आसपास रहता है, जबकि मंडी टैक्स 600 रुपया प्रति कुंतल की दर से वसूल किया जाता है, ताकि पिछले वर्ष की तुलना मे राजस्व गिरावट न हो इस वित्तीय अनियमितता के चलते आलू किसान दोहरी मार झेल रहे है। जिससे किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों मे भारी नाराजगी है।

### प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम 19 अप्रैल को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशाल शैक्षणिक एवं प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम 19 अप्रैल को ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभाभवन में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक अमर पाल लोधी होंगे। आगामी 19 अप्रैल को शिक्षा की अलख जगाने चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत विशाल शैक्षणिक एवं प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आगामी 19 अप्रैल को 11 बजे से शहर के नवभारत सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस अपर आयुक्त भारत सरकार व राष्ट्रीय संयोजक लक्ष्य फाउंडेशन होंगे व विशिष्ट अतिथि इं जवाहरलाल सिंह राजपूत राष्ट्रीय संरक्षक होंगे। कार्यक्रम आयोजक लक्ष्य टीम फर्रुखाबाद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरपाल सिंह राजपूत व जिलाध्यक्ष नवाब सिंह राजपूत ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जनपदों के लक्ष्य टीम के अलावा अन्य प्रांतों से भी लक्ष्य टीम के प्रमुख गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## बार एसोसिएशन में ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन



ईद मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्तागण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को बार एसोसिएशन फतेहगढ़ में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और मीठी सेवईयो से मुँह मीठा किया। बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित, महासचिव कुंवर सिंह यादव एवं उपाध्यक्ष सलीम राजा, कोषाध्यक्ष विनीत कटियार, सदस्य शहजाद अली बंटी उपस्थित रहे। सचिव कुंवर सिंह यादव ने कहा कि ईद एक हर्ष उल्लास का त्यौहार है और हमें भाईचारे का सन्देश देता है। वहीं उपाध्यक्ष सलीम राजा ने बताया कि ईद हमें रमजान के बाद अल्लाह द्वारा दिया गया एक तोहफा है जो सभी को समानता, भाईचारे, प्रेम एवं खुशहाली का सन्देश देता है और हमें सबके साथ मिलजुल कर रहना चाहिए तथा खुशियाँ को बाटना चाहिए। इस अवसर पर जिला जज नीरज कुमार सहित कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



एसडीएम को ज्ञापन देते किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। जिसमें दर्शाया कि यदि समस्याओं का समाधान 15 दिन के अंदर न हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह की अगुवाई में 7 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी संबंधित एसडीएम रविन्द्र कुमार को सौंपा। जिसमें संगठन ने दर्शाया कि बरसात व ओलावृष्टि के कारण किसानों की जो फसलों का नुकसान हुआ है उनका उचित मुआवजा दिलाया जाये। इसके लिए मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल जाकर सर्वे करें। किसानों की फसल का समर्थन मूल एमएसपी के आधार पर गारंटी दी जाये। जिले के किसानों के सभी कर्ज माफ किये जाये। किसानों के इंतखाब में आधार कार्ड के अनुसार नाम लिंक व अंकित किये जाये। लिंक एक्सप्रेस खिमसेपुर (नंदगांव) से होकर बनाया जा रहा है। जिसमें नंदगांव आबादी क्षेत्र है। लोगों के मकान बने हुए है। इस कारण उक्त लिंक एक्सप्रेस-वे का कट उतार-चढ़ाव आबादी क्षेत्र से बनाया जाये। नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में जो जमीन सर्किल रेट है वही रेट नगर पंचायत खिमसेपुर में भी दिलाया जाये। जनपद में आलू कास्तकारों को उचित मूल्य दिलाया जाये तथा रेक द्वारा आलू बाहर भेजा जाये। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर निस्तारण न हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के अलावा प्रभाकांत मिश्रा, तिलक सिंह, सुखराम, मनोज दुबे, अजय पाल सिंह, उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निःशुल्क पुस्तकें वितरित



बच्चों को पुस्तकें वितरित करते प्रधानाध्यापक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित कर दी गई है। नवीन सत्रारंभ में ही बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें मिलने पर जहां एक ओर बच्चे खुश नजर आए। वहीं दूसरी ओर जयवीर, सत्यवती, सनोज, पिंकी देवी आदि अभिभावकों ने भी सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि इस बार नवीन सत्र शुरु होते ही सभी कक्षाओं में निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। उन्होंने बताया कि इस बार डीबीटी की 1200 रुपये की धनराशि भी जल्द ही मिल जायेगी। उन्होंने अभिभावकों से सभी बच्चों को नियमित समय से स्कूल भेजने का अनुरोध किया तथा स्कूल में नवीन नामांकन कराने में भी सहयोग की अपील की।

### शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण कराने की मांग



ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य एवं मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह, जिला महामंत्री अर्जुन प्रताप सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। डीआईओएस संबोधित ज्ञापन में दर्शाया कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निस्तारण किया जाये। माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर अपनी मांगों को लेकर निस्तारण हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसमें एनपीएस योजना से अच्छादित शिक्षक कर्मचारियों के एनपीएस कटौती, राज्यांश मय ब्याज के आगणित कराकर उसे अपडेट कराया जाये। एनपीएस योजना से ओपीएस में शामिल शिक्षकों के एनपीएस कटौती राशि को उनके जीपीएफ खाते में जमा किया जाये। विषय विशेषज्ञ शिक्षक साथियों को पुरानी पेंशन में शामिल होने पर विकल्प पत्र शीघ्र भराकर निदेशालय प्रेषित किया जाये। परिषदीय परीक्षा के हर प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान शीघ्र कराया जाये। इस मौके पर मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, जिला मंत्री अर्जुन प्रताप सिंह, अजय पाल सिंह, शैलेन्द्र यादव, सुब्रत शाक्य, अनिल कुमार शाक्य, रमेश कुमार, पवन वर्मा, पुष्पेन्द्र, मोहित कटियार, संजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बा अमृतपुर स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आशा कार्यकर्ता कुंती देवी, निरमेश, मुन्नी, निशा, मालती तथा संगिनी पूजा और सीता ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वास्थ्य शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों और ऐसे परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिनमें 6 यूनिट सदस्य हैं। कस्बा अमृतपुर निवासी करन पुत्र मनोज, आशीष पुत्र मनोज, केशव पुत्र जितेंद्र और सूर्यांश पुत्र वीरपाल के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आशा कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि जिन परिवारों में 6 सदस्य हैं या जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है, वे इस



शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाते लोग

शिविर में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का भी निशुल्क उपचार संभव है। कार्ड धारकों को अस्पताल में भर्ती, दवाइयों, जांच और ऑपरेशन जैसी सुविधाएं बिना किसी खर्च के मिलती हैं। यह सुविधा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करती है। इस शिविर के माध्यम से लोगों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## खानपुर में लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच प्रशासन ने किया सीमांकन



सीमांकन के दौरान मौजूद राजस्व कर्मी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खानपुर क्षेत्र में सेक्टर मार्ग 244 को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच बुधवार को प्रशासन ने सीमांकन की कार्यवाही करायी। यह कार्रवाई राजस्व निरीक्षक श्याम बाबू की मौजूदगी में गठित पैनल द्वारा संपन्न हुई। जिसमें लेखपाल रघुवंश प्रताप सिंह, गौरव अग्निहोत्री एवं क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद शुक्ला शामिल रहे। बताया गया कि संजीव कटियार पुत्र प्रकाश चंद्र कटियार ने जिलाधिकारी से सेक्टर मार्ग के सीमांकन को लेकर शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मार्ग का सीमांकन किया। सीमांकन के दौरान मार्ग के पूर्वी और पश्चिमी दोनों छोर सहित कुल चार बिंदुओं को चिन्हित किया गया। कार्रवाई के बाद प्रार्थी संजीव कटियार ने मांग की है कि जांच टीम द्वारा पूर्वी सीमा पर जो स्वप्निल कटियार उर्फ सचिन कटियार द्वारा अतिक्रमण पाया गया है, उसे जल्द से जल्द हटाया जाए।

### दबंगों ने जबरियां प्लाट पर किया कब्जा, शिकायत एसपी से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्लाट पर जबरियन कब्जा करने व पीड़ित की मां के साथ मारपीट करने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी निकित यादव पुत्र राजवीर यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसका एक प्लाट डीएम ऑफिस के पास है, जिसके निर्माण हेतु मैंने व मां शीला देवी 9 अप्रैल को प्लाट पर गई। वहीं पर पहले से मौजूद अजय यादव पुत्र अशोक यादव, हर्षित यादव पुत्र अजय यादव नि0 ग्वालटोली फतेहगढ़ ने प्लाट पर मुझे व मेरी मां को नहीं जाने दिया और गाली-गलौज किया। मना करने पर मारपीट करने लगे। जब घटना की सूचना डायल 112 पर दी और पुलिस ने पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने आने को कहा। जब मैं मां के साथ थाने गया तो मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने प्लाट से कब्जा हटवाने व दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## हिन्दू समाज पार्टी के ज्ञानेन्द्र सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दीपक द्विवेदी बने प्रदेश प्रवक्ता




मनोनयन पत्र प्राप्त करते ज्ञानेन्द्र सिंह छोटे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी के आदेशानुसार लखनऊ पहुंचकर प्रदेश कमेटी घोषित की। अंकित तिवारी ने प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित बैठक में कमेटी घोषित करते हुए फर्रुखाबाद निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह छोटे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अधिवक्ता डॉ. दीपक द्विवेदी को प्रदेश प्रवक्ता/कोषाध्यक्ष व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अंकित भारद्वाज को घोषित किया है। कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जैन, देवेश पाठक, महेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, विशाल गुप्ता, महंत वीरेन्द्र दास, आलोक तिवारी को बनाया गया है। प्रदेश महामंत्री का दायित्व मुदित शुक्ला, राणा अंकुर सिंह, योगी आलोक नाथ को बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता/कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. दीपक द्विवेदी को दी गई है। प्रदेश मंत्री का दायित्व आदित्य कुमार, जयप्रकाश यादव, पुनीत चतुर्वेदी, मदन तिवारी, मयंक मिश्रा, मुलायम सिंह यादव, वैभव पाण्डेय, रितिक गुप्ता, राहुल यादव, अर्पित दुबे, विकास दुबे, संजय शर्मा को दी गई है। विकास मिश्रा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अंकित भारद्वाज बनाये गये है व कार्यालय मंत्री सनोज कनौजिया बने। राष्ट्रीय अध्यक्षा किरन कमलेश तिवारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। 26 सदस्यीय टीम की घोषणा राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा के संयोजन में हुई। संचालन प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने किया। राष्ट्रीय सचिव श्रीकांत द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत लोगों को किया जागरुक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



ग्रामीणों को सम्मानित करते विधायक

नवाबगंज के वार्ड नंबर 7 अवंती बाई, वार्ड नंबर 13 नेहरू नगर मंझना सादिकपुर में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में गांव चलो अभियान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की सभी योजनाओं लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, गरीबों को राशन, उज्जवला गैस योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चारों तरफ सड़कों का विकास हो रहा है। गांव में लोगों के लाभ मिल रहा है। वहीं विधायक सुशील शाक्य ने बुजुर्ग लोगों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, पूर्व जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, अतुल सिंह गंगवार, राजीव चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, अरविंद सिंह राजपूत, आकाश ठाकुर, आकाश गुप्ता, शिवमंगल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रचार-प्रसार तेज

**13 अप्रैल को निकाली जायेगी विशाल बाइक रैली**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रचार करते शिक्षक नेता

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की टीम ने लगातार पांचवें दिन टेट अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन को और गति देते हुए विकास खण्ड बढ़पुर और नगर क्षेत्र में सघ न संपर्क अभियान जारी रखा। महासंघ के संयोजक भूपेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ, संगठन मंत्री श्याम कुमार सिंह, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी मनोज त्रिवेदी, धर्मेंद्र शाक्य, अनुपम दुबे, गोविंद सिंह आदि पदाधिकारी ने नगर क्षेत्र के विश्व निकेतन जूनियर हाई स्कूल शांतिनिकेतन जूनियर हाई स्कूल प्राइमरी भरतपुर एवं कंपोजिट बढ़पुर तथा विकास क्षेत्र बढ़पुर में जूनियर स्कूल लेकर प्राइमरी स्कूल लकूला, प्राइमरी चांदपुर बालक, बालिका, अमेठी कोहना, प्राथमिक सोता बहादुरपुर तथा कटरी सोता बहादुरपुर में दर्जनों विद्यालयों के शिक्षकों से बाइक रैली में अधिक से अधिक संख्या में आने का अनुरोध किया। शिक्षिकाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने इस आंदोलन में तथा नौकरी में बार-बार थोपे जा रहे हैं नए नियमों का विरोध करने का आश्वासन दिया। भूपेश पाठक ने कहा की 23 अगस्त 2011 से पूर्व सभी नियुक्त शिक्षकों पर डेट लागू नहीं होना होने दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक दिल्ली तक लड़ाई लड़ने को तैयार है।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर अचरा मण्डल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गांव व बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत अचरा मंडल के गुठिना ग्राम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक व जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के ऋषि पाल सिसोदिया रहे। शक्ति केंद्र संयोजक मुकेश दुबे, धर्मेन्द्र राजपूत, अचरा मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार ने बुजुर्गों को सम्मानित किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनेगा और हर व्यक्ति के यहां तरक्की होगी और भारत विश्व गुरु बनेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### भागवत कथा ने पाया विराम भण्डारे का हुआ आयोजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गदनपुर आमिल में भागवत कथा ने विराम पाया। भक्तों ने हवन में आहूतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की और बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य यजमान गंगाचरन पाल ने हवन में आहूति देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की और भण्डारे का शुभारंभ कराया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। गदनपुर देवराजपुर, नौगमा, बिचपुरी आदि गांव के भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधान रघुनन्दन पाल, रामरतन टेलर, सुरेश पाल, रामचक्र शंखवार, निर्जेश शंखवार, गुरुचरन आजाद, अहिलकार, रघुनाथ पाल, भिकारी लाल, रामदास शंखवार, अवधेश शंखवार, राजीव गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, प्रताप सिंह, उमेश चन्द पाठक, मनोज दिवाकर, वीरपाल, राकेश पाल आदि मौजूद रहे।

## परख समग्र विकास के लिए ज्ञान प्रदर्शन के तहत सर्वे का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

परख समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण परख सर्वे के तहत स्कूली छात्रों के सीखने में सुधार लाना, गुणवत्ता व पढ़ने की क्षमता में वृद्धि करना और मूल्यांकन के लिए एक समान मानक स्थापित करना है। डाइट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को जनपद में परख सर्वे व एफएलएस फील्ड इन्वेस्टीगेटर डायट प्रशिक्षु ने 154 नामांकन सर्वे में सम्मलित कुल विद्यार्थी 60, कुल विद्यालय 6 एवं कक्षा 03 के छात्रों का सैंपल सर्वे शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सर्वे में डाइट के प्रशिक्षु लगाए गए थे तथा इसमें डाइट की ओर से दो जनपद स्तरीय डीएलसी नियुक्त किए गए थे। डायट प्रवक्ता अनिल सिंह एवं डायट प्रवक्ता निधि, डाइट प्राचार्य अनुपम अवस्थी की देखरेख में यह सर्वे शांतिपूर्वक और बेहतर ढंग से कराया गया। डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि परख एक राष्ट्रीय मूल्यांकन



सर्वे के दौरान मौजूद डायट प्राचार्य

नियामक है, जिसका अर्थ है प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण, परख समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण, परख सर्वे का उद्देश्य देश के स्कूली छात्रों के सीखने में सुधार लाना, गुणवत्ता व पढ़ने की क्षमता में वृद्धि करना और मूल्यांकन के लिए एक समान मानक स्थापित करना है।

## अतुल दास प्रकरण को लेकर डीआईओएस ने प्रबंधक व प्रधानानाचार्य को दिया नोटिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने क्रिश्चियन इंटर कालेज में कार्यरत अतुल दास एंथोनी शारीरिक शिक्षक को प्रवक्ता पदनाम प्रदान किये जाने संबंधित प्रकरण में कार्यालय प्राप्त कराने के लिए प्रबंधक व प्रधानाचार्य को निर्देश दिये है। डीआईओएस द्वारा दिये गये पत्र में बताया गया है कि प्रबंधक व प्रधानाचार्य क्रिश्चियन इंटर कालेज सभी प्रकरण प्रबन्ध समिति की वार्षिक बैठक में निस्तारित किए जाते हैं। यह अत्यन्त खेद जनक है कि शासन/विभाग द्वारा दिए जाने वाले लाभ से आपके विद्यालय का शिक्षक वंचित है, और कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने पत्र जारी कर विद्यालय में कार्यरत अतुल एन्थोनी दास शीरीरिक शिक्षक को प्रवक्ता पद्नाम प्रदान किए जाने सम्बन्धी प्रकरण इस कार्यालय में प्राप्त कराये जाने का निर्देश दिये है। किन्तु अभी तक अतुल एन्थोनी दास का प्रकरण इस कार्यालय में प्राप्त न कराते हुए प्रकरण को अनावश्यक लम्बित किया जा रहा है। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर अतुल एन्थोनी दास शारीरिक शिक्षक का सम्बन्धित प्रकरण इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि एक सप्ताह के भीतर उक्त प्रकरण इस कार्यालय में नहीं कराया जाता है तब ऐसी स्थिति में आपके विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## खबरें एक नजर में

### नकहा में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ, रैली निकालकर दिया शिक्षा का संदेश



**नकहा (खीरी)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र नकहा में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साह और जनसहभागिता के बीच किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों की जागरूकता रैली को विधायक योगेश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल बच्चों और शिक्षकों ने 'स्कूल चलो' के नारों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और नामांकन दर में बढ़ोतरी करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी स्कूलों में अवश्य कराएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस मौके पर नए शैक्षणिक सत्र के तहत छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। किताबें मिलने से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संगीता यादव, खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सरोज, प्राथमिक शिक्षक संघ नकहा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा, पूर्व माध्यमिक ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुशील वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक अवस्थी, संदीप मौर्य, अटेवा संयोजक विश्वनाथ मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रधान और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### चंद्रगुप्त मौर्य जयंती पर भव्य शोभायात्रा, गाजे-बाजे के साथ उमड़ा जनसैलाब



**निघासन (खीरी)।** चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती (345 ईसा पूर्व, बैशाख प्रथम अष्टमी) के अवसर पर शुक्रवार को प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद की जिला इकाई लखीमपुर के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं बाइक–कार रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो उठा। शोभायात्रा की शुरुआत ढखेरवा चौराहे से हुई, जहां से बाइक और कारों का काफिला करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पलिया रोड स्थित लोनियनपुरवा मोड़ के पास निर्माणाधीन सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य स्मारक स्तंभ तक पहुंचा। इस दौरान गाजे–बाजे, ढोल–नगाड़ों और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। रैली में शामिल लोगों ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के जयकारे लगाए और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। रास्ते में जगह–जगह स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम का समापन स्मारक स्थल पर आयोजित सभा के साथ हुआ। वक्ताओं ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन, उनके शौर्य और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, बसपा जिलाध्यक्ष मनमोहन मौर्य, पारस मौर्य, डॉ. पंकज मौर्य, राजू गुप्ता, सुरेंद्र यादव भंडारी, बेनजीर उमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट उमेश मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष आशीष मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत मौर्य, मंडल अध्यक्ष सोबरन लाल मौर्य, जिला प्रभारी तोताराम मौर्य, जिला अध्यक्ष पंकज कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अनिल मौर्य, जिला सचिव राजन मौर्य व राम सिंह मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। रैली का मार्ग राम गोपाल के आवास से शुरू होकर ढखेरवा मार्केट, सिसैया, खरवाहिया, रकेहटी, निघासन होते हुए लुधौरी के आगे निर्माणाधीन स्मारक स्थल तक रहा, जहां सभा एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर को विदाई, बार एसोसिएशन ने दी भावभीनी शुभकामनाएं



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर के गैर जनपद स्थानांतरण पर एक गरिमामय एवं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष राम कुमार गौतम ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने किया। शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित इस समारोह में अधिवक्ताओं ने श्री राठौर के कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में अरुण सिंह राठौर ने कहा कि गोला में बिताया गया समय उनके जीवन के यादगार पलों में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय संचालन में बार के सभी सदस्यों का सहयोग और स्नेह हमेशा स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बार अध्यक्ष राम कुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी, सुरेश चंद गुप्ता, विमल श्रीवास्तव, विजय शुक्ला, रिंकू, राम जी लाल दीक्षित, संजय मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुधीर कुमार सक्सेना, अशोक गुप्ता, सुमित गिरी, राजेश गिरी (नोटरी), संत कुमार भारती, नरेश सिंह भदौरिया, राम स्वरूप सिंह एवं विजय वर्मा समेत कई अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, संयुक्त मंत्री जगवीर सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, रजनी सिंहा, संजय मिश्रा, कामता चौधरी, हरिनाम पांडे, सुरेश शर्मा, जय गोविंद राठौर, पुनीत सिंह, यूसुफ अली, रामू, कालिका मौर्य, विजेंद्र यादव, राम कृष्ण मिश्रा सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने श्री राठौर को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल भविष्य की कामना की।

### बाइक के धक्के से किशोर घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केडवर गांव में शुक्रवार की दोपहर तेजगति से आ रहे बाइक के धक्के से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पीआरवी 112 पर दिया मौके पर पहुँचे पीआरवी कर्मियों ने एम्बुलेंस सेवा 108 से घायल किशोर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया । जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद किशोर के पैर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है । हलिया थाना क्षेत्र के केडवर गांव निवासी 13 वर्षीय कलक्टर पैदल सड़क पर जा रहा था की तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने किशोर को धक्का मार दिया जिससे किशोर घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पीआरवी 112 व एम्बुलेंस सेवा 108 पर दिया । मौके पर पहुँचे पीआरवी 112 के कर्मियों व एम्बुलेंस वाहन के चालक दिलीप यादव व ईएमटी राजकुमार ने गंभीर रूप से घायल किशोर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये । जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पैर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है धक्का मारने वाले बाइक चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौप दिया है।

### पीटीओ ने स्कूल वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा ड्राइविंग लाइसेंस किया जांच

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित सिद्धि शांति जूनियर हाई स्कूल पर शुक्रवार को परिवाहन विभाग के पीटीओ महेंद्र पाण्डेय ने पहुंचकर बच्चों को लेकर आने जाने वाले स्कूली वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, वाहन के बीमा, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच किया है इतना ही नहीं स्कूली वाहनों में जीपीएस, अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, इमरजेंसी गेट, आदि की जांच किया है पीटीओ ने कहा की स्कूली वाहनों के फिटनेस, बीमा, आदि कागजात जांच करने का मुख्य कारण यह है की बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं की जायेगा बिना फिटनेस,परमिट, बीमा के वाहनों से बच्चों को लेकर आता जाता हुआ पाया जायेगा। तो संबंधित स्कूल के प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने साफकहा है की मानक पुरे न करने वाले वाहनों का पंजीयन परमिट निरस्त होगा और स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार माना जायेगा।

---

**मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

# खीरी में 25.51 लाख वोटर, एक हफ्ते तक निरीक्षण का मौका

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत शुक्रवार को जनपद में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर तैयार सूची के अनुसार अब जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 25,51,741 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 340 मतदान केन्द्र, 3283 मतदेय स्थल तथा 3283 बीएलओ हैं एवं आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल मतदाता 2384070 थे कुल परिवर्धन 188386, तथा कुल अपमार्जन 20715 के उपरान्त अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल मतदाता 2551741 हैं।

**दलों को सौंपी गई सूची**

अंतिम प्रकाशन के अवसर पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे जिला स्तर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की सॉफ्ट व हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई। बैठक में कांग्रेस के जिला सचिव राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, बसपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर गौतम, भाकपा (माले) के जिला सहसचिव राजेन्द्र प्रसाद यादव, सपा के जिला सचिव मो. उमर एडवोकेट, भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री गंगाराम एडवोकेट, अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा व जिला उपाध्यक्ष अनिल वर्मा तथा आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हासिम सिद्दीकी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**एक सप्ताह तक कर सकेंगे निरीक्षणः** अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। मतदाता यहां जाकर अपना अथवा अपने परिजनों का नाम आसानी से सत्यापित कर सकते हैं।जनसामान्य अपनी सुविधा के अनुसार मतदाता सूची का अवलोकन जिला प्रशासन की वेबसाइट– https://kheri.nic.in/, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट– https://ceouttarpradesh.nic.in/ पर भी कर सकते हैं।

### योगी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मैलानी के ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान तेज



**मैलानी-खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मैलानी नगर में ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी और पत्रक वितरित किए। अभियान के तहत सेक्टर-01 के बूथ संख्या 1 से 11 तक कार्यकर्ताओं ने व्यापक जनसंपर्क किया। लोगों को योगी सरकार के नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया गया। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं वृद्धजनों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया गया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय जनता ने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए हर बार योगी सरकार और भारत माता की जय के नारे लगाए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, प्रताप सिंह रावत, सरस्वती धुरिया, शिव गोविंद कुशवाहा, अजीत सक्सेना, सतीश गुप्ता, अमित शर्मा, माधव गोपाल, खूब चंद्र, फरहान खान सहित बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुलरिया चीनी मिल का पेराई सत्र सम्पन्न, 139.69 लाख कुंतल गन्ने की पेराई

**बिजुआ खीरी।** गुलरिया स्थित बलरामपुर चीनी मिल का पेराई सत्र 2025-26 शुक्रवार सुबह 7 बजे सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। इस सत्र में मिल द्वारा कुल 139.69 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। पेराई सत्र के समापन पर मिल प्रशासन ने क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। मिल प्रबंधन के अनुसार, सत्र के दौरान किसानों के सहयोग से संचालन सुचारू रूप से चलता रहा, जिसके लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया गया है। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई गई है। मिल द्वारा 29 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य 28 करोड़ 28 लाख 31 हजार रुपये किसानों के संबंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मिल द्वारा अब तक किसानों के खातों में कुल 5 अरब 51 करोड़ 6 लाख 7 हजार रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। मिल प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया है कि शेष भुगतान भी जल्द ही नियमानुसार कर दिया जाएगा।

## महिलाओं से मारपीट का मामला गरमाया, सपा प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद लखीमपुर खीरी ब्लाक निघासन सिंगाही थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव में महिलाओं के साथ हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल नौरंगाबाद गांव पहुंचा और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित महिलाओं का हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान सपा नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। सपा नेताओं ने प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मामले में लापरवाही बरती गई तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, हाजी आर.एस. उस्मानी, डॉ. बेनजीर उमर, अनुराग पटेल, रामपाल यादव सहित सपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा पर सिंगाही पुलिस की सख्ती, ओवरहाइट वाहनों पर कसा शिकंजा

**निघासन (खीरी)।** निघासन क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सिंगाही पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। शुक्रवार दोपहर सिंगाही–बेलरायां स्टेट हाईवे पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत पुलिस ने चीनी मिल बेलरायां की ओर जा रहे ओवरहाइट गन्ना लदे चार ट्रकों को रोककर उनका चालान किया। जांच में सामने आया कि ये वाहन निर्धारित मानकों से अधिक ऊंचाई तक गन्ना लादकर



चल रहे थे, जो न केवल दुर्घटना को न्योता देता है, बल्कि अन्य राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालता है। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग और ओवरहाइट जैसे नियमों का उल्लंघन अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही भविष्य में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सिंगाही थाना के उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है और ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे। पुलिस की इस सख्ती से जहां आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है, वहीं नियमों को नजरअंदाज करने वाले वाहन चालकों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

**चैंपियंस कप सीजन-2 का शुभारंभ**

## पहले ही दिन रोमांचक मुकाबले पीहू पैंथर्स की 10 विकेट से बड़ी जीत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने रॉयल फ्रूडेंस डिग्री कॉलेज मैदान पर चैंपियंस कप सीजन 2 का शुभारम्भ किया, उद्घाटन मुकाबले में पीहू पैंथर्स ने रायबरेली क्रिकेट अकादमी को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की, रायबरेली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन पर सिमट गई जिसमें आयुष ने 47 गेंदों पर 56 रन बनाए जबकि सूर्य कटियार ने तीन विकेट लिए, जवाब में पीहू पैंथर्स ने 7.1 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया, तनु ने नाबाद 62 और शशि ने नाबाद 36 रन बनाए। दूसरे मैच में श्री कुंज पैथोलॉजी स्ट्राइकर को रॉयल क्रिकेट अकादमी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 230 रन बनाए जिसमें अभिषेक ने 39 गेंदों पर 65 और अतीक ने 33 गेंदों पर 51 रन बनाए, गेंदबाजी में शिव ने तीन विकेट लिए, जवाब में श्री कुंज पैथोलॉजी स्ट्राइकर की टीम 16.2 ओवर में 104 रन पर ऑल आउट हो गई, इशू ने 22 रन बनाए जबकि नासिर मलिक ने तीन और राजदीप ने दो विकेट लिए तीसरे मुकाबले में गोला क्रिकेट अकादमी ने न्यू फैमिली बाजार टाइटंस को हराया, गोला क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 163 रन बनाए जिसमें राज्य जायसवाल ने 42 गेंदों पर 71 रन बनाए, जवाब में न्यू फैमिली बाजार टाइटंस की टीम 127 रन ही बना सकी, अंश शुक्ला ने 49 रन बनाए जबकि अभय ने तीन विकेट लिए। चौथे मैच में रायबरेली क्रिकेट अकादमी ने ईडन क्रिकेट अकादमी को पराजित किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए रायबरेली ने 20 ओवर में 161 रन बनाए, आयुष ने 29 और आश्रित ने 27 रन का योगदान दिया, गेंदबाजी में अंशुमान शुक्ला ने तीन और फैसल शाह ने दो विकेट लिए, जवाब में ईडन क्रिकेट अकादमी की टीम 11.2 ओवर में 90 रन पर सिमट गई, अंशुमान शुक्ला ने 28 रन बनाए जबकि आदर्श ने तीन और रिशु व साहिल ने दो-दो विकेट झटके, मैच के दौरान श्याम मोहन श्रीवास्तव मनीष बंसल पीयूष अवस्थी उत्कर्ष अवस्थी धर्मवीर सिंह और आदर्श पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शादी-विवाह के सीजन में गैस सिलिंडर के लिए लोग परेशान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिया प्रार्थना पत्र



**हलिया (मिर्जापुर )।** क्षेत्र में शादी–ब्याह के सीजन के बीच एलपीजी गैस को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को एलपीजी सिलेंडर के लिए एसडीएम से गुहार लगाने पहुंचे, उसका गांव के हरिशंकर, बामी के जमाल अहमद और मोहम्मद अयान, लालगंज के हीरालाल, नौगवां के राजेश कुमार ने बताया कि घर में शादी पड़ी है और गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है।इन लोगों ने सिलिंडर के लिए प्रार्थना पत्र दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने सप्लाई इंस्पेक्टर राज सिंह यादव को इसके लिए आवश्यक निर्देश दिया है। सप्लाई इंस्पेक्टर राज सिंह यादव ने बताया कि गैस एजेंसी के मैनेजरों को पत्र देकर शादी विवाह में जरुरतमंदों को कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया है।बता दें कि इंटरनेट मीडिया ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि शादी और घरेलू समारोहों के लिए गैस सिलेंडर की कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की जाएगी।शादी के पीक सीजन में गैस की मांग अचानक बढ़ गई है, लेकिन सप्लाई उसी हिसाब से नहीं बढ़ पाई। लोगों का कहना है कि गैस बुकिंग के बाद भी 8–10 दिन तक सिलेंडर नहीं मिल रहा, जिससे घरों के साथ–साथ शादी वाले परिवारों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोग मजबूरी में महंगे दामों पर गैस का इंतजाम कर रहे हैं।

## ग्राम चौपाल में अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिया निस्तारण का आश्वासन

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बसकोप व गजरिया के पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लॉक अधिकारियो ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन दिया है । ग्रामीणों की शासन की योजनाओ की जानकारी दिया है । ग्राम पंचायत बसकोप के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य रामगोपाल तिवारी व एडीओ एसटी सुशील कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को सुना जिसमें ग्रामीणों ने भूमि के पट्टे की मांग किया हर घर नल योजना की पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत प्रमुखता से रखा। जिस पर नोडल अधिकारी के प्रतिनिधि ने समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है ग्राम चौपाल में उपस्थित कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग के योजनाओ की जानकारी दिया है इसी प्रकार ग्राम पंचायत गजरिया के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल मे जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया है ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की मांग किया है इस दौरान ग्राम प्रधान बसकोप सुरेश दुबे, सचिव गौरव राणा, सुनील चतुर्वेदी, गोविन्द गौड़ आदि मौजूद रहे।

### टक्कर मारने पर दोनों बाइक चालक घायल

**हलिया (मिर्जापुर )।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया–लालगंज मार्ग पर बसुहरा गांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार व अनियंत्रित बाइक चालक ने आगे चल रही दूसरी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक चालक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद अंतर्गत गिदहवा खमारडीह गांव निवासी बृजभान (26) लालगंज से हलिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बसुहरा गांव के समीप पहुंचे, आगे चल रहे बसुहरा गांव निवासी कौशल सिंह (50) की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप यादव व कांस्टेबल राजेश मौर्य ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए पीएचसी हलिया भेजवाया। घायलों का प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा उपचार किया गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, महिला घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में गुरुवार की रात्रि में पुरानी रंजिस को लेकर एक व्यक्ति ने महिला को लाठी ठंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे महिला के दाहिने अँख में गंभीर चोटे आई है। महिला को पीएचसीहलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर रेफर कर दिया है। महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी 80 वर्षीय महुरी कोल ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बताया है की पुरानी रंजिस को लेकर गांव निवासी संतलाल कोल गुरुवार की रात्रि करीब दस बजे सड़क किनारे गाली गलौज करने लगा की मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगा।

## फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**




ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में एक प्रिंटिंग प्रेस के भीतर फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने की सूचना पर गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब पुलिस चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई। फिनटेक कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक अमित मिश्रा की तहरीर पर पुलिस प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर पहुंची और वहां कार्य कर रहे चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई।इस संबंध में जिला समन्वयक अमित मिश्रा ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज में फर्जी ढंग से एक प्रिंटिंग प्रेस में आधार कार्ड बनाया जा रहा है।जिसकी जांच पड़ताल करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ गुरुवार दोपहर प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंचा तो वहां फर्जी आईडी पर आधार कार्ड बनाया जा रहा था। तीन सौ रुपए देकर अपने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलवाया तब जाकर मामले की पुष्टि हुई। जिला समन्वयक ने सरकार की आंखों में धूल झोंककर कूट रचना कर फर्जी आईडी से आधार कार्ड बनाने वाले के विरुद्ध जनहित में कार्रवाई की मांग की। तहरीर पर एसआइ विनोद कुमार सिंह, एसआइ रामविशाल,हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर पहुंचे जहां से चार युवकों को पकड़कर थाने ले गए।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि फिनटेक कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक की तहरीर पर आधार कार्ड बनाने वाले युवकों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच लाख की गृहस्थी जली

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र जगदीशपुर गांव में शुक्रवार दोपहर बाद उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मोहम्मद अली के मकान में अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। लोगों ने उपलब्ध संसाधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि प्रयास नाकाम साबित हुए। इस अग्निकांड में गृहस्थी का सारा सामान, लगभग 12 कुंतल सरसों, 22कुंतल गेहूं, कूलर, पंखा, गैस सिलेंडर सहित अन्य घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। वहीं मकान में संचालित दुकान का सामान भी आग की भेंट चढ़ गया, जिसमें करीब 25 पेटी कोल्ड ड्रिंक , कपड़े तथा अन्य सामग्री शामिल है। प्रारंभिक आकलन में लगभग 5 लाख रुपये तक की क्षति बताई जा रही है।आग की तेज लपटों ने पड़ोस के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसी हैदर अली के घर में रखा गेहूं, चावल, पंपसेट, कपड़े आदि भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें भी भारी नुकसान उठाना पड़ा।सूचना पर आधे घंटे बाद पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।